WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, रविवार, 14 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- नवमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 234 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

प्रजातंत्र के सबसे बड़े और पवित्र मंदिर संसद में देश की जनता ने अपना नुमांइदा चुनकर जिन लोगों को भेजा है उनकी हरकतें देखकर वे शर्म से पानी पानी हो जाती हैं। संसद परिसर में सिगरेट फूंकते हुए कोई माननीय गाता फिरता है - दम मारो दम मिट जाये गम... तो कोई खैनी खाते पकड़ा जाता है। कोई बड़ी बात नहीं की सिगरेट में गांजा भरकर उसके कस लगाते हों या कोई माननीय ड्रग्स का नशा करके आता हो। नशे के गुलाम इन नसेडी माननीयों को कौन समझाए कि नशा नाश की जड़ है भाई फल इसका अति दुखदाई।

बस्तर को देश का सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनाएंगे : शाह

जगदलपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संभाग स्तरीय बस्तर ओलिंपिक के समापन समारोह में हर घर रोशन प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। शाह ने कहा कि 31 मार्च 2026 को देश नक्सल मुक्त होगा। नक्सलवादी इस क्षेत्र के विकास पर नाग बनकर फन फैलाए बैठे थे। इससे बस्तर का विकास रुका था। शाह ने कहा कि अगले 5 साल में हम बस्तर को देश का सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनाएंगे। बस्तर के लोगों को घर-घर बिजली मिलेगी। हर घर में पानी पहुंचाने का काम किया जाएगा। विकसित बस्तर की संस्कृति दुनिया भर में सबसे खूबसूरत है। शाह ने कहा कि अब हर व्यक्ति के घर में सुविधाएं होंगी। 5 किमी के क्षेत्र में बैंकिंग सुविधा होगी। वन उपज के लिए प्रोसेसिंग के लिए यूनिट लगेंगे। बस्तर के जिले डेरी के माध्यम से दुग्ध उत्पादन करेंगे। बस्तर के अंदर नई इंडस्ट्री, अस्पताल समेत अन्य चीजें लगेंगी। मंच से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सलवाद आखिरी सांस ले रहा है। नक्सलवाद जल्द ही खत्म हो जाएगा। गृहमंत्री शाह ने नक्सलवाद के खात्मे के लिए 31 मार्च 2026 तक की डेडलाइन तय की है, जो छत्तीसगढ़ के लिए खुशी का पल है।

2 हजार से ज्यादा नक्सली युवा सरेंडर किए- शाहः शाह ने कहा कि जिन्होंने ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

गृहमंत्री के सभा की बड़ी बातें

- 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलमुक्त होगा।
- नक्सलवाद ने बस्तर के विकास को रोका।
- बस्तर को सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनाएंगे।
- नक्सल खत्म होते ही विकास की नई शुरुआत होगी।
- हर घर तक बिजली पहुंचाई जाएगी।
- हर घर में नल से पानी मिलेगा।
- 5 किमी के दायरे में बैंकिंग सुविधा होगी।
- वन उपज के लिए प्रोसेसिंग यूनिट लगेंगी।
- डेयरी के जरिए दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा।
- बस्तर में नई इंडस्ट्री और अस्पताल खुलेंगे।
- सरेंडर नक्सलियों के लिए विशेष योजनाएं।
- 700 से ज्यादा सरेंडर नक्सली खेलों में शामिल।
- सरेंडर नक्सलियों का ताली बजाकर स्वागत करें।
- हथियार छोड़कर सम्मान की जिंदगी अपनाने की अपील।

देश की भूमि को नक्सलवाद मुक्त कराना है- शाह

शाह ने कहा कि मैं आज बस्तर आया हूं, मुझसे ज्यादा आनंद और किसी को नहीं होगा। भाइयों और बहनों मैं 2024 में आया था। 25 में आया और 26 में भी आऊंगा। जब मैं आऊंगा तब पूरे देश से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त होगा। हमारे देश की भूमि को नक्सलवाद मुक्त कराना है। 7 जिलों का संभाग 2030 दिसंबर तक मेरा बस्तर देश के विकसित जिले बनेंगे।

सरेंडर नक्सलियों के स्वागत में ताली बजाएं- शाह

अमित शाह ने कहा कि मैं सभी दर्शकों को कहता हूं कि सरेंडर नक्सलियों के स्वागत में ताली बजाएं। 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त होगा। अभी जो संगठन में हैं, मैं उन्हें कहता हूं कि आइए और हथियार डालिए, वापस आइए और अच्छा जीवन जीये।

जनता की आस्था ही सरकार की सबसे बड़ी शक्तिः सीएम साय

- दो वर्ष की सेवा यात्रा छत्तीसगढ़ की जनता को समर्पित
- छत्तीसगढ़ विश्वास, स्थिरता और सुशासन के नए अध्याय की ओर अग्रसर
- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेशवासियों को किया संबोधित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी सेवायात्रा के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ की जनता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा है कि बीते दो वर्ष शासन के नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और जनसहभागिता के वर्ष रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह समय उनके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण वर्षों में से एक रहा, क्योंकि इस दौरान उन्हें प्रदेशवासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने और उनकी अपेक्षाओं को समझने का अवसर मिला।

मुख्यमंत्री साय ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि इन दो वर्षों में राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुँचाने का निरंतर प्रयास किया है। किसानों की मेहनत को सम्मान दिलाने के लिए सुविधाओं का विस्तार किया गया, ताकि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो सके। कृषि को लाभकारी और सम्मानजनक बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।

भविष्य के लिए सरकार की प्रतिबद्धता और भी सशक्त

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस विकास यात्रा में अपने सुझावों, परिश्रम और विश्वास से सरकार का मार्गदर्शन करते रहें। उन्होंने कहा कि जनता की आस्था ही सरकार की सबसे बड़ी शक्ति है और छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की सच्ची गारंटी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भविष्य के लिए सरकार की प्रतिबद्धता और भी सशक्त है। आने वाले वर्षों में शिक्षा, रोजगार, कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में और तेज गति से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य आत्मनिर्भर और विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करना है, जहाँ प्रत्येक युवा को अवसर, किसान को गर्व और हर नागरिक को यह विश्वास हो कि शासन सदैव उसके साथ खड़ा है।

संसद पर हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली (वार्ता)। संसद पर वर्ष 2001 में आज ही के दिन किये गये आतंकवादी हमले की 24 वीं बरसी पर शनिवार को यहां देश के शीर्ष नेतृत्व ने इस हमले का मुकाबला करते हुए प्राण न्योच्छावर करने वाले सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संकल्प लिया। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन परिसर में शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, अनेक केन्द्रीय मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह, राज्यसभा के महासचिव पी. सी. मोदी तथा शहीदों के परिजनों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

244 कैडेटों को वायु सेना में मिला कमीशन

नयी दिल्ली (वार्ता)। हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में प्रशिक्षण पूरा करने वाले 244 फ्लाइट कैडेट को शनिवार को वायु सेना में कमीशन प्रदान किया गया। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने दीक्षांत परेड के निरीक्षण के बाद फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 244 फ्लाइट कैडेट कमीशन प्रदान किया। 215 पुरुष और 29 महिला कैडेट हैं। इस अवसर पर भारतीय नौसेना के छह और भारतीय तटरक्षक बल के आठ अधिकारियों तथा सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ वियतनाम के दो प्रशिक्षुओं को फ्लाइंग ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी करने पर 'विंग्स० से सम्मानित किया गया। नेविगेशन ट्रेनिंग पूरी करने पर पांच अधिकारियों को 'ब्रेवेट्स० दिए गए।

केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी होंगे उत्तर प्रदेश में भाजपा के नए अध्यक्ष

लखनऊ (वार्ता)। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए अध्यक्ष होंगे। चौधरी ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में एकमात्र उम्मीदवार के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र में मुख्यमंत्री भी चौधरी के प्रस्तावकों में से एक थे। इसके बाद कागजात की जांच की जाएगी, और औपचारिक घोषणा रविवार दोपहर को होने की उम्मीद है। पंकज चौधरी वर्तमान में वित्त मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। वह लोकसभा में संसद सदस्य भी हैं, जो सातवीं बार उत्तर प्रदेश के महाराजगंज निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

20 अमेरिकी राज्यों ने एच-1बी वीजा फीस को लेकर ट्रंप पर किया मुकदमा

वाशिंगटन (आईएएनएस)। अमेरिका के 20 राज्यों ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों का कहना है कि एच-1बी वीजा के नए आवेदनों पर 1 लाख अमेरिकी डॉलर की भारी फीस लगाना गैरकानूनी है और इससे जरूरी सार्वजनिक सेवाओं पर बुरा असर पड़ेगा। यह मुकदमा डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी द्वारा लागू की गई एक नीति को निशाना बनाता है, जिसमें एच-1बी वीज़ा के तहत विदेशी कुशल कर्मचारियों को रखने के लिए नियोक्ताओं पर अचानक बहुत ज़्यादा शुल्क लगा दिया गया। इस वीज़ा का इस्तेमाल अस्पताल, विश्वविद्यालय और सरकारी स्कूल में बड़े पैमाने पर किया जाता है।

1 लाख डॉलर की एच-1बी फीस न सिर्फ बेवजह है, बल्कि अवैध भी

कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बॉन्टा इस मामले का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके कार्यालय के हवाले से कहा गया कि प्रशासन के पास इतनी बड़ी फीस लगाने का अधिकार नहीं है। बॉन्टा ने कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते कैलिफोर्निया

जानता है कि जब दुनिया भर से कुशल लोग यहाँ काम करने आते हैं, तो राज्य आगे बढ़ता है। बॉन्टा ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाई गई यह 1 लाख डॉलर की एच-1बी फीस न सिर्फ बेवजह है, बल्कि अवैध भी है। इससे स्कूलों, अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाएं देने वाले संस्थानों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और कर्मचारियों की कमी और बढ़ जाएगी। राष्ट्रपति ट्रंप ने 19 सितंबर, 2025 को जारी एक घोषणा के ज़रिए इस फीस का आदेश दिया था। 21 सितंबर के बाद दायर किए गए एच-1बी आवेदनों पर इसे लागू किया गया। होमलैंड सिक्योरिटी ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

मेसी को नहीं देख पाए फैंस ने स्टेडियम में की तोड़फोड़, ममता बनर्जी ने मांगी माफी

कोलकाता (आईएएनएस)। दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी अपने तीन दिवसीय भारत दौरे के पहले चरण में शनिवार को कोलकाता पहुंचे। साल्ट लेक स्टेडियम में उनका कार्यक्रम था। मेसी की झलक पाने के लिए स्टेडियम में हजारों फैंस ने घंटों इंतजार किया। मेसी 10 मिनट के लिए स्टेडियम में पहुंचे थे। स्टेडियम में मौजूद फैंस उन्हें देख नहीं पाए और उनके जाने के बाद भारी बवाल किया और स्टेडियम में तोडफ़ोड़ की। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कार्यक्रम के दौरान हुए कुप्रबंधन के लिए फैंस से माफी मांगी है।

ममता बनर्जी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, 'आज साल्ट लेक स्टेडियम में जो कुप्रबंधन हुआ, उससे मैं बहुत परेशान और हैरान हूं। मैं हजारों खेल प्रेमियों और फैंस के साथ इवेंट में शामिल होने के लिए ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

आईएसआई के निशाने पर शिवराज सिंह, सुरक्षा बढ़ी

भोपाल/नवप्रदेश। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जान का खतरा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को उन पर हमले का इनपुट मिला है। जिसके बाद शुक्रवार देर रात भोपाल और दिल्ली में शिवराज के आवास पर सुरक्षा और बढ़ा दी गई। भोपाल में 74 बंगला स्थित बी-8 आवास के चारो तरफ पुलिस ने अतिरिक्त बैरिकेडिंग की है। दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। आईएसआई शिवराज के बारे में जानकारी जुटा रही

गृह मंत्रालय ने लेटर जारी कर शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा बढ़ाने को कहा था। इसमें कहा गया है कि आईएसआई केंद्रीय कृषि मंत्री के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी की सलाह से केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। जिसके बाद इसे और सख्त कर दिया गया है।

जेड प्लस मिलने के बाद अब अतिरिक्त सुरक्षा : शिवराज सिंह चौहान पहले से ही जेडप्लस श्रेणी की सुरक्षा में हैं। इसके बावजूद गृह मंत्रालय को नए इनपुट मिलने के बाद केंद्र ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ विधानसभा प्रारंभ से आज तक

चन्द्र शेखर गंगराड़े
पूर्व प्रमुख सचिव, छग विधानसभा

छत्तीसगढ़ विधानसभा का प्रथम सत्र 14 दिसंबर 2000 को प्रारंभ हुआ था और इन 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ विधानसभा के कुल 76 सत्र हुए जिसमें कुल 773 बैठकें हुई और 77 वा सत्र 18 नवंबर को पुराने भवन में प्रारंभ हुआ था है और निरंतरता में 14 दिसम्बर से नवीन विधानसभा में लगेगा इस हिसाब सेंटर सत्र नवीन भवन का पहला सत्र होगा। इन बैठकों में 18 नवम्बर तक कुल 3904 घंटे 55 मिनट चर्चा हुई और सबसे अधिक 17 सत्र चतुर्थ एवं पंचम विधानसभा की अवधि में हुए तथा सबसे अधिक 182 बैठकें और सबसे अधिक 960 घंटे चर्चा भी द्वितीय विधानसभा की अवधि में हुई। इसी प्रकार इन सत्रों में 13 दिसंबर 2025 तक कुल 96,428 प्रश्नों की सूचनाएँ प्राप्त हुई। इन प्राप्त सूचनाओं में से 35,591 तारांकित एवं 30,459 अतारांकित प्रश्न ग्राह्य हुए और कुल 6209 प्रश्नों पर सदन में अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा सबसे अधिक 22,892 प्रश्नों की सूचनाएँ चतुर्थ विधानसभा की अवधि में प्राप्त हुई तथा सबसे अधिक 1607 तारांकित प्रश्नों पर द्वितीय विधानसभा की अवधि में अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा कुल 592 विधेयक भी पारित किये गये।

यहाँ यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा ने अपने गठन से लेकर वर्तमान तक कई ऐसे कीर्तिमान स्थापित किए हैं और ऐसे उल्लेखनीय कार्य किए हैं जिनसे छत्तीसगढ़ विधानसभा की गरिमा में वृद्धि हुई है और देश में छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा होती है। जहाँ एक ओर प्रथम विधानसभा की अवधि में गर्भगृह में प्रवेश पर स्वयमेव निलंबन

की कार्यवाही की सर्वत्र प्रशंसा होती है तो वहीं दूसरी ओर द्वितीय विधानसभा में नक्सल समस्या पर सदन की गोपनीय बैठक की भी सर्वत्र चर्चा होती है यहाँ तक कि छत्तीसगढ़ विधानसभा को यह गौरव प्राप्त है कि भारत के राष्ट्रपति ने देश में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों को संबोधित किया और यही नहीं छत्तीसगढ़ की विधान सभा को तीन राष्ट्रपति संबोधित कर चुके हैं।

विधानसभा के परिसर के सौंदर्यीकरण की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किए गए। प्रथम विधान सभा की अवधि में महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं अशोक स्तम्भ की स्थापना की गई तथा द्वितीय विधानसभा की अवधि में आडिटोरियम का उद्घाटन और सेंट्रल हाल का शिलान्यास संन्यास किया गया साथ ही डॉ . श्यामाप्रसाद मुखर्जी और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाएँ भी स्थापित की गई और सेंट्रल हाल में देश एवं प्रदेश के महापुरुषों के तेल चित्रों का अनावरण भी किया गया।

नया राज्य होने के बावजूद विधानसभा ने पीठासीन अधिकारी सम्मेलन, चतुर्थ इंडिया एशिया रीजन्न सीपीए कांफ्रेंस और लीगल ड्राफ्टिंग पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की वर्कशॉप का आयोजन कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की। साथ ही महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र भी यादगार रहा जिसमें सभी सदस्यों ने एक समान गणवेश पहनकर सदन की कार्यवाही में भाग लिया। कोविड की चुनौतियों के मद्देनज़र विधानसभा का सत्र आहूत करना चुनौतीपूर्ण कार्य था लेकिन दो सीटों के बीच ग्लास पार्टीशन कर सत्र का सफल आयोजन किया गया और किसी एक दिन में सबसे लंबी बैठक करने का कीर्तिमान भी छत्तीसगढ़ विधानसभा को प्राप्त है। अविश्वास प्रस्ताव पर 18 घंटे 38 मिनिट चर्चा हुई और बिना ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

स्वदेशी जागरण मंच और कैट की संकल्प रथ यात्रा का ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत

नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, कैट अध्यक्ष प्रकाश रोहरा ने झंडी दिखाकर किया यात्रा का शुभारंभ किया

गरियाबंद/नवप्रदेश। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को गरियाबंद पहुंचे स्वदेशी संकल्प रथ का तिरंगा चौक में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व स्वागत किया गया। स्थानीय व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों तथा प्रबुद्ध नागरिकों ने पुष्प वर्षा की और वोकल फॉर लोकल के नारे लगाए। इस दौरान पूरा नगर स्वदेशी भावना, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के उत्साह से सराबोर हो गया। नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव एवं कैट जिला अध्यक्ष प्रकाश रोहरा ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रथ को आगे रवाना किया। उन्होंने नागरिकों और व्यापारियों से स्वदेशी अभियान से जुड़ने और स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने की अपील की। साथ ही उपस्थितजनों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा कि स्वदेशी सिर्फ एक अभियान नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का संकल्प है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल सरसीवां में आयोजित 5 दिवसीय FLN आधारित नवीन पाठ्य पुस्तक पर शिक्षक प्रशिक्षण

डॉ एफआर निराला ने प्रशिक्षण में शिक्षकों को दी आयरन युक्त, एनीमिया मुक्ति की जानकारी

भटगांव/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद स्कूल सरसीवां में आयोजित 5 दिवसीय FLN आधारित नवीन पाठ्य पुस्तक प्रशिक्षण में जहां 65 शिक्षकों की प्रशिक्षण चल रही है वहीं जिले आयरन युक्त ,एनीमिया से मुक्त सारंगढ़स कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार जिले एनीमिया मुक्त के लिए अभियान चलाई जा रही है शिक्षक प्रशिक्षण में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला पहुंच कर सभी शिक्षकों को आयरन युक्त, एनीमिया मुक्त के बारे में विस्तार से बताया बच्चों को एनीमिया याने रक्त अल्पता (खून की कमी) होने से बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ता है इससे स्कूल की उपस्थिति से

साथ वार्षिक रिजल्ट पर भी प्रभाव पड़ता है भारत सरकार की एक सर्वे रिपोर्ट एनएफएचएस के अनुसार 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों में खून की कमी की दर 67% है ,6 वर्ष से 9 वर्ष तक के बच्चे में खून की कमी की दर लगभग 60% है वैसे ही 10 वर्ष से 19 वर्ष के बालिकाओं में एनीमिया की दर 61. 4% है आंगनवाड़ी एवं स्कूल के छात्र ,छात्राओं में खून की कमी बचपना में होने से शरीर में 4 प्रकार के प्रभाव डालता है जैसे 1_ (दिमाक) में 5 से 10 त्र की कमी का होना 2 - सीखने एवं समझने में कमी होना 3- शारीरिक एवं मानसिक विकास बाधित होना और 4 - एकाग्रता में कमी ये 4 प्रकार से बच्चों की शरीर में प्रभाव पड़ता है जिसके कारण बच्चों की उपस्थिति ,उनके रिजल्ट ,के साथ बार बार बीमार होना ,खेलने में जल्दी थक जाना ,पढ़ाई में मन नहीं लगना ,पढ़ाई करने से याद नहीं हो पाना अर्थात बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं रहता जिसका प्रभाव स्कूल पर पड़ता है बच्चे चंचल रहे पढ़ाई में अच्छे हो ,खेलकूद में अच्छे हो स्वस्थ रहे इसके लिए शासन ने व्यवस्था बनाई है जैसे 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों (ये बच्चे आंगनवाड़ी केंद्रों के होते है) के लिए आयरन की सिरप की व्यवस्था है जिसे हर 6 माह में एक एक सिरप हर बच्चे को दी जाती है बच्चे के पालक के माध्यम से प्रति सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार के दिन एक एक द्रद्य आयरन सिरप की पिलाई जानी है और यह क्रम 5 वर्ष के उम्र तक जारी रहनी चाहिए मितानिन को भी निर्देश दिए गए है कि वे बच्चों के घर तक जाकर पता करे कि पालक इस दवाई को पिला रहे है कि नहीं

प्रधानमंत्री से सीधे संवाद का अवसर, परीक्षा पर चर्चा की शुरूआत

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ देशभर के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों को सीधे संवाद करने का एक और सुनहरा अवसर मिल रहा है। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी परीक्षा पे चर्चा के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जो इस श्रंखला का 9वाँ संस्करण होगा। इस मंच के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्यों से चयनित बच्चों द्वारा परीक्षा से संबंधित पूछे गए सवालों के जवाब देकर उनका मार्गदर्शन करेंगे और उनके तनाव को कम करने का प्रयास करेंगे।इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 वीं के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक सभी अपने प्रश्न अधिकतम 500 शब्दों में तैयार कर सकते है। प्रश्न अपलोड करने की सुविधा भारत सरकार के पोर्टल http://innovateindiav.mygov.in पर उपलब्ध है। परीक्षा पे चर्चा विकल्प में प्रतिभागी पुरस्कारों से जुडी तिथियों और अन्य दिशा-निर्देशों की जानकारी देख सकते हैं। कार्यक्रम के लिए प्रश्न अपलोड करने की प्रक्रिया 1 दिसंबर 2025 से शुरू हो चुकी है और प्रतिभागी अपने प्रश्न 11 जनवरी 2026 तक जमा कर सकते हैं।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन योग भवन में 16 दिसम्बर को

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित योग भवन में 16 दिसम्बर 2025 को प्रातः 09:00 सत किया जाएगा। युवा उत्सव में लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा, रॉकबैंड विधाएं सम्मिलित है।वाद -विवाद का विषय देश के विकास में एआई तकनीक प्रभावशील है या नहीं, कहानी लेखन का विषय सोशल मिडिया ने समाज को अधिक जुड़ा बनाया है कि अलग-थलग, चित्रकला का विषय विकसित व समृध्द छत्तीसगढ़ की कल्पना एवं कविता लेखन का विषय राज्य में पर्यटन स्थल होगा। लोकनृत्य, पंथी, सुआ, करमा एवं राउत नाचा में रिकार्डेड संगीत मान्य नही होगा। कलाकार एवं संगतकार जिस विधा में भाग ले रहे है उस विधा का साजो-सामान, कलर पेपर, ब्रश इत्यादि सामान के साथ उपस्थित होंगे। उक्त विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी एवं कलाकार संभावित दिनांक 22 से 25 दिसम्बर 2025 तक जिला बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए सम्मिलित होंगे।

उद्यानिकी फसलों की बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

बालोद/नवप्रदेश। जिले के उद्यानिकी फसल उत्पादन करने वाले किसान उद्यानिकी फसलों का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते हैं। उद्यानिकी विभाग के उप संचालक ने बताया कि उद्यानिकी फसल टमाटर, बैगन, फूलगोभी, प्याज, आलू एवं पत्तागोभी में रबी वर्ष 2025-26 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना शासन की अधिसूचना के साथ छतीसगढ़ में लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि जिले के ईच्छुक ऋणी, अऋणी किसान 31 दिसंबर 2025 तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या भारतीय कृषि बीमा इंश्योरेंश कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते हैं। इसके साथ ही अधिक जानकारी हेतु बीमा कंपनी के प्रतिनिधि श्री सुमीत साहू के मोबाईल नंबर 9131080865 से भी संपर्क कर सकते हैं।

विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

बालोद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार हेतु तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्री श्यामलाल नवरत्न के मार्गदर्शन में भारती कुलदीप के द्वारा आज विश्वव्यापी स्वास्थ्य कवरेज दिवस के अवसर पर करकाभाट पुलिस बटालियन में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित की गई। शिविर में उपस्थितजनों को पीएलवी के साथ मिलकर लोगों को उनके स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों और हकों को साकार करने में सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क उपचार में मदद करने हेतु, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा का टोल फ्री नंबर 15100 आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 का आयोजन16 एवं 17 दिसंबर को

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मागदर्शन में जिला प्रशासन बालोद और शिक्षा विभाग के तत्वाधान में बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 का आयोजन 16 एवं 17 दिसंबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ अँग्रेजी माध्यम विद्यालय आमा पारा बालोद में किया जाएगा। बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देना है। जिससे जिले में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सृजनात्मकता को नया आयाम मिलेगा। उल्लेखीनय है कि बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 के लिए जिले से कुल 1589 आइडियाज प्राप्त हुए है। जिसके अंतर्गत छात्रों के विचारों को तीन समूहों में वगीकृत किया गया।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 1.24 करोड के 4007 क्विंटल अवैध धान जब्त

- **जिले में हुआ 96785.12 टन धान खरीदी, 17554 टन डीओ जारी, 6072 टन का हुआ धान उठाव**

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशन में खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी विगत 15 नवम्बर से जारी है।

12 दिसम्बर 2025 तक राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि उपज मंडी, सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में कुल 46 प्रकरण दर्ज कर कुल 4007 क्विंटल धान जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है जिसका अनुमानित लागत 01.24 करोड़ रूपये है तथा यह कार्यवाही निरंतर जारी है, जिससे धान के अवैध परिवहन, भण्डारण करने वाले कोचियों, व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कुल 65 समितियों के 86 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया जा रहा है। कुल पंजीकृत 89171 किसानों का कुल पंजीकृत रकबा 90600.419 हेक्टेयर है। 12 दिसंबर 2025 की स्थिति में कुल 96785.12 मे.टन धान खरीदी किया गया है तथा पंजीकृत राईस मिलरों के माध्यम से कुल 17554.00 मे.टन डी.ओ. जारी कर कुल धान 6072.00 मे.टन में धान उठाव किया गया है।

राज्य शासन द्वारा किसानों की सहूलियत के लिए टोकन काटने के लिये ऑनलाईन एप्प ''टोकन तुहर हाथ एप्प'' के माध्यम से किसानों द्वारा टोकन काटा जा रहा है तथा उपार्जन केन्द्रों में भी किसान द्वारा टोकन कटवाया जा सकता है जिससे किसानों में अत्यंत खुशी का माहौल छाया हुआ है तथा किसानों के द्वारा मुख्यमंत्री छ.ग. शासन के प्रति आभार व्यक्त किया जा रहा है।

धान की अवैध खरीदी - बिक्री की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही

जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार जिला प्रशासन जिले में धान की अवैध खरीदी - बिक्री की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही किया जा रहा है एवं जिला स्तर से जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों में अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, अनुविभाग अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जोनल अधिकारी व नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कुत्ते काटने की घटना की रोकथाम के लिए किए गए समुचित उपाय

- **संवदेनशील स्थानों को चिन्हित कर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई**

बालोद/नवप्रदेश। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के परिपालन में बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले में आवारा कुत्तों की कटाने की घटना रोकथाम हेतु समुचित उपाय करने के अलावा जन सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आवारा कुत्तों के प्रबंधन की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहरी क्षेत्रों में स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, खेल परिसर, बस स्टैण्ड, बस डिपो, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों का चिन्हांकन कर लिया गया है।

पंचायत विभाग के उप संचालक काव्या जैन ने बताया कि प्रत्येक चिन्हांकित परिसरों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। जिसका विवरण उक्त चिन्हांकित परिसरों के प्रवेश द्वार पर चस्पा किया गया है। साथ ही चिन्हांकित स्थलों में कम से कम तीन माह में एक बार निरीक्षण करने के लिए निरीक्षण कर्ता अधिकारियों की नियुक्ति की भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर नोडल अधिकारियों के कार्य, दायित्व तथा निरीक्षण कर्ता अधिकारियों के कर्तव्य के संबंध में समय-समय पर प्रशिक्षण के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा जिले के चिन्हांकित संस्थानों के प्रशासनिक प्रमुखों द्वारा आवारा कुत्तों के गेट पर प्रवेश को रोकने के लिए संबंधित पंचायत के माध्यम से परिसर में फेंसिंग, बाउंड्रीवाल, गेट एवं अन्य अधोसंरचनाओं से सुरक्षित किए जाने किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही शासन द्वारा इस संबंध में आवश्यक मदद उपलब्ध कराने हेतु हेल्पलाईन नंबर 1100 भी जारी किया गया है। जिसके माध्यम से आम नागरिकगण सार्वजनिक स्थानों पर आवारा कुत्तों के संबंध में समस्याओं की जानकारी दे सकते हैं।

पेरी अर्बन एवं अन्य ग्रामों से वर्ग मीटर दर की समाप्ति

- **रजिस्ट्री शुल्क में सीधे लाभ होने से छोटे भूखंड धारक एवं आम नागरिकों में हर्ष व्याप्त**

बालोद/नवप्रदेश। राज्य शासन के द्वारा पेरी अर्बन एवं अन्य ग्रामों में वर्ग मीटर दर समाप्त करने का निर्णय राज्य के छोटे भूखंड धारकों एवं जन सामान्य के लिए अत्यंत लाभप्रद एवं जनहितैषी निर्णय साबित हुआ है। राज्य शासन के इस नये निर्णय के फलस्वरूप पेरी अर्बन एवं अन्य ग्रामों से वर्ग मीटर दर समाप्त होने से अब आम नागरिकों को स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्क में सीधे लाभ मिल रहा है। जिससे संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य सहित बालोद जिले के छोटे भूखंड धारकों एवं आम नागरिकों में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने भूमि मूल्यांकन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पेरी अर्बन ग्राम तथा अन्य ग्रामों में लागू वर्ग मीटर दर को पूर्णतः समाप्त कर दिया है। पूर्व में ग्रामीण में 500 वर्ग मीटर तक की भूमि की मूल्यांकन वर्गमीटर दर के अनुसार की जाती थी परन्तु अब यह मूल्यांकन हेक्टेयर दर के अनुसार की जा रही है।

यह निर्णय ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्र के नागरिकों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। राज्य शासन के इस निर्णय के फलस्वरूप वर्ग मीटर दर समाप्त होने से अब भूमि का मूल्यांकन वास्तविक और किफायती दरों पर होगा, जिससे रजिस्ट्री की कुल लागत कमी आएगी। इसी तरह वर्ग मीटर दर के कारण बढ़ी हुई कीमतों का बोझ हटने से आम नागरिकों पर सीधा आर्थिक लाभ पहुँचेगा।

भटगांव सेजेस स्कूल में हुआ नवोदय विद्यालय परीक्षा संपन्न

भटगांव/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ ब्लाक में आज नवोदय विद्यालय की परीक्षा शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न हुआ। जिसमें बिलाईगढ़ ब्लाक में कुल चार सेंटर बनाया गया है जिसमें सेजेस पवनी में कुल 312 परीक्षार्थी रहे जिसमें 259 बच्चे उपस्थित रहे और 43 बच्चे अनुपस्थित रहे, इसी प्रकार सेजेस बिलाईगढ़ में 312 परीक्षार्थी रहे और 253 उपस्थित रहे और 59 अनुपस्थित रहे, सेजेस भटगांव में कुल 312 परीक्षार्थी रहे और 249 उपस्थित एवं 63 अनुपस्थित रहे, जहां शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरसीवा में 282 परीक्षार्थी रहे जिसमें 221 उपस्थित और 61 अनुपस्थित रहे। जहां चारों सेंटरों में कुल बच्चों की संख्या 1218 है। जहां उपस्थित बच्चों की संख्या 992 व अनुपस्थित 226 बच्चे रहे। नवोदय विद्यालय प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुआ।

ग्राम घोटा मे बैगा जनजाति को रोजगार देने दस लाख की लागत से बनी नर्सरी

- **साढ़े 14 हजार से अधिक पौधे तैयार कर करेंगें निर्यात**

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के गेरूखदान पंचायत के ग्राम घोटा मे बैगा जनजाति समुदाय के लोगो को रोजगार उपलब्ध कराने और आर्थिक रूप से मजबूत करने जिला प्रशासन मनरेगा के तहत नर्सरी कार्य स्वीकृत कर वहाँ साढ़े 14 हजार से अधिक फलदार और अन्य पौधे तैयार करा रहा है । जिला प्रशासन द्वारा मनरेगा तहत घोटा मे स्थित रिक्त सीआरपीएफ कैंप मे 9 लाख 96 हजार रू की नर्सरी स्वीकृत की गई है । यहाँ 14400 पौधे तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें मुनगा, अमरूद, करंज, खम्हार एवं अन्य औषधि पौधे तैयार किया जा रहा है । यह पहल बैगा जनजाति समुदाय के लोगो को रोजगार प्रदान करने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक अत्यंत सकारात्मक कदम है। जिससे बैगा जनजाति के लोगो के लिए अनेक स्तरों पर लाभकारी सिद्ध होगी । मनरेगा योजना से नर्सरी विकास एवं पौधारोपण कार्य से ग्रामीण अंचल मे स्थायी रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे है। इस नर्सरी में फलदार पौधों का उत्पादन किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा,स्थानीय स्तर पर पौधों की उपलब्धता , बैगा जनजाति समुदाय के लोगो को लगातार रोजगार मिलेगा । उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत बैगा आदिवासी युवाओं को माली प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, प्रशिक्षण के माध्यम से वे पौधों की देखभाल, नर्सरी प्रबंधन, उद्यानिकी तकनीक, पौधों की गुणवत्ता संवर्धन जैसे विषयों में दक्षता प्राप्त करेंगे। गृहवाटिका, सौंदर्यीकरण और भूदृश्य (लैंडस्केपिंग) रखरखाव के लिए कुशल मालियों की मांग लगातार बढ़ रही है। साथ ही नर्सरी प्रबंधन एवं जैविक कृषि का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जिले में यह विशेष प्रशिक्षण शुरू किया गया है, जिससे बैगा युवक-युवतियाँ आधुनिक बागवानी की मांग को पूरा कर सकें। यह क्षेत्र मध्य प्रदेश राज्य की सीमा के नजदीक है। साथ ही स्थानीय जलवायु को भी ध्यान में रखते हुए ऐसे फलदार पौधे तैयार किये जा रहे है। जो न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पड़ोसी राज्य में भी निर्यात योग्य हो। इससे भविष्य में बैगा समुदाय के लोगो के लिए स्थानीय उत्पादन और बाहरी बाजारों तक बिक्री के नए अवसर खुलेंगे।

पीएम आवास के नाम से कर रहे रेत का अवैध उत्खनन

शिकायत के बाद भी कार्यवाही शून्य, मिली भगत से फल-फूल रहा कारोबार

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में रेत के अवैध उत्खनन परिवहन में लगाम लगाना संभवतः शासन और प्रशासन दोनो के लिये असंभव कार्य सिद्ध हो रहा है। आलम ये है कि इसी वर्ष जुलाई माह में विधानसभा के मानसून सत्र में रेत चोरी का मामला प्रमुखता से उठाया गया था, शून्य काल के दौरान विपक्ष ने इस मामले को लेकर स्थगन प्रस्ताव पेश किया था और आरोप लगाया था कि पूरे प्रदेश में रेत माफिया पुरजोर सक्रिय हैं। इसके बाद भी हाल के दिनों की स्थिति ये है कि गरियाबंद जिले के बड़े नदी - घाटों के अलावा अब रेत चोरों ने छोटी-छोटी नदी व नालों से भी रेत चोरी को अंजाम देना शुरू कर दिया है। इससे इन प्राकृतिक नदी नालों का अस्तित्व खतरे में है साथ ही मृदातत्वों, प्राकृतिक जीव-जंतुओं के नष्ट होने की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता।जिले के मैनपुर-गरियाबंद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक एन एच 130 में धवलपुर के पास झापन नदी पर पिछ्ले कई दिनों से खुलेआम दिन दहाड़े रेत चोरी का खेल चल रहा है किंतु जिम्मेदारों को सूचना दिये जाने के बावजूद कार्यवाही शून्य है।

पीएम आवास के नाम का बहाना

मामले की जानकारी ग्राम पंचायत धवलपुर के निर्वाचित प्रतिनिधियों सहित सचिव को दी गई, जिस पर उन्होंने कार्यवाही और संलिप्तता दोनो से हाथ खड़े कर लिये ? किसी एक ने आवास के लिये रेत ले जाने की बात कही, किन्तु पुल पर खड़े एक बुजुर्ग ने खुद को ना सिर्फदबंग घोषित किया बल्कि हमारे द्वारा उत्खनन की फोटो खींचने पर भी आपत्ति जताई और खुले तौर पर स्वीकार किया मैं रेत निकाल रहा हूँ, ये रेत ट्रेक्टर ट्रालियों में मैनपुर तक व आस पास के निजी निर्माण कार्यों में खपाई जा रही है।

उपसंचालक के पद पर पदोन्नत हुई मीनाक्षी साहू

- **कार्यकाल के दौरान अवैध उत्खनन पर की गई सख्त कार्यवाही और 100 प्रतिशत हुई राजस्व वसूली**

बालोद/नवप्रदेश। जिले के खनिज विभाग में पदस्थ श्रीमती मीनाक्षी साहू को खनिज संसाधन विभाग मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा उपसंचालक (खनिज प्रशासन) के पद पर पदोन्नत किया गया है। चूंकि बालोद जिले के विभागीय सेटअप में 'उपसंचालक' का पद स्वीकृत नहीं है, इसलिए नियमानुसार उन्हें संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, नया रायपुर में नवीन पदस्थापना दी गई है। यह स्थानांतरण पूर्णतः पदोन्नति नीति के तहत किया गया है।खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती साहू ने अपनी पदस्थापना से लगातार 03 वर्षों तक शासन द्वारा निर्धारित खनिज राजस्व लक्ष्य को 100 प्रतिशत हासिल किया, जिससे बालोद राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल रहा। उन्होंने अवैध गतिविधियों पर कार्यवाहीरू वर्ष 2025-26 में उन्होंने अवैध उत्खनन के 19, अवैध परिवहन के 62 और अवैध भंडारण के 06 मामलों में सख्त कार्यवाही की।

रेलवे की उन्नत तकनीक, बेहतर योजना व टीमवर्क उत्कृष्ट उदाहरण: तरुण

48 मीटर बो-स्ट्रिंग गर्डर की लॉन्चिंग कार्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल की ऐतिहासिक उपलब्धि

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल ने इंजीनियरिंग क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के दिशा-निर्देशानुसार हावड़ा मुख्य रेल मार्ग के अंतर्गत राजनांदगांव-बाकल सेक्शन में स्थित समपार फाटक संख्या 466 पर निर्मित रोड ओवर ब्रिज के लिए 48 मीटर लंबे एवं लगभग 250 टन वजनी बो-स्ट्रिंग गर्डर का सफलतापूर्वक लॉन्चिंग कार्य संपन्न किया गया।

यह अत्यंत जटिल एवं तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण कार्य 2 घंटे 30 मिनट के ट्रैफिक ब्लॉक (अप, डाउन एवं तृतीय लाइन) के दौरान किया गया। गर्डर लॉन्चिंग का कार्य 600 टन क्षमता वाले क्रॉलर माउंटेड रोड क्रेन की सहायता से पूरी तरह सुरक्षित, सुनियोजित एवं समन्वित तरीके से संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में किसी भी रेलवे इकाई (गति शक्ति/निर्माण/मंडल) द्वारा इतने भारी (250 टन) एवं लंबे (48 मीटर) बो-स्ट्रिंग गर्डर का यह पहला सफल लॉन्चिंग कार्य है। यह उपलब्धि रेलवे की उन्नत तकनीकी दक्षता, बेहतर योजना एवं समर्पित टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह महत्वपूर्ण कार्य महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के दिशानिर्देशानुसार तथा नागपुर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए इंजीनियरिंग विभाग सहित सभी संबंधित विभागों एवं कर्मचारियों की टीम की सराहना की तथा इसे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए गर्व का विषय बताया। रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के साथ ही समपार फाटक गेट को बंद किया जाना सार्वजनिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेवल क्रॉसिंग ऐसे स्थान होते हैं जहाँ सड़क एवं रेल यातायात एक-दूसरे को काटते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। गेट बंद होने से ट्रेन तथा सड़क वाहनों/पैदल यात्रियों के बीच टक्कर की संभावना समाप्त होगी, अनधिकृत एवं असुरक्षित आवागमन रुकेगा तथा दुर्घटनाओं, मृत्यु एवं गंभीर चोटों में उल्लेखनीय कमी आएगी। इससे रेल परिचालन भी अधिक सुरक्षित एवं सुचारु होगा। इस उपलब्धि से न केवल क्षेत्र में सड़क एवं रेल यातायात की सुरक्षा एवं सुगमता में वृद्धि होगी, बल्कि भविष्य में ऐसे जटिल संरचनात्मक कार्यों के निष्पादन हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की तकनीकी क्षमता को भी नई पहचान मिलेगी।

मुसरा-जटकन्हार सेक्शन के समपार में स्पैन प्लेट गर्डर का लॉचिंग कार्य

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के दिशानिर्देशानुसार तथा नागपुर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में नागपुर मंडल के अंतर्गत मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग के मुसरा-जटकन्हार सेक्शन में स्थित समपार फाटक संख्या 469 पर आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत 36 मीटर स्पैन के प्लेट गर्डर (कुल 04 नग) का सफलतापूर्वक लॉचिंग कार्य संपन्न किया गया। यह महत्वपूर्ण कार्य निर्धारित 2 घंटे 30 मिनट के ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान अप, डाउन एवं तृतीय लाइन पर किया गया। प्लेट गर्डरों का लॉचिंग कार्य 500 टन क्षमता की टेलीस्कोपिक रोड क्रेन की सहायता से पूर्णतः सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न किया गया। इस जटिल एवं तकनीकी कार्य को नागपुर मंडल की इंजीनियरिंग टीम द्वारा अत्यंत सुनियोजित एवं कुशलतापूर्वक अंजाम दिया गया, जिससे न्यूनतम समय में कार्य पूर्ण हुआ तथा रेल परिचालन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। इस कार्य के पूर्ण होने से संरचना की मजबूती में वृद्धि होगी तथा भविष्य में रेल यातायात की सुरक्षा एवं परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

न्यूज गैलरी

युवोदय के युवा गांव-गांव में बनाएंगे आयुष्मान कार्ड

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर ने निर्देश पर युवोदय के युवा गांव-गांव में आयुष्मान कार्ड बनाएंगे। इस कार्यक्रम के तहत 12 दिसंबर को डॉ. शुभा गरेवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव रेडक्रॉस के निर्देशन में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला रेडक्रॉस के सहयोग से आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से युवोदय योजना से जुड़े कुल 43 युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण गिरीश चंद्र दुबे द्वारा दिया गया, जिसमें प्रतिभागियों को आयुष्मान कार्ड बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी विस्तारपूर्वक प्रदान की गई। साथ ही युवोदय योजना के उद्देश्य, लाभ एवं कार्यप्रणाली संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी राजीव अवस्थी द्वारा दी गई। उन्होंने युवोदय से जुड़े युवाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं उनसे मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराते हुए अधिक से अधिक आमजन को इन योजनाओं से जोड़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिकाधिक नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना तथा प्रशिक्षित युवाओं के माध्यम से सरकारी सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाना है।

सुविधाएं बिना दिए भारी जुर्माना और स्मार्ट मीटर बिलिंग पर सवालिया निशान

नेशनल लोक अदालत में ऑनलाइन चालान और बढ़े बिजली बिलों के खिलाफ उठा मुद्दा

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज 13 दिसंबर को पूरे देश के साथ बिलासपुर में भी वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के मार्गदर्शन और पूर्व तैयारी के चलते लोक अदालत में सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में पक्षकार अपने लंबित मामलों के निराकरण के लिए न्यायालय पहुंचे।

नेशनल लोक अदालत का मूल उद्देश्य न किसी की जीत, न किसी की हार के सिद्धांत पर आधारित है, जहां आपसी सहमति से विवादों का समाधान किया जाता है। इस लोक अदालत में श्रम विवाद, वैवाहिक मामले, बीमा प्रकरण, मोटर यान दुर्घटना से जुड़े केस सहित अन्य छोटे-बड़े विवादों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया,

आर्थिक बोझ बढ़ रहा

लोक अदालत में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक के उपभोक्ताओं ने कहा कि बिना स्पष्ट कारण अत्यधिक बिल भेजे जा रहे हैं, जिससे आम परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। लोगों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। नेशनल लोक अदालत में पहुंचे नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की कि ऑनलाइन चालान और बिजली बिलिंग प्रणाली में पारदर्शिता लाई जाए। जनता ने कहा कि पहले सड़क, ट्रैफिक और बुनियादी सुविधाएं सुधारी जाएं, इसके बाद ही चालान की कार्रवाई हो। लोक अदालत में बड़ी संख्या में लोगों ने अपने छोटे-छोटे विवादों का समाधान कराया और संतोष के साथ न्यायालय परिसर से लौटे।

जिससे पक्षकार संतुष्ट नजर आए। लोक अदालत में पहली बार न्यायालय आने वाले लोगों की सुविधा के लिए विशेष हेल्प डेस्क भी लगाए गए थे। यहां पक्षकारों को मार्गदर्शन दिया गया ताकि वे भटकें नहीं और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। आवश्यक जानकारी देकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया, जिससे वे संतुष्ट होकर लौटते दिखे।नेशनल लोक अदालत में इस बार सबसे अधिक मामले ऑनलाइन चालानों से जुड़े सामने आए। नागरिकों ने बताया कि आईटीएमएस और यातायात विभाग दोनों की ओर से ई-चालान भेजे जा रहे हैं, जिनकी जानकारी और प्रक्रिया को लेकर लोगों में जागरूकता की कमी है। कई मामलों में तय समय सीमा के बाद चालान सीधे कोर्ट में पहुंच रहे हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। लोक अदालत में बताया गया कि ई-चालान में सात दिन और फिर तीन माह की निर्धारित प्रक्रिया होती है, लेकिन जानकारी के अभाव में लोग समय पर जवाब नहीं दे पाते।

घर से बिना बताए युवक लापता परिजन और पुलिस तलाश में जुटी

■ **लोगों से की गई मदद की अपील**

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत विवेकानंद नगर, मोपका फेस-02 निवासी प्रवण राय पिता झूलन राय, उम्र 34 वर्ष 9 नवंबर को घर से बिना किसी को बताए कहीं चले गए हैं। परिजनों द्वारा लगातार खोजबीन किए जाने के बावजूद अब तक उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। इस संबंध में परिजनों की रिपोर्ट पर थाना सरकंडा में गुम इंसान क्रमांक 305/25 कायम कर लिया गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवक की तलाश शुरू कर दी है और संभावित स्थानों पर पूछताछ की जा रही है। परिजनों के अनुसार प्रवण राय के अचानक घर से चले जाने से परिवार गहरी चिंता में है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को भी प्रवण राय के संबंध में कोई जानकारी मिले या वे कहीं दिखाई दें, तो तुरंत थाना सरकंडा या परिजनों को सूचित करें। जानकारी देने के लिए उनकी माता रीना राय के मोबाइल नंबर 7974931958 एवं 7225065533 पर संपर्क किया जा सकता है। वहीं चौकी प्रभारी का मोबाइल नंबर 9179166621 भी जारी किया गया है। पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी छोटी से छोटी जानकारी से युवक की तलाश में मदद मिल सकती है।

---

67 लाख के विकास कार्यों का विधायक लहरिया ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

सीपत/नवप्रदेश। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को और तेज करते हुए शनिवार को मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया एवं जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने संयुक्त रूप से लगभग 67 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला और क्षेत्र को लंबे समय से प्रतीक्षित बुनियादी सुविधाओं की सौगात मिली। कार्यक्रम के तहत पोड़ी में 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाले आंगनबाड़ी भवन का भूमिपूजन, लुतरा शरीफ में 10 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक मंच, तथा 4 लाख रुपये की सीसी रोड, जेवरा में 12 लाख रुपये की लागत से गोदाम भवन, 8-8 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड, तथा 12.50 लाख रुपये की लागत से एक अन्य गोदाम भवन का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इन कार्यों से ग्रामीण अंचल में शिक्षा, संस्कृति, यातायात और भंडारण सुविधाओं को मजबूती मिलेगी।

विकास की मुख्यधारा से जोड़ना संकल्प

विधायक श्री लहरिया ने कहा कि मस्तूरी विधानसभा का हर गांव, हर मजरा और हर मोहल्ला विकास की मुख्यधारा से जुड़े यही मेरा संकल्प है। हमारी सरकार और जनप्रतिनिधि लगातार जनता की जरूरतों के अनुसार काम कर रहे हैं। आंगनबाड़ी भवन, सीसी रोड, सांस्कृतिक मंच और गोदाम जैसे कार्य सीधे ग्रामीण जीवन को सशक्त बनाते हैं। आने वाले समय में क्षेत्र में विकास की यह गति और तेज होगी तथा किसी भी गांव को मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और उसी भरोसे के बल पर क्षेत्र का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है।

जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि विकास केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि ज़मीन पर काम दिखने से होता है। आज जिन कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण हुआ है, वे ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थीं। विधायक दिलीप लहरिया के नेतृत्व में हम लगातार गांव-गांव जाकर जरूरतों को चिन्हित कर रहे हैं और उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा कर रहे हैं। आने वाले समय में सीपत क्षेत्र विकास का उदाहरण बनेगा। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि वे हर समय क्षेत्र की आवाज बनकर कार्य करते रहेंगे।

एड्स दिवस पर जागरूकता रैली 15 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक जिले में एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज सीएमएचओ कार्यालय से एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। रैली सीएमएचओ कार्यालय से प्रारंभ होकर महामाया चौक होते हुए प्रमुख मार्गों से गुजरी। इसमें बड़ी संख्या में मितानिन, डॉक्टर, हेल्थ केयर से जुड़े कर्मी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने हरसंभव सहयोग: राजेंद्र

सीपत /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान को ज़मीनी स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में शनिवार को जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र कुमार धीवर ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय जांजी का विस्तृत निरीक्षण किया। यह दौरा कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा बिलासपुर के निर्देशानुसार किया गया, जिसके अंतर्गत जिले की चिन्हांकित डी पेड की शालाओं के मूल्यांकन एवं अपग्रेडेशन की प्रक्रिया चल रही है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक स्थिति, विद्यार्थियों की

सीखने की क्षमता, शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षा संचालन, मूलभूत सुविधाएं तथा शैक्षणिक वातावरण का गहन अवलोकन किया गया। इस अवसर पर संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं सहयोगी शिक्षकों द्वारा विद्यालय की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गई। विद्यालय परिसर में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को मजबूत करने का संकल्प है। यदि आज हम विद्यालयों को सशक्त करेंगे, तो आने वाला कल अपने आप सशक्त होगा। जांजी स्कूल सहित पूरे क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का मूल्यांकन कर उन्हें उन्नत बनाना उनकी व्यक्तिगत प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। श्री धीवर ने अधिकारियों व शिक्षकों से कहा कि मूल्यांकन के पश्चात विद्यालय की स्थिति को विद्या समीक्षा केंद्र द्वारा विकसित एप में समय-सीमा के भीतर दर्ज किया जाए, ताकि शासन स्तर पर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।

मानसिक व शारीरिक विकास के लिए खेल आवश्यक: अम्बष्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी लिमिटेड द्वारा अन्तरक्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन अम्बिकापुर में किया गया था। जिसमें पॉवर कंपनी की 10 टीमों ने हिस्सा लिया था, इस प्रतियोगिता में बिलासपुर की शतरंज टीम ने सभी टीमों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए.के. अम्बस्थ ने पूरी टीम को बधाई दी है। बिलासपुर क्षेत्र की शतरंज टीम ने कार्यपालक निदेशक से सौजन्य मुलाकात कर उन्हे

शतरंज प्रतियोगिता में बिलासपुर की टीम चैंपियन

विजेता ट्राफी भेंट की है। इस अवसर पर श्री अम्बस्थ ने पॉवर कंपनी के नेशनल टीम में चयनित होने वाले खिलाडी व्ही.के. खांडेकर, कुलदीप राठौर, डी.पी. तिवारी एवं स्वाति मरावी एवं टीम के अन्य सदस्य विनोद पटेल, स्मिता सोनी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुये कहा कि एक स्वस्थ शरीर के लिए खेल आवश्यक होता है, लगातार खेल गतिविधियों से जुडे रहना मानसिक एवं शारीरिक विकास में सहायक होता है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगडे, स्मिता सूर्यवंशी, कार्यपालन अभियंता पी.व्ही.एस. राजकुमार प्रकाशन अधिकारी मुकेश माथुर एवं आनंददेव तिवारी व रामकुमार साहू उपस्थित थे।

विधायक अटल की मांग व प्रयासों से संभागीय कार्यालय की मिली स्वीकृति

करगीरोड (कोटा)/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा पत्र द्वारा विधायक अटल श्रीवास्तव को जानकारी प्रदान की गई है कि आपके मांग पर विचार करते हुए कोटा सब डिवीजन रतनपुर सब डिवीजन के 11 वितरण केन्द्रो को जोड़कर सकरी नया विद्युत डिवीजन कार्यालय बनाये जाने की स्वीकृति दी गई है। सकरी डिवीजन में रतनपुर कोटा के साथ सकरी और तखतपुर सब डिवीजन भी शामिल रहेगा। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है कि कोटा के उपभोक्ताओं की मांग

को आपने स्वीकृत किया गौरतलब है कि अटल श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सचिव छत्तीसगढ़ शासन ऊर्जा विभाग एवं कार्यपालक निदेशक छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को लगातार पत्र व्यवहार करते रहे विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा में भी कोट क्षेत्रवासियों के सुगमता एवं आवश्यकता को ध्यान रखते हुए कोटा के आस-पास संभागीय कार्यालय स्थापना करने कि मांग की थी।

खेल | दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अमरकंटक में 56वीं अखिल भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री (पुरुष व महिला) प्रतियोगिता 2025 आयोजित

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की पुरुष व उत्तर पूर्व रेलवे की महिला टीम अव्वल

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ (सेक्रसा) के तत्वावधान में नर्मदा के उद्गम स्थल, अमरकंटक (पहाड़ी क्षेत्र) में आयोजित 56वीं अखिल भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता 2025 आज सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारतीय रेल के विभिन्न जोनों की 14 टीमों के कुल 122 खिलाड़ियों (71 पुरुष एवं 51 महिला) ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन एवं सहनशक्ति का परिचय दिया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो) की अध्यक्षा मीनाक्षी शर्मा के कर-कमलों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में उत्तर पूर्व रेलवे की टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि क्रॉस कंट्री जैसे कठिन खेल में खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित सहनशक्ति, गति, टीमवर्क और खेल भावना भारतीय रेल की समृद्ध खेल संस्कृति को सशक्त रूप से दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह खेल शरीर के साथ-साथ मन और धैर्य की भी परीक्षा लेता है, जिसमें सभी खिलाड़ियों ने स्वयं को उत्कृष्ट सिद्ध किया है। उन्होंने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाला प्रत्येक खिलाड़ी विजेता है, क्योंकि सभी ने अपने परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा से भारतीय रेल परिवार की प्रतिष्ठा को और ऊँचाई प्रदान की है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकेगी भारतीय रेल का नाम

महाप्रबंधक ने विश्वास व्यक्त किया कि यहाँ प्रदर्शित प्रतिभा आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चमकेगी और भारतीय रेल का नाम और अधिक गौरवान्वित करेगी। इन्हीं शुभेच्छाओं के साथ उन्होंने प्रतियोगिता के समापन की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर अध्यक्षा, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, मंडल रेल प्रबंधक/बिलासपुर, वरिष्ठ अधिकारीगण, प्रशिक्षकगण, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संरक्षण से ही अक्षय रहेगी ऊर्जा

विकास शर्मा

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा हुआ। इस दौरान कूटनीतिक रिश्ते प्रगाढ़ करने के साथ ही, ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी को और मजबूत करने पर बल दिया गया। बदलते दौर में ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ी है और जीवन का हर क्षेत्र निरंतर ऊर्जा आपूर्ति के बगैर संभव भी नहीं है। भारत के संदर्भ में यह और अहम हो जाता है क्योंकि वह विकसित भारत 2047 की संकल्पना के साथ आगे बढ़ रहा है। बढ़ती ऊर्जा मांग के अनुकूल तैयार होने की चुनौतियां भी अधिक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे भलीभांति समझ रहे हैं और इस दिशा में योजनाबद्ध ढंग से तेजी से बढ़ भी रहे हैं। इन प्रयासों के बीच आम आदमी की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। ऊर्जा क्षेत्र के विकास के साथ ही ऊर्जा के संरक्षण और संवर्धन को भी हमें गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। हमें समझना होगा कि उपयोगी ऊर्जा सीमित हैं और ऊर्जा के समुचित उपयोग नहीं होने से उसके दुष्परिणाम भी होते हैं। जीवाश्म ऊर्जा की सीमाओं और ऊर्जा के असीमित उपयोग के दुष्प्रभावों को समझते हुए ऊर्जा का विवेकपूर्ण और संतुलित उपयोग किया जाना चाहिए। देश में कुल ऊर्जा उत्पादन का 25 से 30 प्रतिशत अपव्यय हो जाता है। विकसित भारत बनने में यह ऊर्जा हानि एक बड़ी बाधा है। इससे निपटने में आम भारतीय की एक अहम भूमिका है।

प्रमुख क्षेत्रों में ऊर्जा अपव्यय

नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में कुल ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति में लगभग 55% कोयला आधारित ऊर्जा का हिस्सा है, कच्चे तेल का 30त्न, जल विद्युत का 10% और नवीकरणीय ऊर्जा का 6.5त्न हिस्सा होता है। ऊर्जा विश्लेषण संस्थान (ईएआई) के अनुसार औद्योगिक ऊर्जा का लगभग 30 से 35 प्रतिशत अपशिष्ट के रूप में नष्ट हो जाता है। इससे 200 से 250 TWh यूनिट बिजली तैयार की जा सकती है। इसी प्रकार अकुशल उपकरणों और गलत ढंग से ऊर्जा उपयोग के कारण घरेलू बिजली का 20 से 25 प्रतिशत तक बर्बाद होता है। भारत में भारी मात्रा में नगरीय ठोस अपशिष्ट उत्पन्न होता है जिससे अनुमान के मुताबिक 3650 मेगावाट बिजली उत्पादन संभव है, लेकिन सही नियोजन न होने के कारण अपशिष्ट का 5 प्रतिशत तक का ही ईंधन के रूप में उपयोग हो पाता है।

जलवायु परिवर्तन और हरित ऊर्जा

जलवायु परिवर्तन की चिंताओं के बीच जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने और अगले कुछ दशकों में कार्बन फुटप्रिंट को शून्य के स्तर पर लाने के लिए विश्वभर में एक आम राय बनी है। भारत के परिप्रेक्ष्य में यह और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश में प्रतिवर्ष 4.2 प्रतिशत की दर से ऊर्जा की मांग बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। नवीकरणीय ऊर्जा को हर स्तर पर बढ़ावा देने की दिशा में व्यापक कार्य योजना पर काम भी शुरू कर दिया गया है और साथ ही एक समानांतर प्रयास ऊर्जा हानि को न्यूनतम स्तर पर लाने का भी हो रहा है। हरित ऊर्जा के रूप में सौर ऊर्जा का उपयोग पिछले एक दशक में बढ़ा है और अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के बाद बहुत अधिक तेजी आई है। पर इसके भी बेतहाशा उपयोग से ई कचरा बढ़ेगा जो आने वाले दिनों के लिए अलग चिंता पैदा करने वाला है। इसलिए ऊर्जा हानि को कम करते हुए इसके अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित किया जाना ही सही विकल्प है।

संस्थागत प्रयास के साथ सामाजिक भागीदारी

ऊर्जा के तमाम स्रोतों का उद्योग , व्यापार, कृषि और घरेलू उपयोग होता है, जहां बड़े पैमाने पर ऊर्जा का अपव्यय देखा गया है। ऊर्जा बर्बादी के रोकथाम के लिए सरकारी स्तर पर बहुत से प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी में भारत सरकार द्वारा ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के तहत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (ब्यूरो ऑफ़ एनर्जी एफिशिएंसी) की स्थापना मार्च 2002 में की गई थी। अपने गठन के बाद से ही बी.ई.ई ने देश भर में सरकारी एवं निजी क्षेत्र के संस्थानों में ऊर्जा अपव्यय के रोकथाम के लिए प्रोत्साहित किया है। इन प्रयासों के सार्थक परिणाम भी सामने आए हैं। आमजन से लेकर सामाजिक तौर पर ऊर्जा संरक्षण के प्रति चेतना जगी है। उद्योगों में ऊर्जा बर्बादी रोकने के लिए परफॉर्म अचीव एंड ट्रेड (पीएटी) योजना शुरू की गई। इसके तहत विशिष्ट ऊर्जा खपत के लिए मानक तैयार किए गए, ऊर्जा खपत करने वाले विभिन्न उपकरणों के लिए मानक निर्धारित करने के साथ ही इनके प्रमाणीकरण, भवनों के निर्माण के लिए ऊर्जा संरक्षण संबंधी मानक इको निवास संहिता (ई.सी.बी.सी) के आधार पर भवन निर्माण को बल दिया गया, ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए गो इलेक्ट्रिक अभियान शुरू किया गया है जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा सके। संस्थाओं को ऊर्जा बचत के लिए प्रोत्साहन हेतु राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार भी दिए जाते हैं। इनके उत्साहजनक परिणाम भी आए हैं।

तेजी से आगे बढ़ते भारत में विद्युत क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। भारत विश्व में तीसरा सबसे बड़ा विद्युत का उत्पादक और उपभोक्ता है। विद्युत की बढ़ती मांग और उसे पूरा करने की दिशा में हो रहे प्रयासों के बीच विद्युत हानि एक बड़ी चिंता का विषय है। देश में 16त्न विद्युत हानि का अनुमान है और यह क्षेत्र है जहां अधिक प्रयास की आवश्यकता है। आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी के उपयोग से बहुत हद तक इस हानि को कम किया जा सकता है किंतु इसके साथ ही आमजन की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।

सुनो भाई उधो

भौं... भौ... भौ... कुकुर एकता जिंदाबाद..!

परमानंद वर्मा

अतेक स्वामिभक्त अउ वफादार होय के बावजूद काबर हमन ला कुत्ता याने कुकुर के हे जाथे। सेना, सुरक्षा, पुलिस के छोड़े गुप्तचरी के पता लगाय म कोंनो कसर नई छोड़न। बस एके ठन अलकरहा खुलेआम हों जथे जेला कोनो नई भावय। सो काम म एक ठन गलत होगे तेकर बर अतेक बड़े सजा, कुत्ता। सदियों से जिल्लत झेलत आवत हन। सरकार अउ अदालत ले मांग हे के कुत्ता के जगह कोनो दूसर नांव रखे जाय। पढ़व इही संदर्भ ए आलेख,,,।

अंधेर नगरी चउपट राजा। टका सेर भाजी टकार सेर खाजा...।

देश भर मं जतका आईजी, डीआईजी, पुलिस कमिश्नर अउ थाना प्रभारी मन के छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर मं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अउ गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशन मं जइसे सम्मेलन होय रिहिसे। उही 'पेटर्न मं दिल्ली मं घला कुकुर सम्राट हा घला फरमान जारी करे हे 'कुकुर सम्मेलन कराय के। एमा कुकुर समुदाय के जतका धाकड़ मुखिया हे ओमन ला 'आमंत्रण पत्र याने नेवता भेजे जावत हे। ये फैसला 'सुप्रीम कोर्ट कोती ले जारी आदेश ला देखते हुए करे जावत हे। कुकुर मन के संकट, परेशानी, दुख अउ दुविधा ला देखके सुप्रीम कोर्ट ये मामला ला संज्ञान मं लीस अउ देशभर के जतका मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, केन्द्र शासित सरकार के मुखिया अउ सचिव मन ला आदेश जारी करे हे के कुकुर मन ला नाहक परेशान अउ सताय मत जाय। एकर छोड़े ओकर मन के 'सुरक्षा व्यवस्था अउ समस्या ला दूर करे खातिर 'गाइड लाइन जारी करे हे। संगे-संग खाये-पीये बर एक 'फीडिंग जोन हर वार्ड, हर गांव मं एक तय जघा मं करे जाय। जब ये सब सुविधा ओमन ला मिल जही तब काबर एती-ओती भटकही, कोनो ला भुकही, काटे बर दउड़ाही। 'डाग बाइट के जउन परेशानी होवत रिहिसे, ओकर से जनता ला मुक्ति मिल जाही। ये सब बेवस्था हो हे, नइ होय हे तेकर जनवरी 26 तक दे के आदेश घला देये हे। छत्तीसगढ़ सरकार तो तुरते ताही 'सुप्रीम कोर्ट के आदेश मिलते साठ कुकुर मन के निगरानी करे के आदेश शिक्षा विभाग ला संउप दीस। ओ अधिकारी ये जवाबदारी शिक्षक याने गुरुजी याने मास्टर नांव के जउन सबले निरीह अउ कमजोर परानी होथे ते मन ला संउप दे हे। जइसे हि ये जिम्मा गुरुजी मन ला मिलिस, ओमन सिर पीट लीन। अब ओमन लइका मन ला पढ़ावय, लिखावय ते गली-गली मं घूम-घूम के कुकुर मन के टोह लेवय?

जनता मन के शिकायत अउ गुरुजी मन के 'सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक कुकुर मन तीन परकार के होथे। पहली भुकइया कुकुर, दूसर नम्बर के हे कटइया (चाबने वाला), अउ तीसर नम्बर के हे पालतू कुकुर। एमा पालतू कुकुर ले कोनो ला कोनो परकार के शिकायत नइहे, काबर घर भीतर रहिथे, खाये-पिये ले सबो जिनिस बखत-बखत मं मिलत रहिथे, सबले जादा लफड़ा काटने वाला अउ भौं-भौं भुकत रहइया कुकुर मन के हे। गांव-गांव अउ हरेक कस्बा ले कुकुर मन के हिंसक होवे अउ लइका, सियान मन ला काटे के सरलग शिकायत मिलथे। सरकारी तंत्र जब ये संकट, समस्या के निदान करे खातिर नाकाम दीखिस तब 'सुप्रीम कोर्ट हरकत मं अइस अउ देश भर के सरकार अउ नगरीय ग्रामीण प्रशासन ला ठोस कदम उठाय खातिर सख्त आदेश जारी करिस।

'सुप्रीम कोर्ट के आदेश ला जानके देशभर के कुकुर समुदाय मं खुशी के लहर फैलगे। काहत हे- दुनिया मं देर भले हे फेर अंधेर नइहे। ऊपर वाला मालिक सबके सुनथे। हमरो मन के दिन अब बहुरही तइसे लागत हे। जय हो 'सुप्रीम कोर्ट जय हो 'न्यायाधीश के। मारे खुशी के नाचत गावत हे। परेशानी गुरुजी याने मास्टर मन के बढगे हे। अब ओकर मन के गोसइन याने 'मास्टरिन मन अपने गोसइया मनके हंसी उड़ावत हे ताना मारत हे। काहत हें- तुंहर मन ले तो बने बइला-भंइसा, गाय चरवाहा, छेरी चरवाहा मन हे। उंकर मन के इज्जत हे, मान सम्मान हें, तुमन ला कुकुर चरवाहा काहब मं घला लाज-शरम लागथे। अतेक गै-गुजरे होगे हौ तुमन। कहां गुरुजी, विद्या के दाता, बुद्धि के विधाता कहइया मन के यहा दुरगति, अतेक हिनमान। गुरुजी मन के जउन पांव पखारथे, आरती उतारथे तेमन कुकुर चरवाहा? का होगे हे सरकार ला?

ओ मस्टरनीन अउ जनता मन घलो काहत हे- जेन देश मं महतारी, बेटी, दाई, बहिनी अउ गुरुजी मन के अइसन बेकदरी होवत हे, वाजिब मं अब रेहे के लइक नइहे, जहर खाके मर जाय तउने म भलई हे। ओती 'कुकुर सम्राट दिल्ली के मुखिया के आदेश के मुताबिक रायपुर के साइंस कॉलेज के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम मं कुकुर सम्मेलन कराय के जोरदार तइयारी चलत हे। जतका धाकड़, शैतान, फरारशुदा कुकुर मन हे तेमन प्रचार-प्रसार अउ बेवस्था मं भीड़गे हे। शासन प्रशासन अउ पुलिस घला कोनो परकार के अशांति, उपाय अउ अव्यवस्था ले निपटे खातिर मुस्तैद होगे हे। सम्मेलन के तिथि तय नइ होय हे फेर पुलिस निगरानी शुरू होगे हे। फरार अउ आतंकी टाइप के कुकुर मन ऊपर चौबीसों घंटा नजर रखे हे।

तनाव से तंदुरुस्ती तक : सही पोषण का सफर

डॉ सीमा कलरा

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव एक सामान्य लेकिन गंभीर समस्या बन चुका है। विद्यार्थी, नौकरीपेशा व्यक्ति, गृहिणी, बुजुर्ग–हर कोई किसी न किसी तरह के मानसिक दबाव का सामना कर रहा है। प्रतियोगिता, आर्थिक दबाव, पारिवारिक असंतुलन, सोशल मीडिया की तुलना, मोबाइल का अधिक उपयोग, नींद की कमी और असंतुलित भोजन तनाव के प्रमुख कारण बन चुके हैं। तनाव के समय शरीर में कोर्टिसोल नामक हार्मोन बढ़ जाता है, जो दिमाग़ को नकारात्मक दिशा में ले जाता है तथा व्यक्ति चिड़चिड़ापन, थकान, अवसाद और बेचैनी महसूस करने लगता है। लेकिन अच्छी बात यह है कि तनाव को नियंत्रित किया जा सकता है ङ्क और यह नियंत्रण सबसे अधिक सही पोषण (Nutrition) के माध्यम से संभव है।

वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि यदि भोजन संतुलित और पौष्टिक हो तो तनाव का स्तर काफी हद तक कम हो जाता है। उचित पोषण मस्तिष्क के न्यूरोट्रांसमीटर जैसे सेरोटोनिनऔर डोपामिन को सक्रिय करता है, जो मन को शांत और प्रसन्न रखते हैं। जब भोजन सही होता है तो मन की अवस्था भी सकारात्मक होती है।

इसलिए तनाव प्रबंधन के तहत सबसे पहले खाने की गुणवत्ता सुधारनी चाहिए। विटामिन B-Comple&, ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन ष्ट, मैग्नीशियम, प्रोटीन, फाइबर और ट्रिप्टोफैन जैसे पोषक तत्व तनाव को कम करने में विशेष भूमिका निभाते हैं। ये पोषक तत्व दिमाग को ऊर्जा देते हैं, हार्मोन को नियंत्रित करते हं और नींद में सुधार लाते हैं।

अक्सर तनाव के समय लोग अधिक या कम खाने लगते हैं। मीठा, तला हुआ, पैकेट वाला खाना और जंक फूड ज्यादा पसंद आने लगता है, जिससे वजन बढ़ता है, थकान बढ़ती है और मन अशांत होता है। इसके बजाय यदि व्यक्ति समय पर घर का सादा, पारंपरिक, पौष्टिक भोजन ले तो तनाव स्तर में निश्चित रूप से कमी आती है। तनाव कम करने के लिए नीचे दिया गया एक दिन का भोजन (Diet Plan) उपयोगी साबित हो सकता है।

सिर्फपोषण ही नहीं, बल्कि सही दिनचर्या भी तनाव से मुक्ति दिला सकती है। नियमित प्राणायाम, ध्यान, पद्मासन, सूर्य नमस्कार और शवासन दिमाग़ को शांत करते हैं। मोबाइल के उपयोग को कम करके प्रकृति में थोड़ा समय बिताने से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। हर दिन 7ङ्क8 घंटे की नींद, सकारात्मक सोच, खुशियों को बांटना और "No" कहना सीखना तनाव को काफी हद तक कम कर सकता है।

तनाव जीवन का एक हिस्सा है, लेकिन जीवन पर नियंत्रण रखने का अधिकार हमारे पास है। संतुलित आहार, पौष्टिक भोजन, आयुर्वेदिक नुस्खे, योग, नींद और सकारात्मक सोच अपनाकर तनाव को तंदुरुस्ती में बदलना पूरी तरह संभव है। सही पोषण सिर्फ शरीर को नहीं बल्कि मन को भी पोषित करता है। इसलिए कहा जा सकता है–

"संतुलित आहार ही तनावमुक्त जीवन की सबसे शक्तिशाली औषधि है।"

तनाव कम करने के लिए एक दिन का संतुलित आहार नियोजन

समय भोजन सुझाव लाभ

1. सुबह उठने पर गुनगुना पानी + भीगे बादाम दिमाग़ ताज़ा।
2. नाश्ता – फल + ओट्स/दलिया + दही ऊर्जा व शांति
3. मिड मॉर्निंग – नारियल पानी / आंवला जूस तनाव कम, इम्युनिटी बढ़ना
4. दोपहर का भोजन – दाल + रोटी/चावल + सब्जी + सलाद सम्पूर्ण पोषण
5. शाम का नाश्ता –मखाना / भुना चना + ग्रीन टी थकान दूर
6. रात्रि भोजन– सूप + खिचड़ी या दलिया (हल्का भोजन) नींद अच्छी आती है
7. सोने से पहले – हल्दी या अश्वगंधा दूध दिमाग शांत

तनाव कम करने के लिए प्रभावी घरेलू नुस्खे

तनाव कम करने के लिए दवाइयों से पहले प्राकृतिक उपाय अपनाने चाहिए:

1. हल्दी वाला दूध – रात में लेने से तनाव कम और नींद बेहतर।
2. मुनक्का पानी – कमजोरी और मानसिक थकान दूर करता है।
3. शहद + नींबू पानी – शरीर को ताज़गी देता है।
4. आंवला या नारियल पानी – विटामिन ष्ट शरीर को आराम देता है।
5. अश्वगंधा पाउडर दूध में – तनाव हार्मोन कोर्टिसोल को नियंत्रित करता है।
6. तुलसी चाय / ग्रीन टी – दिमाग़ शांत करती है। तनाव प्रबंधन में योग और जीवनशैली का योगदान

व्यंग्य रचना : गरीब का रामराज

सबसे अच्छा राज्य राम राज्य कहा जाता रहा है । रामराज की कल्पना गरीब करता है देश का नेता राम राज्य लाने का सपना दिखाता है ,चाहे किसी भी दल का हो । पर यह सोचने का विषय है कि राम के राज में भी यज्ञ व अन्य पुण्य कार्यों में गौ ,धन , वस्त्र और अन्न का दान गरीबों को किया जाता था। गरीबों की जरूरत तब भी पड़ती थी ,गरीब रामराज में भी थे । गरीब बड़ी जरूरी चीज है । यह बाकी लोगों के गर्व और दानशीलता को साधे रखता है । गरीब ना हो तो अमीरी किस बात की , किस काम की ? नजर का सदका उतार कर किसे दे कोई। अलाय-बलाय कौन ओटेगा यदि गरीब ना हो । गरीब रखने पड़ते हैं। बाहर से कहां से आएंगे ,अपने ही गरीब जरूरी है । आयातित गरीब उपद्रव करते हैं । आए तो थे बाहर के , पर भगाने पड़ रहे हैं । अपना देशी गरीब देशभक्त होता है , देश का अमीर या संवेदनशील सरकार जो दे दे उसे वह सम्मान देता है ,संतुष्ट रहता है । सच्चे मन से आशीर्वाद भी देता है । गरीब इसीलिए रखे जाते हैं और वह भी गरीबी रेखा के नीचे रखने पड़ते हैं। वहां से ऊपर उठ गये तो उनके अमीर हो जाने का डर है। कुछ लोगों ने उनके पूर्वजों के कपड़े फाड़ लिए थे , तीसरी पीढ़ी में वह नाले के किनारे झुग्गी में जन्मा है। अब कुछ उसकी नंगी देह पर जाड़ों में कंबल डाल गए हैं। वह देशी गरीब है , हक से अधिक भाग्य को मानता है। खुशनसीब ही मान रहा है खुद को, कि जाड़ों में कंबल मिल गया है । किन हाथों ने उसकी चादर छीन ली यह उसकी फिक्र नहीं करता। मानवाधिकार फैशन वाली चीज है। काफी समय से मानवाधिकार को लेकर अमेरिका वाले ,पीयूसीएल ,एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वाले बड़े फैशनेबल काम कर रहे हैं। यूएनओ भी पीछे नहीं है। ये सब मानवाधिकार को लेकर हमेशा चिंतित रहते हैं , जैसे हमारे देश में प्रजातंत्र को लेकर हर एक व्यक्ति चिंतित रहता है । कुछ संस्थाएं तो चिंतित रहने के लिए ही बनाई गई हैं , रेड क्रॉस सोसाइटी उनमें से एक है । पिछले दस बरस में किसी ने रेड क्रॉस सोसाइटी को काम करते ना देखा होगा पर वह भी मानव स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहती है । अभी मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है सब लोग चिंतित हैं । "गरीबी से निजात दिला कर रहेंगे" नेता कह रहा है। "भूख से किसी को मरने नहीं देंगे" भले ही इलाज के अभाव में मर जाए। अफसर भेदभाव मुक्त जीवन देने को कृत-संकल्प हो गए हैं। जाति गणना की मांग जोर शोर से उठी है ताकि भेद का भाव भांपा जा सके। सरकार जननोन्मुखी हो रही है , सारी सरकारें ही जननोन्मुखी रही है । सरकारी गरीबी हटाने के लिए कृत संकल्प भी रही और कटिबद्ध भी । सबने गरीबों की गरीबी उसकी कटि में इतनी कस के बांध दी कि वह मुफ्त का अनाज और खैरात के रुपए लेकर भी गरीबी में आकंठ डूबा है । अनाज खा जाता है ,बच जाए तो ÷पी÷ लेता है । रुपए चखने में चले जाते हैं , पर ऐसी कोई जुगत नहीं कि वह सम्मान से कमा सके , सम्मान कमा सके । बड़े-बड़े लोग मानवाधिकार के लिए कड़ाके की सर्दी में सड़कों पर निकल आए हैं , गरीब की लड़ाई ऐसे भले लोग लड़ रहे हैं। गरीब अपनी झुग्गी में ठिठुरते हुए दान के कंबल की बाट जोह रहा है । प्रभात फेरी निकली है ÷वैष्णव जन तो तेने कहिये जो पीर पराई जाने रे÷ गाया जा रहा है । वैष्णव जन मोटरों में बैठकर देश सेवा करने संसद चले गए हैं । गरीब अपने इलाके में उनके वादों के पूरा होने के आस में बैठा है। भरे पूरे पेटों से अपने आधे पेट को जोड़े बैठा है , रामराज आएगा गरीब फिर दान पाएगा , वैष्णव जन इस बार उसकी पीड़ जरूर जान लेंगे , जरूर दूर कर देंगे।

डॉ. किशोर अग्रवाल

आज का इतिहास

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन मिला-जुला फल देगा कभी प्रसन्न तो कभी उत्साहहीनता बनेगी। व्यवसायी वर्ग आज प्रातः काल से ही धन की उगाही को लेकर चिंतित रहेंगे। सेहत संध्या बाद खराब हो सकती है।

वृष: आज के दिन आपको परिश्रम का फल ना मिलने से गुस्सा आएगा। दिन का प्रथम हिस्सा तो शांति से व्यतीत करेंगे लेकिन इसके बाद कि दिनचार्य व्यर्थ की भागदौड़ वाली रहेगी।

मिथुन: आज के दिन आपका उद्दंड व्यवहार हस्ते हुए इंसान को रुला देगा। स्वभाव में कठोरता एवं रूखापन आपसी संबंधों को तो खराब करेगा ही साथ मे धन संबंधित उलझने भी बढ़ाएगा।

कर्क: आज का दिन आप अपने असंतोषी आचरण से खराब करेंगे। परिस्थितियां अधिकांश समय आपके निर्णय के विपरीत रहेंगी। पुरानी बात याद आने पर मानसिक रूप से अशान्त और ग्लानि अनुभव करेंगे।

सिंह: आज के दिन व्यर्थ के कार्यो में समय नष्ट होगा जिससे अपने मूल उद्देश्य से भटक जाएंगे। सर दर्द अथवा मासपेशियो में अकड़न रहेगी। सर दर्द अथवा मासपेशियो में अकड़न रहेगी।

कन्या: आज के दिन अधिकांश समय लापरवाही करेंगे। प्रातः काल यात्रा की योजना बनेगी लेकिन अकस्मात अन्य कार्य आने से निरस्त हो सकती है। सेहत में ताजगी बनी रहेगी। लोभ से बचें समय स्वतः ही लाभदायक बना है।

तुला: आज परिस्थितिया संध्या तक विषम रहेंगी इसके बाद ही थोड़ी राहत अनुभव करेंगे। परिवार रिश्तेदारी में अकस्मात दुखद घटना घटित होने की सम्भवना है।

वृश्चिक: आज का दिन उठा पटक वाला रहेगा आज आप जिस कार्य से लाभ की उम्मीद लगाए रहेंगे उसे छोड़ कोई अन्य काम लाभ दिलाएगा। सेहत कुछ समय के लिये गड़बड़ होगी।

धनु: आज के दिन शुभ प्रसंग बनने से उत्साहित रहेंगे लेकिन आज अपने काम से काम रखें कही सुनी बातो पर ध्यान दिया तो किसी ना किसी से गरमा गरमी अवश्य होगी। घर में थोड़ी बहुत कहा सुनी होगी।

मकर: आज के दिन आपमे धार्मिक भावनाओं का उदय होगा। दैनिक कार्यो से समय निकाल पूजा पाठ धार्मिक यात्रा के लिये उपस्थित रहेंगे। सेहत में आज स्थिरता रहेगी।

कुंभ: आज के दिन आपको स्वास्थ्य एवं अन्य घरेलू समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। दिन के आरंभिक और अंतिम भाग को छोड़ शेष में मानसिक उलझने लगी रहेंगी।

मीन: आज का दिन संभावनाओं पर केंद्रित रहेगा जो लोग आपसे नजदीकी बनाये हुए है वो आपकी बेतुकी बातो से दूरी बना सकते है। शारीरिक कमजोरी अनुभव होगी।

QUIZ TIME

1) राज्यपाल का मुख्य सलाहकार कौन रहता है?

2) सिक्किम में प्रथम रेलवे स्टेशन की आधारशिला कहाँ रखी गई थी?

3) सबसे बड़ा ड्रोन पायलट प्रशिक्षण संस्थान किस शहर में खोला गया है?

4) अरूणाचल प्रदेश का 27वाँ जिला कौन-सा है?

5) जम्मू और कश्मीर की एक कैनोइस्ट ने अप्रैल 2024 को इतिहास रच दिया, जब वह पेरिस में ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक में जूरी में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मुख्यमंत्री (2) रंगपो (3) ग्वालियर (4) बिचोम (5) बिल्कीस मीर

शब्द सागर

समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए शासन प्रतिबद्ध

डॉ. दानेश्वरी संभाकर,
उप संचालक

छत्तीसगढ़ में समाज के कमजोर, वंचित और विशेष जरूरतों वाले वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में बीते दो वर्ष उल्लेखनीय सिद्ध हुए हैं। समाज कल्याण विभाग ने इस अवधि में पेंशन योजनाओं, दिव्यांगजन सहायता, वरिष्ठ नागरिक कल्याण, आश्रय सुविधाओं, उभयलिंगी पुनर्वास और नशा मुक्ति कार्यक्रमों के क्षेत्र में व्यापक सुधारों और नई पहल का नेतृत्व किया है। योजनाओं की पारदर्शिता पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाकर राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अंतिम व्यक्ति तक सहायता और सुरक्षा पहुँचे। यह कार्यकाल संवेदनशील, जवाबदेह और जनकेंद्रित शासन का वास्तविक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

पेंशन योजनाओं में क्रांतिकारी सुधार 21.99 लाख हितग्राहियों तक सहायता: राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेंशन योजनाओं के संचालन में तकनीकी सुधार किए। छह प्रमुख पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी वृद्धावस्था, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा तथा मुख्यमंत्री पेंशन योजना के माध्यम से 21.99 लाख हितग्राही लाभान्वित हुए।

राष्ट्रीय परिवार सहायता- संकट की घड़ी में बड़ा सहारा: गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना जीवन रक्षक सिद्ध हुई है। दो वर्षों में 5,110 पात्र परिवारों को 20 हजार रुपए की एकमुश्त सहायता प्रदान की गई, जिससे आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में उन्हें राहत मिल सके।

दिव्यांगजन सहायता सुविधाओं, पहचान और पुनर्वास में कई गुना वृद्धि: दिव्यांगजनों की सहायता और सशक्तिकरण के लिए विभाग द्वारा किए गए प्रयास अत्यंत प्रभावी रहे। यूडीआईडी कार्ड लाभार्थी 2.74 लाख तक पहुँचे। सहायक उपकरण वितरण 1,161 से बढ़कर 3,609 हो गया। सामर्थ्य विकास शिविरों में भी वृद्धि हुई और 4,983 दिव्यांगजनों को सीधा लाभ प्राप्त हुआ। ये सभी प्रयास दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी गरिमा सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाते हैं।

पेंशन वितरण पारदर्शी और समयबद्ध

डीबीटी भुगतान 98 प्रतिशत और आधार सीडिंग 96 प्रतिशत तक पहुँचने के साथ पेंशन वितरण प्रणाली अत्यंत पारदर्शी और समयबद्ध बनी। ई-केवायसी प्रक्रिया में मृत हितग्राहियों को हटाकर वास्तविक पात्रों को लाभ सुनिश्चित किया गया। मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राही 7.10 लाख से बढ़कर 7.45 लाख होना राज्य की संवेदनशील नीतियों का महत्वपूर्ण परिणाम है।

छात्रवृत्तियों से बढ़ा शैक्षणिक आत्मविश्वास

राज्य और केंद्र सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा जारी रखने में बड़ी मदद मिली। राज्य छात्रवृत्ति 7,807 से बढ़कर 8,726 और केंद्रीय छात्रवृत्ति 390 से बढ़कर 423 हुई।

आश्रय सुविधाओं में सुधार सुरक्षित जिंदगी की गारंटी

घरौंदा, हाफ-वे-होम, अपराजिता और प्रशामक देखभाल गृहों में रहने वाले हितग्राहियों की संख्या बढ़ी है, जो सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार को दर्शाता है। गंभीर और बहुदिव्यांगजन, मानसिक रोग से स्वस्थ हुए व्यक्ति तथा जरूरतमंद वृद्धजन इन सुविधाओं का लाभ उठाकर सम्मानजनक जीवन जी पा रहे हैं।

उभयलिंगी व्यक्तियों के पुनर्वास में महत्वपूर्ण प्रगति

उभयलिंगी समुदाय के लिए राज्य सरकार का दृष्टिकोण अत्यंत संवेदनशील रहा है। पहचान प्रमाण पत्र 506 से बढ़कर 915 हुए, वहीं एसआरएस ऑपरेशन के लाभार्थी 5 से बढ़कर 9 हुए। यह समुदाय को मुख्यधारा में लाने और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

नशा मुक्ति अभियान नई शुरुआत की राह

नशा मुक्ति के क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार करते हुए नशामुक्ति केंद्रों की संख्या 11 से बढ़ाकर 25 कर दी गई। लाभार्थी बढ़कर 4,379 हुए। भारत माता वाहिनी दल गतिविधियों के विस्तार के साथ सक्रिय हुआ, जबकि सियान हेल्पलाइन ने 2.73 लाख कॉल प्राप्त कर राज्य में भरोसेमंद सहायता तंत्र स्थापित किया।

नवीन पहल भविष्य के लिए मजबूत नीति ढांचा

सुगम्य छत्तीसगढ़ अभियान के तहत सभी सार्वजनिक भवनों का एक्सेस ऑडिट किया गया। नए विशेष विद्यालयों और आवासीय परिसरों के निर्माण हेतु 205 करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया गया। दिव्यांग विकास आयोग गठन एवं बढ़े हुए बजट (1504 करोड़ रुपए से 1575 करोड़ रुपए) ने विभागीय कार्यों को नई ऊर्जा प्रदान की है। इन दो वर्षों में समाज कल्याण विभाग की उपलब्धियाँ साबित करती हैं कि संवेदनशील और जनकेंद्रित शासन किस प्रकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचकर परिवर्तन ला सकता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सामाजिक सुरक्षा, दिव्यांगजन, सशक्तिकरण, वरिष्ठ नागरिक कल्याण और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में देश के सामने एक सशक्त और परिणामदायी मॉडल बनकर उभरा है। यह दो वर्ष छत्तीसगढ़ के लिए मानवीय मूल्यों, विकास और संवेदना का मजबूत अध्याय साबित हुए हैं।

नव प्रदेश
विष्णुदेव साय सरकार के
बेमिसाल 2 साल

फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर बना मध्यभारत में दिव्यांग पुनर्वास की मिसाल

छत्तीसगढ़ में समाज कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2012 में स्थापित फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर, माना कैम्प ने दिव्यांगजन पुनर्वास और कृत्रिम अंग निर्माण के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करते हुए मध्यभारत में एक आदर्श और अग्रणी संस्थान के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। अत्याधुनिक तकनीक, अनुभवी चिकित्सकीय एवं तकनीकी विशेषज्ञों की समर्पित टीम और मानवीय संवेदनाओं से प्रेरित कार्य संस्कृति के चलते यह केंद्र आज केवल एक उपचार या तकनीकी सुविधा का स्थान नहीं, बल्कि हजारों दिव्यांगजनों के लिए आत्मनिर्भरता, सम्मानपूर्ण जीवन और नए भविष्य की मजबूत आधारशिला बन चुका है। राज्य ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में दिव्यांगजन यहाँ पहुँचकर पुनर्वास सेवाओं का लाभ ले रहे हैं, जिससे यह केंद्र छत्तीसगढ़ की सामाजिक प्रतिबद्धता और संवेदनशील शासन व्यवस्था का प्रभावी प्रतीक बनकर उभरा है।

सात हजार से अधिक दिव्यांगजनों को मिला नया जीवन: केंद्र द्वारा अब तक 7000 से अधिक कृत्रिम हाथ-पैर एवं प्रोस्थेटिक उपकरण निःशुल्क तैयार कर वितरित किए गए हैं। इन उपकरणों से अनेक दिव्यांगजन दोबारा चलने-फिरने और कामकाज में सक्षम हुए, युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिले, विद्यार्थी पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़े और बुजुर्गों ने स्वतंत्र रूप से जीवन जीने की क्षमता प्राप्त की। यह सहायता केवल शारीरिक नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सामाजिक सहभागिता को भी सशक्त करती है।

आधुनिक तकनीक से सटीक और निःशुल्क सेवाएँ: फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर में आधुनिक मापन तकनीक, उच्च गुणवत्ता सामग्री और अनुभवी तकनीशियनों की टीम द्वारा प्रत्येक लाभार्थी की आवश्यकता के अनुरूप टिकाऊ प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक उपकरण तैयार किए जाते हैं। केंद्र की सभी सेवाएँ पूर्णतः निःशुल्क हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के दिव्यांगजनों को भी उच्च गुणवत्ता की सुविधाएँ सुलभ हो रही हैं। इसके साथ ही व्हीलचेयर, कैलिपर्स, एल्बो क्रचेज़ एवं अन्य सहायक उपकरणों का वितरण कर दैनिक जीवन को और अधिक सुगम बनाया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में महिला विकास की नई इबारत

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने के लिए बीते दो वर्षों के दौरान महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर परिवर्तनकारी कार्य हुए हैं, उन्होंने राज्य को राष्ट्रीय पटल पर एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया है। सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और निर्णय क्षमता को अपनी नीतियों का मूल आधार बनाते हुए सामाजिक-आर्थिक बदलाव की एक नई दिशा तय की है।

छत्तीसगढ़ में महिला विकास की नई इबारत: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कहते हैं कि हमारा संकल्प है कि छत्तीसगढ़ की हर महिला आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सम्मानित जीवन जिए। बीते दो वर्षों में महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर जो कार्य किए गए हैं, वे एक विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव हैं। सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य, आजीविका, सुरक्षा और भागीदारी को हर नीति के केंद्र में रखकर आगे भी योजनाएँ लागू करती रहेगी।

शासन की महत्वकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना ने महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को नई मजबूती दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 10 मार्च 2024 को वर्चुअली लॉन्च की गई इस योजना के तहत राज्य की लगभग 70 लाख विवाहित महिलाओं को हर माह 1,000 रुपये की प्रत्यक्ष सहायता प्रदान की जा रही है। अब तक 14,306 करोड़ 33 लाख रुपये की राशि 22 किश्तों में उनके बैंक खातों में पहुंचाई जा चुकी है। महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य और आर्थिक मजबूती के लिए 5,500 करोड़ रुपये का प्रावधान भी यह दर्शाता है कि महिला कल्याण राज्य की विकास-यात्रा का केंद्र बिंदु है।

महिलाओं को संपत्ति में अधिकार देने के लिए रजिस्ट्री शुल्क में 1 प्रतिशत की छूट जैसे निर्णयों ने उन्हें न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण भी प्रदान की है। इसी क्रम में 368 महतारी सदनों का निर्माण स्वीकृत किया गया है, जहाँ महिलाओं को प्रशिक्षण, परामर्श, कौशल विकास और सहायक सेवाएँ एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का ऑनलाइन भुगतान शुरू कर सरकार ने सुशासन और पारदर्शिता को और भी मजबूत किया है।

धान खरीदी को आसान बनाने की दिशा में निर्णायक कदम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तूहर टोकन ऐप को अब 24म7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे।

अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं।इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है। उल्लेखनीय है कि टोकन प्रत्येक सहकारी समिति को आबंटित सीमा के भीतर ही जारी किए जाएंगे। किसानों से आग्रह है कि वे समय रहते तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त करें और किसी भी असुविधा से बचें।

किसानों की सुविधा और पारदर्शी व्यवस्था हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। तूहर टोकन ऐप को 24म7 खोलने और समय की बाध्यता समाप्त करने का निर्णय इसी सोच का परिणाम है। अब किसान बिना किसी दबाव के, अपनी सुविधा अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसानों के लिये टोकन की अतिरिक्त समय सीमा और अवधि का विस्तार किसानों को वास्तविक राहत देगा। राज्य सरकार किसान हित में हर संभव कदम उठाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

तीसरे दिन भी ग्रीन आर्मी का जोश बरकरार

महाराजबंध तालाब से हटाए गए 25+ दुर्गा और गणेश की झांकियों के अवशेष

- डिप्टी कमिश्नर पांडेय की मौजूदगी से अभियान को मिला नया सहयोग

रायपुर/नवप्रदेश। शहर की ऐतिहासिक धरोहर महाराजबंध तालाब में ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ का स्वच्छता अभियान तीसरे दिन भी पूरे जोश और ऊर्जा के साथ जारी रहा। सुबह 7:30 बजे से ही सदस्य भारी संख्या में तालाब परिसर पहुँचे और श्रमदान के तहत तालाब में जमा प्लास्टिक, पॉलीथिन, जलकुंभी तथा विसर्जन सामग्री को बाहर निकाला। आज भी कई झांकियों के ढांचे और भारी मात्रा में कचरा तालाब से हटाया गया। अभियान में दिशा कॉलेज के छात्र-छात्राओं की निरंतर उपस्थिति विशेष रूप से सराहनीय रही। युवा वर्ग का यह लगातार सहयोग अभियान में नई ऊर्जा भर रहा है और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक उदाहरण बन रहा है।

ग्रीन आर्मी द्वारा रोज़ पंपलेट वितरित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक नागरिक अभियान से जुड़ें। मंदिर परिसर में लगे माइक से श्रद्धालुओं और राहगीरों को पर्यावरण और स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है, जबकि आसपास के निवासियों के घरों में जाकर भी उन्हें तालाब संरक्षण में सहयोग देने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। अभियान को देखते हुए नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर पांडेय जी स्वयं स्थल पर पहुँचे और अपनी टीम के साथ सफाई कार्य में सहयोग दिया। उनकी पहल पर घाटों से जेसीबी मशीन द्वारा भी मलबा निकाला गया। उन्होंने ग्रीन आर्मी की जनता को साथ लेकर चलने की इस पहल की सराहना करते हुए निगम की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। अभियान में शामिल महिलाओं की उत्साही भागीदारी ने मुहिम को अत्यंत मजबूत बनाया। सुबह-सुबह बड़ी संख्या में महिलाओं का तालाब पहुँचकर श्रमदान करना समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश बन गया है।

धान के अवैध भण्डारण एवं संग्रहण पर हो रही है कड़ी कार्यवाही

- संयुक्त टीम ने राइस मिलों में छापामार कार्रवाई की

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में धान के अवैध परिवहन, भण्डारण, संग्रहण पर कार्यवाही की जा रही है। खाद्य विभाग, मंडी निरीक्षक की संयुक्त टीम द्वारा राइस मिल्स का निरीक्षण किया गया और कार्यवाही की गई। जिले के विभिन्न मिल परिसर में खाद्य अधिकारियों, मंडी सचिव एवं निरीक्षकों द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें आदर्श राइस मिल अभनपुर में लगभग 68.00 क्विंटल, बालाजी पैडी प्रोसेसिंग खोरपा अभनपुर में लगभग 100.00 क्विंटल, खाटूश्याम सोटैक्स प्रा.लि. कुरा में लगभग 206.00 क्विंटल, खाटू श्याम राइस मिल कुरा में लगभग 209.00 क्विंटल, अंबिका एग्रो प्रा.लि बरबंदा में लगभग 112.00 क्विंटल, जगन्नाथ राइस मिल में लगभग 160.00 क्विंटल, राम एग्रो में लगभग 102.00 क्विंटल धान स्टॉक से अधिक पाया गया। निरीक्षण दल द्वारा मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए धान को जप्त किया गया एवं सुपुर्दगी की कार्यवाही की गई।

शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

रायपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 दिसंबर 2025 को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायपुर, पुराना पुलिस हेड क्वार्टर सिविल लाईन में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। इस जॉब फेयर के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक टेक्नोटास्क बिजनेस साल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड रायपुर, द्वारा 12वीं, उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती कस्टमर केयर एक्सीक्यूटीव के कुल 100 पदों पर 8 हजार से 14 हजार प्रतिमाह वेतनमान पर भर्ती की जाएगी। इस जॉब फेयर में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बॉयोडाटा /आधार कार्ड एवं शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता के प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

- योजना के शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में सीएसपीडीसीएल, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियो की बैठक लेकर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसे जिले में प्राथमिकता से क्रियान्वित किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करते हुए अधिक से अधिक नागरिकों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि सीएसपीडीसीएल, बैंक तथा वेंडर आपस में प्रभावी तालमेल बनाकर कार्य करें, ताकि आवेदकों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो और उन्हें समय पर सेवा उपलब्ध हो सके। उन्होंने लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, आरबीआई मैनेजर नवीन तिवारी एवं एलडीएम मोहम्मद मोफीज उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बैंकों को निर्देशित किया कि योजना से जुड़े सभी प्रकरणों को गंभीरता से निपटाएं और हितग्राहियों को हर संभव सहयोग प्रदान करें।

नक्सल उन्मूलन के बाद विकास की ठोस पहल

दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचेगा डिजिटल नेटवर्क

रायपुर/नवप्रदेश। डिजिटल भारत निधि के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में बीएसएनएल के माध्यम से 513 नए 4त्र मोबाइल टावर स्थापित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे नक्सल प्रभावित और दूरस्थ अंचलों में शांति, सुरक्षा और विकास के साझा प्रयासों का महत्वपूर्ण प्रतिफल बताया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह निर्णय नक्सल उन्मूलन की दिशा में चल रहे प्रभावी प्रयासों की एक मजबूत कड़ी है। सुरक्षा बलों की सतत कार्रवाई और प्रशासनिक समन्वय से जिन क्षेत्रों में स्थायित्व स्थापित हुआ है, वहां अब विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी का विस्तार सुनिश्चित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 4त्र मोबाइल टावरों की स्थापना से सुदूर और दुर्गम इलाकों में रहने वाली जनता को पहली बार सुलभ और विश्वसनीय मोबाइल एवं इंटरनेट सेवाएं प्राप्त होंगी। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, प्रशासनिक सेवाओं और आपातकालीन संचार की सुविधा सशक्त होगी।

उन्होंने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी का यह विस्तार वित्तीय समावेशन की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा। मोबाइल नेटवर्क के सशक्त होने से बैंकिंग सेवाएं, डीबीटी, यूपीआई, बीमा, पेंशन और अन्य डिजिटल सेवाओं की पहुंच आम नागरिकों तक सहज रूप से सुनिश्चित हो सकेगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह पहल ÷डिजिटल इंडिया÷ के उस मूल उद्देश्य को साकार करती है, जिसमें अंतिम छोर तक विकास पहुंचाने का संकल्प निहित है। इससे स्थानीय युवाओं को डिजिटल माध्यमों से नए अवसर मिलेंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

न्यूज गैलरी

प्रेस क्लब अंतागढ़ के जावेद खान अध्यक्ष,उपाध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर बने

अंतागढ़/नवप्रदेश। पत्रकार सदन अंतागढ़ में प्रेस क्लब का गठन किया गया जिसमें नये सिरे पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष जावेद खान उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर सचिव विजय साहू कोषाध्यक्ष नितेश देवांगन को बनाया गया वहीं जिला प्रतिनिधि भूपेश ठाकुर एवं प्रदेश प्रतिनिधि हेमंत कश्यप को बनाया गया। संरक्षक के रूप में गुड्डा खान घनश्याम यादव राकेश गुप्ता राजेश यादव को मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी सदस्य राजेश कौशल, सोनू पांडे,हरिशंकर नेताम इशहाक खान (डंपी) नियुक्त किया गया।

जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025-26 शांतिपूर्वक संपन्न

अंतागढ़/नवप्रदेश। अंतागढ़ विकासखंड में कुल 785 कक्षा पांचवी अध्यनरत विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का पंजीयन कराया था। सभी 785 पंजीकृत परीक्षार्थियों के लिए विकासखंड अंतागढ़ में तीन परीक्षा केंद्र बनाया गया जिसमें से परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल अंतागढ़ में कुल 209 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जहां 194 परीक्षार्थी ही परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे दूसरा शहीद राजेश पवार बालक हायर सेकेंडरी स्कूल अंतागढ़ इस परीक्षा केंद्र में कुल 288 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 272 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए और 16 अनुपस्थित रहे ।तीसरा परीक्षा केंद्र एकलव्य आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल लामकनहार यहां भी कुल 288 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 263 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहेद्य इस प्रकार अंतर्गत विकासखंड में तीनों परीक्षा केंद्रों में पंजीकृत कुल 785 परीक्षार्थियों में से 729 परीक्षा परीक्षा में सम्मिलित हुए और 56 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अंतागढ़ विकासखंड के तीनों परीक्षा केंद्रों में प्रवेश परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 - 26 की गाइड लाइन के अंतर्गत शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन योग भवन में 16 दिसम्बर को

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित योग भवन में 16 दिसम्बर 2025 को प्रातः 09:00 सत किया जाएगा। युवा उत्सव में लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा, रॉकबैंड विधाएं सम्मिलित है।वाद -विवाद का विषय देश के विकास में एआई तकनीक प्रभावशील है या नहीं, कहानी लेखन का विषय सोशल मिडिया ने समाज को अधिक जुड़ा बनाया है कि अलग- थलग, चित्रकला का विषय विकसित व समृध्द छत्तीसगढ़ की कल्पना एवं कविता लेखन का विषय राज्य में पर्यटन स्थल होगा।

चारगांव में जनसमस्या निवारण शिविर में 256 आवेदन मिले

- **मौके पर 63 आवेदनों का निराकरण**
- **पोरोण्डी नदी में बनेगा 09 करोड़ 11 लाख रूपए की लागत से उच्चस्तरीय पुल**

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के सुदूरवनाचल कोयलीबेड़ा विकाखसण्ड के खनिज प्रभावित ग्राम चारगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी शिविर में मौजूद थे। जिनके द्वारा ग्रामीणों की समस्या सुनी गई, साथ ही उनके निराकरण के लिए कार्यवाही की गई। जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों द्वारा 256 आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनमें 255 आवेदन विभिन्न प्रकार की मांग से संबंधित थे, 01 आवेदन शिकायत से संबंधित, जिनमें से 63 आवेदनों का निराकरण मौके पर किया गया, शेष 193 आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में करने के लिए विभागीय अधिकारियों को कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने बताया कि क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग पोरोण्डी नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। शासन द्वारा इसके लिए 09 करोड़ 11 लाख 64 हजार रूपए की स्वीकृति दिया गया है। पुल निर्माण के लिए टेंडर भी जारी किए जा चुके हैं। इस पुल के निर्माण हो जाने के बाद विकासखण्ड मुख्यालय कोयलीबेड़ा और अंतागढ़ का सीधा संपर्क हो जाएगा। ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उनके द्वारा ग्राम चारगांव के स्कूल में अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक शीघ्र पदस्थ करने की बात कही गई।

कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षेत्र माओवाद प्रभावित रहा है, जो अब अंतिम चरण में है। क्षेत्र की जो भी मूलभूत समस्याएं हैं उनका नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई गांव सोलर आधारित ऊर्जीकृत किया गया है, तो उन्हें परंपरागत ऊर्जा 'ग्रीड' पद्धति से जोड़ा जा रहा है। ऐसा कोई गांव जो अभी भी सोलर आधारित बिजली से रोशन हो रहा हो उसकी जानकारी जिला प्रशासन को दिया जावे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उन्होंने बताया कि चारगांव में निर्माणाधीन 50 सीटर कन्या आश्रम भवन का निर्माण भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने डोंगरीपारा चारगांव स्थित शासकीय कन्या आश्रम का निरीक्षण भी किया और अध्ययनरत बच्चों से संवाद करते हुए, उन्हें समय पर भोजन मिलने व पुस्तक की उपलब्धता इत्यादि की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने जनसमस्या निवारण शिविर स्थल में विभिन्न विभागों के स्टॉलों निरीक्षण किया तथा उनके द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया।

वॉटरशेड महोत्सव में भूमि जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुचाएं: नुपुर

बड़े राजपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन और जिला प्रशासन के निर्देशानुसार कोंडागांव जिले के सोनपुर माइक्रो वॉटरशेड में शुक्रवार को परियोजना स्तरीय वॉटरशेड महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और जन-सहभागिता के साथ किया गया। महोत्सव का उद्देश्य भूमि एवं जल संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना था।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजन

यह कार्यक्रम कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना के निर्देशन में तथा परियोजना प्रबंधक सह उप संचालक कृषि, डी.पी. टांडे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। परियोजना अधिकारी सी.एस. कश्यप ने आयोजन का सफल नेतृत्व किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से गायता लालूराम मंडावी एवं पुजारी सुदामा मंडावी द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ सदस्य और अनेक गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे, जिनमें अध्यक्ष रूपसिंह मरकाम, पिलादाऊ नेताम, साधना मंडावी और दीपक नेताम प्रमुख थे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं ने बांधा समां

महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों के लिए निबंध लेखन, चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताओं ने उनकी रचनात्मकता को मंच दिया। वहीं, माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर ग्रामीणों का दिल जीत लिया।ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने के लिए महिला एवं पुरुषों के लिए कुर्सी दौड़ और रस्सा खींच जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसने कार्यक्रम को और अधिक रोचक बना दिया।

संरक्षण और आजीविका पर ज़ोर

स्वागत भाषण में परियोजना अधिकारी श्री सी.एस. कश्यप ने वॉटरशेड परियोजना के उद्देश्यों और भूमि-जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने परियोजना की उपलब्धियों को भी साझा किया।सचिव पुनीत नेताम ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका संवर्धन की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी, जबकि श्री नवरतन सेठिया एवं श्री होमीन साहू ने निर्मित संरचनाओं के संरक्षण एवं रख-रखाव पर उपयोगी सुझाव दिए।कार्यक्रम को सफल बनाने में तीनों विद्यालयों के शिक्षकों, ग्रामीणजनों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं का उल्लेखनीय योगदान रहा।

धान विक्रय प्रक्रिया सरल, अब दिन-रात कभी भी मिलेगा टोकन

- **सरकार किसानों के साथ: टोकन सिस्टम में समय की बंदिश खत्म**

कोंडागांव/नवप्रदेश। प्रदेश के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तूहर टोकन ऐप को अब 24म7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे।अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी।

इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है उल्लेखनीय है कि टोकन प्रत्येक सहकारी समिति को आबंटित सीमा के भीतर ही जारी किए जाएंगे। किसानों से आग्रह है कि वे समय रहते तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त करें और किसी भी असुविधा से बचें।

किसानों की सुविधा और पारदर्शी व्यवस्था हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। तूहर टोकन ऐप को 24म7 खोलने और समय की बाध्यता समाप्त करने का निर्णय इसी सोच का परिणाम है। अब किसान बिना किसी दबाव के, अपनी सुविधा अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसानों के लिये टोकन की अतिरिक्त समय सीमा और अवधि का विस्तार किसानों को वास्तविक राहत देगा। राज्य सरकार किसान हित में हर संभव कदम उठाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी भीषण आग, दुकान जलकर खाक

अंतागढ़/नवप्रदेश। आज दोपहर तकरीबन 3 बजे जनपद पंचायत कांपलेक्स नयापारा में स्थित एक मोटर रिवाइंडिग इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल्स दुकान में भीषण आग लग गई जिससे वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया आसपास दुकानदार और राहगीर दहशत में आ गए लोगो की भीड़ जमा हो गई और लोगो ने तुरंत नगर पंचायत को सूचना दी तब तक आग फैल चुका था नगर पंचायत से पानी टैंकर मंगवा पानी डाला गया ।दुकान में लगी आग को बड़े ही मशक्कत के बाद बुझाया गया । समय रहते आग में काबू पा लेने से अगल - बगल की दूकानों में आग नहीं फैल पाया वर्ना ज्यादा नुकसान की संभावना जताई जा रही थी दुकान दिलीप चक्रधारी का बताया जा रहा है दुकान के अंदर रखे पूरा सामान जलकर राख हो गया है हालांकि की जिस दुकान में आग लगी है वहां दुकान मालिक को लाखों रूपये की क्षति होने का अनुमान है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है है। पुलिस भी मौके पर पहुंच आग कैसे लगी जानकारी जुटा रही है।

फायर ब्रिगेड गाड़ी नहीं है नगर पंचायत में

इसे विडंबना ही कहा जाए कि इतने बड़े नगर पंचायत में फायर ब्रिगेड गाड़ी का नहीं होना सोचने का विषय है अगर आज नगर पंचायत में फायर ब्रिगेड गाड़ी उपलब्ध रहता तो शायद आग पर काबू पाकर उस दुकान में रखे सामान को बचाया जा सकता था किंतु यहां के जनप्रतिनिधियों या अधिकारियों को इस ओर ध्यान ही नहीं है जबकि कभी आग लग जाए तो भानुप्रतापपुर कांकेर से फायरब्रिगेड गाड़ी मंगवाना पड़ता है नगर पंचायत में बैठे जनप्रतिनिधि और अधिकारी को जल्द ही फायर ब्रिगेड गाड़ी की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि जहां आग लगे गाड़ी उपलब्ध हो

प्रधानमंत्री से सीधे संवाद का मौका

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ देशभर के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों को सीधे संवाद करने का एक और सुनहरा अवसर मिल रहा है। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी परीक्षा पे चर्चा के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जो इस श्रृंखला का 9वाँ संस्करण होगा। इस मंच के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्यों से चयनित बच्चों द्वारा परीक्षा से संबंधित पूछे गए सवालों के जवाब देकर उनका मार्गदर्शन करेंगे और उनके तनाव को कम करने का प्रयास करेंगे।

किसानों का टोकन जारी नहीं कर पा रहे :नाग

- **रकबा घटाकर बिचौलियों को फायदा पहुँचाने का काम कर रही है : नरेन्द्र नाग**

नारायणपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के बस्तर लोकसभा अध्यक्ष नरेन्द्र नाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की छत्तीसगढ़ की साय सरकार अबुझमाड़ क्षेत्र में किसानों की लगातार बढ़ती समस्याओं के बावजूद धान मंडी अब तक चालू नहीं करा पाई है। गोमे, बोगान, हांदावाडा से लेकर बीजापुर, कांकेर और महाराष्ट्र की सीमावर्ती बस्तियों के किसानों को 130 किलोमीटर तक का सफर कर मंडी पहुँचना पड़ रहा है, परंतु मंडी बंद पड़ी है और जिला प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। सांय सरकार किसानों को परेशान करने वाली झूठी सरकार साबित हो रही है।रकबा घटाकर, टोकन प्रक्रिया रोककर और खरीद विलंबित कर बिचौलियों को लाभ पहुँचाने की सोची-समझी योजना बनाई जा रही है, जो किसानों के साथ खुला अन्याय है।आम आदमी पार्टी बस्तर लोकसभा अध्यक्ष नरेन्द्र नाग ने कहा कि सरकार किसानों का एक-एक दाना धान खरीदे, नहीं तो आम आदमी पार्टी बड़े स्तर पर किसानो के साथ चक्का जाम करने को बाध्य होगी। आज के इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरेन्द्र नाग अध्यक्ष, बस्तर लोकसभा,परमित दुग्गा जिला अध्यक्ष नारायणपुर, सुजीत, ठाकुर, गौरव यादव, तिजाराम कचलाम, हेमंत बघेल, विजय कोर्राम, संतलाल मंडावी, किशोर पोयम, बुधसिंह गावडे, गच्छाराम, दुग्गा, रामदेव, दुग्गा, संतोष वड्डे,मनीष सलाम, सुनील कोर्राम, प्रदीपदुग्गा, मनकुर, पोटाई, विश्वनाथ दुग्गा,तथा अनेक साथी उपस्थित रहे।

पैराडाइज स्कूल में रोबोटिक एवं कोडिंग प्रशिक्षण संपन्न

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेन्डरी सी.बी.एस.ई स्कूल में वर्तमान में चल रहें शिक्षण आवश्यकताओं को पूर्ति करने एवं छात्र-छात्राओं को विश्वस्तरीय शिक्षण तथा नवीन वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदान करने 10 दिसंबर से 12 दिसंबर 2025 तक कक्षा 4थी से 9वीं के छात्रों के लिए तीन दिवसीय रोबोटिक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

जिसे तीन बैचों में संचालित किया गया।इस प्रशिक्षण के दौरान रोबोटिक प्रशिक्षक श्री पूरण वर्मा तथा पैराडाइज स्कूल के आई.टी.शिक्षक अभिनव सिंह, प्रतीक सिंह और संतोष कुमार ठाकुर ने छात्रों को समार्ट हेलमेट, मृदा अपरदन एवं मोशन सेंसर मॉडल, स्मार्ट होम ऑटोमेशन, रडार सिस्टम, 3 डी प्रिंटर 3 डी प्रिंटिंग, इन तीन दिनों में छात्रों ने सीखा, 3 डी प्रिंटिंग का उपयोग और महत्व, 2डी मॉडल को 3 डी मॉडल में कैसे परिवर्तित किया जाता है, 3 डी प्रिंटर के विभिन्न घटकों की पहचान और समझ, रोबोटिक्स एवं ऑटोमेशन के वास्तविक जीवन में उपयोग जिसमें केवल फिंगर प्रिंट, डिटेक्ट होने के बाद किसी घर में प्रवेश कर सकता है। स्मार्ट ब्लाइड स्टीक टोलटेक्स बुथ मॉडल, रोबोटिक्क कार आदि का रोबोटिक्स शिक्षण छात्रों ने अपने विद्यालय के अंदर पाया। यह प्रशिक्षण अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा और इससे छात्रों में जिज्ञासा, रचनात्मकता तथा यांत्रिक कौशल का विकास हुआ। इस विश्वस्तरीय रोबोटिक्स प्रशिक्षण को पैराडाइज स्कूल में संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बढ़ाई, दीपांजली गोगोई, भारती सेठिया, संगीता भारती, शांतिलीना नेताम, कृष्णापदा कुंभकार, टाकेश्वर साहू, लक्ष्मीनारायण नामदेव, अपूर्वा ठाकुर, सुखदेव सरकार, पार्वती गजबल्ला, पेंकटेश पटेल, अवतार सिंह, रिकी सेठी, प्रीतिलता सोरी, निशा जयसवाल, मृणाल पाण्डे आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

प्रथम पेज का शेष

बस्तर को देश का सबसे ...

सरेंडर किया है , जो नक्सलवाद के कारण परेशान हुए हैं। उनके लिए अति सुंदर पुनर्वास की योजना लेकर आए हैं। 2 हजार से ज्यादा नक्सली युवा सरेंडर किए हैं। हमारे समाज प्रमुखों ने बहुत बड़ा योगदान दिया है। जो लोग अब भी हथियार लेकर घूम रहे हैं, उन्हें समाज के सदस्य मुख्य धारा में लाने के लिए कोशिश करें।

20 अमेरिकी राज्यों ने ...

सेक्रेटरी को यह तय करने का अधिकार दिया कि कौन से आवेदन इस फीस के दायरे में आएंगे या छूट के लिए योग्य होंगे। राज्यों का कहना है कि यह नीति प्रशासनिक प्रक्रिया, कानून, और अमेरिकी संविधान का उल्लंघन करती है, क्योंकि बिना तय प्रक्रिया अपनाए नियम बनाए गए हैं और कांग्रेस की सीमा से बाहर जाकर फैसला लिया गया है। अब तक एच-1बी से जुड़ी फीस सिर्फ़ व्यवस्था चलाने के खर्च तक सीमित रहती थी।

फिलहाल नियोक्ता एच-1बी वीज़ा के लिए अलग-अलग शुल्क मिलाकर लगभग 960 से 7,595 डॉलर तक देते हैं। संघीय कानून के अनुसार उन्हें यह भी प्रमाण देना होता है कि विदेशी कर्मचारी रखने से अमेरिकी कर्मचारियों की सैलरी या काम की स्थिति पर बुरा असर नहीं पड़ेगा। कांग्रेस अधिकांश निजी क्षेत्र के एच-1बी वीजा की संख्या सालाना 65,000 तक सीमित रखती है, जबकि उच्च डिग्री वालों के लिए 20,000 अतिरिक्त वीजा होते हैं। स्कूल, विश्वविद्यालय और अस्पताल जैसे सरकारी और गैर-लाभकारी संस्थानों को इस सीमा से छूट मिली हुई है।

इन राज्यों ने किया मुकदमा

अटॉर्नी जनरल का कहना है कि नई फीस से शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में कर्मचारियों की कमी और बढ़ जाएगी। यह मुकदमा बोंटा और मैसाचुसेट्स के अटॉर्नी जनरल एंड्रिया जॉय कैंपबेल ने दायर किया था, जिसमें एरिज़ोना, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, हवाई, इलिनोइस, मैरीलैंड, मिशिगन, मिनेसोटा, नेवाडा, नॉर्थ कैरोलिना, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, ओरेगन, रोड आइलैंड, वर्मोंट, वाशिंगटन और विस्कॉन्सिन के अटॉर्नी जनरल भी शामिल हुए। एच-1बी वीज़ा कार्यक्रम विदेशी कुशल पेशेवरों के लिए एक अहम रास्ता है। इसके तहत बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर अमेरिका में तकनीक, स्वास्थ्य और शोध के क्षेत्र में काम करते हैं।

मेसी को नहीं देख पाए ...

स्टेडियम जा रही थी। फैंस अपने पसंदीदा फुटबॉलर लियोनेल मेसी की एक झलक पाने के लिए इकट्ठा हुए थे। मैं इस खराब घटना के लिए लियोनेल मेसी के साथ-साथ उनके फैंस और सभी खेल प्रेमियों से दिल से माफी मांगती हूं।

उन्होंने लिखा, मैं सेवानिवृत्त जज आशिम कुमार रे की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी बना रही हूं, जिसमें मुख्य सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग के सदस्य होंगे। कमेटी इस घटना की डिटेल में जांच करेगी, जिम्मेदारी तय करेगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उपाय बताएगी। एक बार फिर, मैं सभी खेल प्रेमियों से दिल से माफी मांगती हूं।÷

लियोनल मेसी शनिवार सुबह करीब 3 बजे कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचे। साल्ट लेक स्टेडियम में उनका कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था और लगभग 45 मिनट तक था। उन्हें देखने के लिए फैंस सिर्फ कोलकाता और पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों से ही नहीं, बल्कि देश के अन्य हिस्सों से भी पहुंचे थे।

फैंस ने स्टेडियम में मेसी के आने का कई घंटे तक इंतजार किया, लेकिन फुटबॉल स्टार सिर्फ 10 मिनट के लिए ही स्टेडियम में आए। इस दौरान वह आयोजकों और अन्यों से घिरे रहे। ऐसे में अधिकांश फैंस उन्हें ठीक से देख तक नहीं पाए। इसलिए मेसी के स्टेडियम से निकलते ही फैंस ने भारी बवाल किया और स्टेडियम में तोड़-फोड़ की, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

आईएसआई के निशाने पर ...

ने एमपी डीजीपी, दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) और एमपी के मुख्य सचिव को सुरक्षा पुख्ता करने का निर्देश भेजा है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा प्रारंभ...

भोजनावकाश स्थगित किए सभा की कार्रवाई निरंतर 21 घंटे चली। छत्तीसगढ़ विधानसभा को जनोन्मुखी एवं में पेपर लेस बनाने की दृष्टि से विधानसभा के प्रश्नकाल की कार्यवाही का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर करना प्रारंभ किया गया और विधानसभा की कार्रवाई को विधान सभा की वेबसाइट पर भी अपलोड करना प्रारंभ किया गया और प्रश्नों की सूचना देने एवं प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने की प्रक्रिया भी ऑनलाइन प्रारंभ की गई। 1 नवंबर 2025 को राज्य की स्थापना जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा को अपना स्वयं का भव्य एवं विशाल भवन भी मिला जिसका लोकार्पण भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। इस प्रकार 14 दिसंबर 2000 को राजकुमार कॉलेज के जशपुर हाल में अस्थायी रूप से निर्मित टेंट से प्रारंभ छत्तीसगढ़ विधानसभा का सफर जीरो प्वाइंट स्थित भवन से होते हुए नवा रायपुर के नवीन भव्य, विशाल एवं अत्याधुनिक भवन में 14 दिसंबर 2025 को प्रवेश करने जा रहा है।

न्यूज गैलरी

गुरूघासीदास जयंती 18 दिसंबर को शुष्क दिवस घोषित

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुन्दन कुमार ने आदेश जारी कर गुरूघासीदास जयंती 18 दिसंबर को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने 18 दिसंबर को जिले के समस्त देशी मदिरा की दुकानें सी.एस.-2(घघ), देशी मदिरा की दुकानें सी.एस.-2(घघ कम्पोजिट) शॉप, विदेशी मदिरा दुकान एफएल-1 (घघ) की फुटकर दुकानें, मद्य भण्डारण भाण्डागार तथा एफ एल. 3 होटल बार और होटल सिटी पैलेस बंद रखे जाने एवं जिले में स्थित आसवनी मेसर्स भाटिया वाईन मर्चे. प्रा.लि. धूमा में मदिरा परेषण का आयात-निर्यात व परिवहन पूर्णतः निषिद्ध किए जाने हेतु आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से किये जाने के निर्देश दिए हैं।

धान कटाई विवाद ने लिया खूनी रूप लाठी-टंगिया से हमला, एक की मौत

मुंगेली/नवप्रदेश। खेत में धान काटने के नाम से विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर लाठी और टंगिया से प्रहार किया। जिसमें एक ही पक्ष से 5 लोग घायल हुए। घायलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना में शामिल तीन लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। समीपस्थ ग्राम नेवासपुर में पिछले कुछ वर्षों से दो पक्ष में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। घटना के बारे में सिटी कोतवाली टीआई कार्तिकेश्वर जांगड़े ने बताया कि 11 दिसम्बर को खेत में धान काटने के नाम से झम्मन सप्रे एवं सोनकर परिवार के बीच विवाद हो गया। विवाद के चलते हुए खूनी संघर्ष में कुल्हाड़ी, लाठी, डंडे का जमकर प्रयोग हुआ, जिससे सोनकर परिवार के बुजुर्ग जनक सोनकर, प्रफुल्ल सोनकर, रोहित, निखिल एवं पूर्णिमा को गंभीर चोटे आई। इलाज के दौरान जनक सोनकर की मौत हो गई।

मुंगेली जपं में सीईओ लक्ष्मीकांत कौशिक ने संभाला पुन: पदभार

मुंगेली/नवप्रदेश। जनपद पंचायत में सोमवार को जनपद सीईओ लक्ष्मीकांत कौशिक ने पुनः पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार ने जनपद सीईओ श्री कौशिक के पदभार ग्रहण करने से जनपद पंचायत के विकास कार्यों में तेजी आने की बात कही। इस अवसर पर जनपद सदस्य राणा, मानस सिंह बैस, विधायक प्रतिनिधि मानसिंह मोहले सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। पदभार ग्रहण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने नए सीईओ से क्षेत्रीय विकास कार्यों की प्रगति, पारदर्शिता और गति बढ़ाने की अपेक्षा व्यक्त की।

सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, निरंतर अभ्यास एवं आत्ममूल्यांकन ही उत्कृष्टता का आधार - जिला पंचायत सीईओ

जिला प्रशासन की नवाचारी पहल 'चैंपियन ऑफ चेंज' का किया आयोजन

बलरामपुर/नवप्रदेश।, 12 दिसंबर 2025/ जिला प्रशासन बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण शैक्षणिक विकास, कैरियर मार्गदर्शन और सकारात्मक व्यक्तित्व निर्माण के उद्देश्य से काका लरंगसाय स्टेडियम, शंकरगढ़ में मोटिवेशनल सेमिनार एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के नवाचारी पहल 'चैंपियन ऑफ चेंज' के अंतर्गत रखा गया, जिसका उद्देश्य जिले के युवाओं में आत्मविश्वास, लक्ष्य-निर्धारण, समय प्रबंधन और दृढ़ निश्चय जैसी गुणों को मजबूत करना है।

कार्यक्रम में उपस्थित राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय-सारणी निर्माण, अध्ययन तकनीक और जीवन प्रबंधन पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। अधिकारियों ने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी नियमित मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास सफलता की पहली सीढ़ी है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता निरंतर अभ्यास, निरंतर सीखना और आत्ममूल्यांकन ही उत्कृष्टता का आधार है। उन्होंने समय-सारणी में पढ़ाई को अधिक स्थान देने, कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने

और लक्ष्य को हमेशा स्पष्ट रखने की सलाह दी।

उन्होंने कहा जब आप अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता देते हैं, तो सफलता स्वतः आपके कदम चूमती है। जिला पंचायत सीईओ तोमर ने आगामी 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा केवल अंकों का मूल्यांकन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की पहली मजबूत सीढ़ी होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षा के दिनों में नियमितता, एकाग्रता और समय प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समझाया कि छोटी-छोटी आदतें जैसे रोजाना तय समय पर पढ़ाई, नोट्स बनाना, पुनरावृत्ति करना और मॉडल पेपर हल करना बड़ी सफलता दिलाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए आत्मविश्वास के साथ तैयारी करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि तनाव में पढ़ाई करने के बजाय शांत मन से, योजनाबद्ध तरीके से पढ़ने पर ज्ञान अधिक स्थायी होता है और परिणाम बेहतर आते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जिला प्रशासन हमेशा विद्यार्थियों के साथ है और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। तहसील कुसमी में पदस्थ व सीजीपीएससी 2025 में टॉप टेन में पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले श्री पारस शर्मा ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए अपनी सीजीपीएससी के लिए की गई तैयारियां के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि सफलता हमारे अंदर ही है बस हमें लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ना है। कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर प्रिंस वर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को जीवन में आने वाले चौलेंज का सामना करने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने बच्चों को बताया कि निरंतर प्रयास से असंभव कार्य को भी पूर्ण किया जा सकता है।

अमेरा खदान विस्तार ने लिया सियासी मोड़, आदित्यायेश्वर शरण सिंह देव

खदान विस्तार को लेकर ग्रामीण बोले-एक इंच जमीन नहीं देंगे

लखनपुर/नवप्रदेश। अमेरा खुली खदान विस्तार का मुद्दा सियासी मोड़ लेकर गहराता जा रहा है। ग्राम परसोडी कला में पंचायत वासियों तथा पुलिस प्रशासन के बीच 3 दिसम्बर को हुये खूनी संघर्ष ने अब नया शक्ल अख्तियार करता जा रहा है।भले ही प्रशासन एवं एस ईसीएल प्रबंधन ने ग्रामीणों के जमीन पर कब्जा कर लिया है लेकिन ग्रामीणों का साफ़ कहना है खदान के लिए एक इंच जमीन नहीं देंगे। प्रभावित ग्रामीणो के खैरियत की परवाह करते सत्तापक्ष एवं विपक्ष सियासी दल ग्राम परसोडी कला पहुंच मसले का हल निकालने आश्वासन दिया है ।

इसी कड़ी में जाने-माने

कांग्रेसी नेता और सरगुजा राजपरिवार के आदित्यायेश्वर शरण सिंह देव (आदी बाबा) 12 दिसम्बर शुक्रवार को लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परसोडी कला पहुंच प्रभावित ग्रामीणों से सौजन्य

मुलाकात करते हुए वस्तु स्थिति का जायजा लिया। और उन्होंने 3 दिसंबर को पुलिस प्रशासन एवं एस ईसीएल प्रबंधन के दरमियान हुये घटना के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2014 से अमेरा खदान विस्तार को लेकर लगातार ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया जाता रहा है। समय-समय पर ग्राम सभा में हुए प्रस्ताव पास के संबंध में शासन प्रशासन को अवगत भी कराया जाता रहा था तथा खदान विस्तार को लेकर जमीन देने से साफ इनकार किया गया था। पांचवी अनुसूचित क्षेत्र होने कारण बिना किसी सूचना ग्राम सभा से बिना सहमति लिए एस ईसीएल प्रबंधन द्वारा बल पूर्वक जबरन भू अर्जन किया गया है जिसमें ग्रामीणों की कोई दिली रजामंदी नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि --विगत दिनों पूर्व क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने कहा कि अमेरा खदान विस्तार को लेकर ग्रामीणों के द्वारा सहमति बनी है। भाजपा जिला अध्यक्ष के द्वारा कोई बैठक ग्राम परसोडी कला में नहीं किया गया था। बल्कि यह बैठक लखनपुर में किया गया था। इस तरह से लोगों के बीच तरह तरह के भ्रम फैलाये जा रहे है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि वह अपनी जमीन खदान विस्तार के लिए नहीं देंगे। ग्रामीणों से मुलाकात करने वाले कांग्रेसियों में ब्लॉक अध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता अमित सिंह देव,रणविजय सिंह देव, वीरेंद्र सिंह देव, हिमांशु जायसवाल,जगरोपण यादव, इरशाद खान जयप्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए आदित्यायेश्वर शरण सिंह देव ने कहा कि - 3 दिसंबर को हिंसक घटना हुई जो असंवेदन सील घटना है। प्रशासन और ग्रामीणों के बीच ऐसा मुठभेड़ नहीं होना चाहिए था। ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए थी। इस घटना से ग्रामीण और पुलिस दोनों घायल हुए हैं। कॉल बेरिंग एक्ट के तहत केंद्र सरकार के द्वारा कठोर तरीके से जमीन अधिग्रहण किया जा सकता है। कुछ त्रुटियां विस्थापन और पुनर्वास क्रियान्वन सहित अन्य संबंधित विषयों को लेकर चर्चा हुई गांव के अस्तित्व को बचाना निहायती जरूरी है। पार्टीगत भाजपा कांग्रेस ना करते हुये परसा कोल माइंस,अमेरा खदान विस्तार, मैनपाट बॉक्साइट खनन सहित सरगुजा संस्कृति को बचाए रखने के लिए एकजुट होकर इस लड़ाई को लड़ना होगा।

मुंगेली में ठंड ने बढ़ाई कंपकंपी शीतलहर से जनजीवन प्रभावित

मुंगेली/नवप्रदेश। पिछले कुछ दिनों से बढ़ी ठंड ने कपकपी बढ़ा दी है। सुबह सूर्य निकलने के साथ ही लोग दैनिक कामकाज शुरू कर रहें हैं। दिन व रात में ठंडी हवाएं चल रही है। इन दिनों धूप सुहानें लगने लगी है। शाम होते ही ठंड से बचने लोग गर्म कपड़ो में लिपटे नजर आते हैं।

आमतौर पर दिसंबर महीने के तीसरे सप्ताह से ही ठंड जोर पकड़ती है जबकि इस बार पहले सप्ताह में ही इसमें अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। रात 9:30 बजे के बाद नगर की सड़को पर सन्नाटा पसर रहा है। इक्का-दुक्का लोग ही सड़कों पर नजर आतें हैं, लोग ठंड से बचने का जतन करने लगे हैं, गर्म कपड़ो में लिपटें सुरक्षित होकर लोग बाहर निकल रहें हैं। ठंड से बचने के लिए ऊनी कपड़ों कें साथ ही अलाव का भी सहारा लिया जा रहा है। कई स्थानों पर अलाव का नजारा इन दिनों आम हो गया हैं। ठंड के कारण सड़कों पर मार्निंग वाक करने वालों की कमी नजर आ रही है। पड़ाव चौक, बालानी चौक, गोलबाजार, पुराना बस स्टैण्ड, दाउपारा, नया बस स्टैण्ड में लोग अलाव जलाकर आग सेकने में लगे रहते है। ठंड के चलते इंसान के साथ ही साथ जानवर भी आग को देखकर आग सेकने के लिए अलाव के पास खड़े हो जाते है। लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो जाती है। गर्म वस्त्रों की कमी से सबसे ज्यादा ठंड की मार गरीबी से त्रस्त लोगों को झेलने पड़ रही है। दिसंम्बर का दूसरा सप्ताह बितने जा रहा है, तेज हवाओं के साथ शीत लहर का प्रकोप विगत कुछ दिनों से नगर मे रौद्र रूप दिखा रहा है।

18 दिसंबर के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट

मुंगेली/नवप्रदेश। गुरूघासीदास जयंती 18 दिसंबर को मुंगेली विकासखण्ड के सेतगंगा एवं लालपुर थाना में मुख्यमंत्री के आगमन कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक लेकर अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को देखते हुए कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था, पंडाल, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, पार्किंग, कारकोड, साफ-सफाई, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, आकर्षक लाइटिंग व विद्युत, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा, यातायात रूटचार्ट, फायर ब्रिगेड आदि के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी और उसे गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सेतगंगा, मोतिमपुर अमरटापू धाम एवं लालपुर थाना में गुरूघासीदास की जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर को मेले का आयोजन किया जाता है। इस दिन बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं। इस दौरान वहां सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगों को किसी भी प्रकार असुविधा ना हो। बैठक में एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओं प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

भ्रामक खबर का प्रशासन ने किया खण्डन

बलरामपुर/नवप्रदेश। समाचार के विभिन्न माध्यमों से धान रकबा सुधार हेतु तहसील कार्यालय रघुनाथनगर के प्रांगड़ में धान रकबा सुधरवाने कृषक मेघलाल की मृत्यु के संबंध में खबर चलाया गया है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर नीरनिधि नंदेहा ने जानकारी दी है कि आवेदक मेघलाल पिता गुलाब सिंह उम्र लगभग 64 वर्ष जाति गोड निवासी ग्राम पण्डरी द्वारा अपने जन्म प्रमाण हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रघुनाथनगर में 14 नवम्बर 2025 को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसका प्रकरण तहसील न्यायालय में लंबित है उक्त आवेदन के निराकरण एवं अनुज्ञा पत्र हेतु आवेदक अपने पुत्र रामनरेश के साथ आज दिनांक 12 दिसम्बर 2025 को तहसील कार्यालय आए हुए थे।

प्रभावित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी

बलरामपुर/नवप्रदेश। किसान हरिमोहन धान विक्रय के लिए कुसमी धान खरीदी केंद्र पहुंचे थे। इसी दौरान खड़ी ट्रैक्टर के नीचे धान की बोरी हटाने की मंशा से नीचे जाने के दौरान आकस्मिक मृत्यु हो गई। प्रशासन ने तत्काल मौके पर पहुंचकर परिवार को हर संभव सहायता देने का निर्णय लिया। संवेदनशील कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि परिजनों को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। धान उपार्जन केंद्र कुसमी में हुई इस अप्रिय घटना के बाद प्रशासन ने त्वरित संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए पीड़ित परिवार को संबल प्रदान किया है।

फर्जीवाड़ा, बिचौलिये द्वारा 60 क्विंटल धान बेचने की कोशिश नाकाम

मुंगेली/नवप्रदेश। पंजीकृत किसानों के नाम पर कोचियों-बिचौलियों द्वारा अवैध धान के विक्रय को रोकने कलेक्टर कुन्दन कुमार ने सख्त निगरानी के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में खाद्य व मंडी विभाग की उड़नदस्ता टीम ने धान उपार्जन केंद्र कंतेली का निरीक्षण किया। जांच के दौरान किसान अर्जुन सिंह के नाम पर जमा किए जा रहे धान में अनियमितता पाई गई। मौके पर उपस्थित व्यक्ति का समिति गेटपास में दर्ज फोटो से मिलान नहीं हुआ और न ही कंप्यूटर ऑपरेटर ने उसे पहचान पाया। पूछताछ में स्पष्ट हुआ कि कोई अज्ञात व्यक्ति किसान के टोकन के आधार पर धान बेचने केंद्र पहुंचा था। प्राप्त तथ्यों के आधार पर उड़नदस्ता टीम

ने टोकन पर लाए गए 60 क्विंटल (150 कट्टी) धान को जब्त कर उपार्जन केंद्र के खरीदी प्रभारी के सुपुर्द किया। जिला खाद्य अधिकारी हुलेश कुमार डड़सेना ने बताया कि धान खरीदी में अनियमितता को गंभीर मानते हुए कलेक्टर द्वारा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और प्रभारी एवं ऑपरेटरों को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी अवधि में अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

तंबाकू मुक्त मुंगेली की ओर कदम, कोटपा एक्ट के तहत 45 दुकानों पर कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार तंबाकू मुक्त मुंगेली की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए कोटपा एक्ट के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा के मार्गदर्शन में प्रवर्तन दल द्वारा ग्राम दशरंगपुर में कोटपा एक्ट के धारा 4 एवं 6 के तहत् 23 दुकानों मे कार्यवाही की गई, जिसमें 13 दुकानों में चेतावनी देकर छोडा गया तथा शेष 10 दुकानों में 800 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। इसी क्रम मे

पड़ाव चौक मुंगेली स्थित 22 दुकानों में कोटपा एक्ट के उल्लंघन पर 01 हजार 300 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में औषधि निरीक्षक किरण सिंह, प्रशिक्षक तंबाकू कार्यक्रम ओम साहू और थाना सिटी कोतवाली के आरक्षक दीप सिंह खुटें शामिल रहे। गौरतलब है कि कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 के तहत् सार्वजनिक स्थान में धुम्रपान पर प्रतिबंध, धारा 5 के तहत् सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के ज्ञापन पर प्रतिबंध, धारा 6 के तहत् नाबालिकों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध, धारा 7,8 एवं 10 बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों के सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध धारा 4 एवं 6 के तहत् 200 रूपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

प्रशिक्षण

विद्यार्थियों को मिला मृदा स्वास्थ्य का व्यवहारिक प्रशिक्षण, खेत में जाकर लिया नमूना

मिट्टी संरक्षण जागरूकता अभियान, छात्र बनाएंगे किसानों के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड

मुंगेली/नवप्रदेश। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में विश्व मृदा दिवस (5 दिसम्बर) के अंतर्गत 5 से 12 दिसम्बर तक जिले के पी.एम.श्री स्कूलों में स्कूल सॉयल हेल्थ एंड फर्टिलिटी योजना के तहत 'स्कूल सॉयल हेल्थ प्रोग्राम' संचालित किया जा रहा है।

सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी धरमपुरा मुंगेली ने बताया कि पी.एम.श्री आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरिया तथा पी.एम.श्री बी.आर. साव बहुउद्देशीय हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को मिट्टी स्वास्थ्य संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों को खेत में जाकर मृदा नमूना लेने की विधि का व्यवहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मिट्टी संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, पोषक तत्वों की कमी की पहचान, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाना है। प्रशिक्षण के दौरान सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी मनहरण कुर्रे ने मृदा दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि मृदा में पोषक तत्वों की कमी निरंतर बढ़ रही है, इसलिए इसके संरक्षण और सही प्रबंधन को

लेकर जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी किसानों के खेतों से मिट्टी के नमूने एकत्र करेंगे, उनका परीक्षण करेंगे और मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाकर किसानों को स्वयं सौंपेंगे। इससे छात्रों में आलोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान कौशल एवं पारिस्थितिकी तंत्र की समझ विकसित होगी। प्रयोगशाला सहायक प्रत्युष जायसवाल ने छात्रों को मृदा के प्रकार, मिट्टी में उपस्थित पोषक तत्वों एवं नमूना लेने की विधि के संबंध में जानकारी दी। वहीं प्रयोगशाला सहायक भीष्म राव भोसले ने खेत में जाकर मृदा नमूना लेने की विधि का लाइव प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी मनहरण कुर्रे, अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह, गांव-गांव लगेंगे शिविर

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार के मार्गदर्शन में प्रशासन गांव की ओर थीम पर 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए गांवों में शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं का त्वरित लाभ, जरूरी प्रमाण-पत्रों की सुविधा, तथा जन शिकायतों का निवारण करना है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मनियारी सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को सुशासन सप्ताह के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के गैप चिन्हांकन, प्राथमिकता वाले हितग्राहियों को योजनाओं से संतृप्त करने और प्रत्येक शिविर में जनहित सेवाओं को प्रभावी रूप से उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने शिविर सूची में एटीआर के वनांचल गांवों को शामिल नहीं करने पर नाराजगी जताते हुए लोरमी जनपद सीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

■ न्यूज गैलरी

'हम होंगे कामयाब' पहल के तहत 205 युवाओं ने दी चयन परीक्षा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के. मार्गदर्शन में जिला ऑडिटोरियम में आज 'हम होंगे कामयाब' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित चयन परीक्षा में कुल 205 युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभा एवं योग्यता के आधार पर 40 युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को उड़ान आइएएस अकादमी में निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल का उद्देश्य समाज के मेधावी एवं प्रतिभाशाली युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करना और उन्हें सिविल सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता के लिए तैयार करना है।जिला प्रशासन की इस पहल से युवाओं को अपने लक्ष्य की ओर प्रेरित करेगा तथा नये अवसर के रास्ते भी खुलेंगे।

अब तक 40,874 किसानों से 19 लाख क्विंटल धान की खरीदी

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में इस वर्ष धान खरीदी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाया गया है। जिले की कुल 74 प्राथमिक सहकारी समितियों में अब तक 1,29,188 किसानों के 1,25,76.91 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया गया है।15 नवंबर 2025 से आरंभ उपार्जन प्रक्रिया के तहत अब तक 40,874 किसानों से 19,03,630 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसका कुल मूल्य 451.50 करोड़ रुपये है। किसानों को त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। जससे किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके।

धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरतने पर समिति प्रबंधक निलंबित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी नीति 2025-26 में दिये गये निर्देशों की अवहेलना कर मनमानी पूर्वक उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी कार्य हेतु प्राप्त नये जूट बारदाना को नियम विरूद्ध कृषको को धान खरीद के पूर्व ही दिये जाने एवं धान खरीदी कार्य में उदासिनता एवं लापरवाही बरतने के कारण प्रभारी समिति प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है वहीं बारदाना प्रभारी (दैनिक कर्मचारी) को सेवा से बर्खास्त किया गया है। साथ ही संस्था के प्राधिकृत अधिकारी को को जारी किया गया है।

'आपकी पूंजी आपका अधिकार' अभियान

कलेक्टोरेट में किया गया जिला स्तरीय कैंप का आयोजन

बालोद/नवप्रदेश। 'आपकी पूंजी आपका अधिकार' अभियान के अंतर्गत आज संयुक्त कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में जिला स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया। लीड बैंक मैनेजर श्री सौरभ जैन ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक और वित्तीय सेवा विभाग द्वारा 01 अक्टूबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक आपकी पूंजी आपका अधिकार के अंतर्गत एक अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत यदि किसी व्यक्ति द्वारा 10 वर्ष तक अपने खाते में लेनदेन नहीं किया जाता है तो उसे व्यक्ति के खाते की राशि डीईएएफ फंड में हस्तांतरित हो जाती है। इस कैंप में उपस्थित अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को शिक्षा और जागरूकता फंड के बारे में जानकारी प्रदान की गई और यदि उनका पैसा इस योजना में चला गया है तो उसे बैंक के माध्यम से वापस लाने के तरीके को भी विस्तार से बताया गया।

कलेक्टर ने विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

■ **कलेक्टर उइके धान खरीदी केंद्र फिगेश्वर, जामगाँव, में पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने आज समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी का निरीक्षण करने धान खरीदी फिंगेश्वर क्षेत्र अंतर्गत जामगाँव, गुण्डरदेही एवं फिंगेश्वर पहुंचे। इस दौरान उन्होनें केन्द्र में धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों से किसानों से सुचारू तरीके से धान खरीदी की सुविधाओं का भी मूल्याकंन किया। धान खरीदी केन्द्र में उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान का नमी मापकर देखा, साथ ही धान की बोरियों में भी हाथ लगाकर नमी आदि की जांच की, साथ ही अपने सामने ही धान तौलाई का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि किसानों के धान तौलाई में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं आनी चाहिए, इसके लिए समिति में सुचारू व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों से धान खरीदी पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने धान बेचने में किसानों को किसी भी परेशानी न हो, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम श्री विशाल महाराणा, जिला खाद्य अधिकारी श्री अरविंद दुबे, डीएमओ श्री किशोर चंद्रा, सहायक आयुक्त सहकारिता सुश्री महेश्वरी तिवारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री उइके ने धान उपार्जन केंद्र पहुंचकर समिति के कर्मचारियों को किसानों के धान निर्धारित मात्रा में तौलने के निर्देश देते हुए कहा कि धान तौलने, भरने, स्टेकिंग करने में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रतिदिन धान खरीदी होने के उपरांत उसे सिलाई कर स्टेकिंग कराये। जहां कहीं अनियमितता है, उसे सुधार करे। उन्होंने संबंधित अधिकारी को स्टॉक वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे भी अपने धानों को साफ सफाई कर एवं सुखाकर धान खरीदी केन्द्रों में बेचने के लिए लाए। कलेक्टर उइके ने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। उन्होंने किसानों को तौल में पारदर्शिता, उपार्जित धान के संपूर्ण विक्रय तथा कम पैदावार की स्थिति में रकबा समर्पण की प्रक्रिया का पालन करते हुए पोर्टल में समय पर एंट्री कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे भविष्य में किसी भी प्रकार की विसंगति या विवाद की स्थिति उत्पन्न होने से रोका जा सकेगा। पीडीएस दुकानों का संचालन करने वाली समितियों को भी रिक्त बोरियों की नियमित एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

हत्या कर शव को टेंक में छुपाया सबूत मिटाने की साजिश उजागर

कवर्धा/नवप्रदेश। थाना लोहारा पुलिस की त्वरित, सूझबूझपूर्ण और पेशेवर कार्रवाई के परिणामस्वरूप गला दबाकर तथा कीटनाशक दवा पिलाकर हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस टीम ने संदेहास्पद परिस्थितियों की बारीकी से पड़ताल करते हुए न केवल हत्या के पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया, बल्कि आरोपी द्वारा शव को सेप्टिक टेंक में छुपाकर सबूत मिटाने के प्रयास को भी उजागर करते हुए महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए।

प्रकरण की जानकारी इस प्रकार हैः प्रार्थी भोजराम पटेल पिता जहल राम पटेल उम्र 23 वर्ष, निवासी बांधाटोला थाना सहसपुर लोहारा ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कामनी निषाद उम्र 20 वर्ष, निवासी चैतुखपरी थाना मोहारा जिला राजनांदगांव को हैदराबाद से प्रेम प्रसंग के कारण शादी करने के उद्देश्य से अपने गांव लाया था, जो 7 नवंबर 2025 को बिना बताए कहीं चली गई। प्रार्थी की सूचना पर दिनांक 12 नवंबर 2025 को थाना सहसपुर लोहारा में गुम इंसान क्रमांक 38/25 अंकित कर पता तलाश प्रारंभ किया गया।

तलाश के दौरान प्रार्थी के परिजनों से पूछताछ में विरोधाभास मिलने पर मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा जहल पटेल को कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वीकार किया कि उसका बेटा कामनी निषाद से प्रेम करता था, किंतु लड़की अन्य जाति की होने से वह इस संबंध को स्वीकार नहीं करता था। इसी द्वेष के कारण उसने कामनी निषाद की गला दबाकर एवं कीटनाशक दवा पिलाकर हत्या करने तथा शव को अपने ही घर के सेप्टिक टेंक में छुपाने की बात स्वीकार की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल एवं श्री पंकज पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रतीक चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक मनीष मिश्रा द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा आरोपी से मेमोरेंडम कथन लिया गया, जिसके उपरांत थाना स्टाफ, गवाहों, एफएसएल टीम सहित घटना स्थल पहुंचकर सेप्टिक टेंक को तुड़वाकर गुमशुदा कामनी निषाद का शव बरामद किया गया। शव को विधिवत मर्ग कार्यवाही में लिया गया।

आरोपी की निशानदेही पर कीटनाशक 505 का डिब्बा बरामद कर कब्जे में लिया गया। आरोपी जहल पटेल पिता गंधक पटेल उम्र 50 वर्ष, निवासी बांधाटोला के विरुद्ध थाना सहसपुर लोहारा में अपराध क्रमांक 264/2025 धारा 103(1), 238(ख) भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, एफएसएल टीम, सहायक उपनिरीक्षक बलदाउ भट्ट तथा थाना सहसपुर लोहारा पुलिस टीम की तत्परता, सतर्कता, तकनीकी दक्षता एवं पेशेवर प्रतिबद्धता सराहनीय रही।

सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

धमतरी/नवप्रदेश। जिला पंचायत धमतरी की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति एवं सामान्य सभा की समीक्षा बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण कुमार सार्वा की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष श्री गौकरण साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी शासन की संचालित योजनाओं का संक्षिप्त विवरण, प्रगति रिपोर्ट एवं वित्तीय स्थिति की समीक्षा की गई।

खनिज विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति और जल गुणवत्ता से संबंधित कार्य ग्रामीण पाइप जल योजनाओं की प्रगति, हर घर जल मिशन के लक्ष्य का मूल्यांकन, टैंकर जलापूर्ति वाले संवेदनशील ग्राम, फ्लोराइड - आर्सेनिक प्रभावित क्षेत्रों के लिए सुधारात्मक कदम, जलस्रोतों का संरक्षण एवं रखरखाव से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो पर माननीय सदस्यों ने विशेष ध्यानाकर्षण किया। जिले में लोक निर्माण विभाग के तहत सड़कों के निर्माण, मरम्मत, चौड़ीकरण तथा पुल-पुलियों की स्थिति पर अद्यतन जानकारी ली गई। जिसमें सड़क मरम्मत एवं रखरखाव कार्य, निर्माणाधीन पुलों की प्रगति, गुणवत्ता नियंत्रण एवं निरीक्षण रिपोर्ट पर जिला पंचायत सदस्यों ने ग्रामीण सड़कों के जाल को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिये। वन विभाग (सामान्य वन एवं उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व) मानव-वन्यजीव संघर्ष नियंत्रण वन विभाग मानव और प्रकृति के संतुलन के लिए किए गए प्रयासों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। मार्कफेड एवं सहकारिता विभाग (धान खरीदी) धान खरीदी केंद्रों की वर्तमान स्थिति, मापतौल व्यवस्थाएं एवं पारदर्शिता, किसानों को भुगतान समय सीमा, कोटा, परिवहन और भंडारण व्यवस्था, सहकारी समितियों की दृष्टि से खरीदी प्रक्रिया में आ रही कठिनाइयों का समाधान सुनिश्चित करने कहा ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

लिंग आधारित हिंसा समाप्ति के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कस्तुरबा गांधी अवासीय विद्यालय भाटापारा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजूरी में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों एवं उनके हितों के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम, महिला उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक शिकायत के बारे में जागरूकता, सोशल मीडिया पर पोस्ट,इंफोग्राफिक्स के माध्यम से पास्को डीवि एक्ट एवं विभागीय योजनाएं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न एवं सुश्री नम्रता साहू द्वारा महिलओं एवं बच्चों पर होने वाले विभिन्न प्रकार के हिंसा, शारीरिक, मानसिक, भवनात्मक, आर्थिक एवं लैंगिंक हिंसा के बारे में जानकारी दी गई एवं शपथ दिलाई गई, ऐसे मामलों में मिलने वाली कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डाली ।

नगरीय क्षेत्रों में दरों का किया गया युक्तियुक्तकरण एवं सरलीकरण

■ **केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड छत्तीसगढ़ द्वारा नवीन गाइडलाइन जारी**

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड छत्तीसगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गाइडलाइन दरों को अनुमोदित किया गया है। नवीन- गाइडलाइन दरों के तहत नगरीय क्षेत्रों में दरों का युक्तियुक्तरण और सरलीकरण किया गया है जिला पंजीयक कार्यलय से प्राप्त जानकारी अनुसार बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में लागू नवीन- गाइडलाइन दरों के तहत नगरीय क्षेत्रों में दरों का युक्तियुक्तरण और सरलीकरण किया गया है।नगरीय क्षेत्रों मे दरों का युक्तियुक्तकरण और सरलीकरण- पूर्व में प्रचलित गाइडलाइन में एक ही वार्ड में कई-कई कंडिकाओं में अलग-अलग दरें अंकित थीं जिससे गाडडलाइन जटिल एवं आमजन के लिए समझने में कठिन हो गई थी। राज्य शासन के निर्देशानुसार इन अनावश्यक कंडिकाओं का युक्तियुक्तरण किया गया जिसके परिणामस्वरूप नगर पालिका बलौदाबाजार में पूर्व के 86 कंडिकाओं को कम कर 40 किया गया है। जिले के सभी नगरीय निकायों बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, पलारी, कसडोल, लवन एवं टुण्ड्रा में कुल 127 वार्डो के अंतर्गत पूर्व के 326 कंडिकाओं को सरलीकृत कर 230 कंडिकाएं रखा गया है। परिसीमन उपरांत बने नवीन नगर पंचायत रोहांसी को गाइडलाइन में जोड़ा गया है। नवीन गाइडलाइन पूर्व की तुलना में अधिक सरल, व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित है।गाइडलाइन दरों में अत्यधिक वृद्धि की भ्रांति- कुछ लोगों द्वारा यह गलत धारणा बनाई जा रही है कि गाइडलाइन दरों में अत्यधिक वृद्धि की गई है। वास्तविकता यह है कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ में अंतिम बार गाइडलाइन का पुनरीक्षण वर्ष 2018-19 में हुआ था। वर्तमान पुनरीक्षण उसी आधार वर्ष 2018-19 की दरों को लेते हुए किया गया है। नगरीय क्षेत्रों मे युक्तियुक्तकरण के बाद प्राप्त दरों पर लगभग 20-40 की वृद्धि की गई है। अर्थात् लगभग 6 वर्षों बाद स्वाभाविक एवं तार्किक वृद्धि की गई है जिसे अत्यधिक वृद्धि कहना उचित नहीं है।ऑनलाइन प्रणाली एवं पंजीयन कार्य में किसी प्रकार का अवरोध नहीं- नवीन गाइडलाइन 20 नवम्बर 2025 से प्रभावी हुई है। इस तिथि से अब तक लगभग 85 दस्तावेजों का पंजीयन सुचारू रूप से किया जा चुका है। जिले के सभी उप पंजीयक कार्यालयों में पूर्ववत प्रतिदिन नियमित रूप से पंजीयन कार्य जारी है।नियमित रूप से गाइड लाइन दर पुनरीक्षित नहीं होने से दुष्परिणाम- नियमित रूप से गाइड लाइन दर पुनरीक्षित नहीं होने से काले धन के लेन-देन को प्रोत्साहन, कैश में अंतर का भुगतान, पारदर्शिता का अभाव,संपत्ति के कम मूल्यांकन की समस्या,ऋण संबंधी समस्याएँ,कम ऋण की पात्रता एवं सरकारी अधिग्रहण में विसंगति होने पर भूमि मालिकों (विशेषकर किसानों) को उनकी संपत्ति का उचित और वास्तविक मुआवजा नहीं मिल पाता है।

धोखाधड़ी के आरोपी सेल्समेन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ **आरोपी - रोशन अहिरवार पिता मनोज कुमार अहिरवार उम्र 24 साल निवासी राजकिशोर नगर अटल आवास म0नं0 13 शीला पार्क के सामने सरकंडा जिला बिलासपुर**

विगत 01 वर्ष से फरार चल रहा था फरार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी द्वारा शिकायत प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अनुपम नगर स्टेडियम के सामने क्लब फोक्स मेन्स वियर का शो रूम खोला हूं जिसे चलाने के लिए सेल्समेन रोशन अहिरवार को मैनेजर के पद पर मासिक वेतन पर काम में रखा है। रोशन अहिरवार शो रूम की खरीदी बिक्री एवं स्टाफकी संपूर्ण देखरेख व हिसाब किताब करता है पैसों की लेनदेन बिक्री एवं जमा करने संबंधी संपूर्ण कार्य करता है जो वॉटसअप के माध्यम से प्रार्थी को दुकान की लेनदेन का हिसाब वॉटसअप के माध्यम से देता था क्लब फोक्स वियर कंपनी के अधिकृत कर्मचारी के द्वारा राजनांदगांव शो रूम का भौतिक सत्यापन करने पर रोशन अहिरवार के द्वारा 60-70 हजार रूपये नगद, 200 नग मेन्स वियर की सामान टी-शर्ट, शर्ट, पैंट, टाउजर, बेल्ट, रूमाल मोजा कीमती करीबन 4,50,000/- रु0 नहीं था तब यह अपने एकाउंट एवं ऑडिट की जांच पडताल किया तो रोशन अहिरवार के द्वारा दिनांक 18.07.2024 के 16,000/-रू0 के जमा राशि पावती में छेडछाड कर 33,300/- रूपये तथा दिनांक 06.08.2024 के जमा पावती स्कम 1597/- रूपये के आगे 1 जोड कर उसे 11597/- रू0 बनाकर रकम जमा पावती रसीद की रकम को बढ़ाया है। रोशन अहिरवार इसके फ्रेंचाईजी क्लब फेक्स गेन्स वेयर राजनांदगांव दुकान में 18,000/-रूपये मासिक वेतन पर काम करते हुए दुकान के सामान एवं बिक्री रकम लेकर भाग गया। सेवा में रहते हुए रकम, जमा पावती रसीद में हेराफेरी कर छल पूर्वक 5,50,318/- रूपये का धोखाधडी किया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 431/24 धारा 318(4),316(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भा0पु0से0) के मार्गदर्शन पर श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन (भा0पु0से0) एवं पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के दिशा निर्देश पर आरोपीगणो की गिरफ्तारी हेतु निर्देश प्राप्त होने पश्चात निरीक्षक एमन साहू , थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में सायबर सेल राजनांदगांव के मदद से फरार आरोपी रोशन अहिरवार की पूरी जानकारी के आधार पर आरोपी रोशन अहिरवार को बिलासपुर से हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ किया जो अपना जुर्म करना स्वीकार किया, आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय से आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर, उनि. देवादास भारती, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल आरक्षक प्रवीण मेश्राम एवं सायबर सेल हेमत साहू राजनांदगांव की सराहनीय भूमिका रही।

चिल्फी चेकपोस्ट पर पकड़ाई अवैध धान की खेप, ट्रक से 336 क्विंटल धान जब्त

■ **बोड़ला तहसील की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई**

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में अवैध धान भंडारण और परिवहन पर लगातार सख्ती जारी है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर टीमें धान की अवैध आवक की रोकथाम के लिए फील्ड निरीक्षण कर रही हैं। इसी क्रम में आज बोड़ला विकासखंड में चिल्पी चेक पोस्ट में अवैध धान का परिवहन करते एक बड़ी खेप राजस्व, मंडी तथा खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पकड़ी गई। ट्रक में भरकर लाया जा रहा 840 बोरी में लगभग 336 क्विंटल धान पकड़ा गया। इस बारे में तहसीलदार बोड़ला राजश्री पांडे से प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच के दौरान वाहन चालक द्वारा उक्त धान मध्यप्रदेश के गाडरवारा से लेकर दुर्ग के अहिरवारा लेकर जाने की जानकारी दी गई किंतु इस संबंध में किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज अथवा सक्षम अधिकारी की अनुज्ञा चालक के पास नहीं पाया गया। ऐसे में संयुक्त टीम द्वारा मौके पर ही कार्रवाई करते हुए धान को मंडी अधिनियम के तहत जब्त करते हुए वाहन सहित कृषि उपज मंडी कवर्धा की सुपुर्दगी में दिया गया तथा आवश्यक विधिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस कार्रवाई में तहसीलदार बोड़ला के साथ मंडी सचिव कवर्धा एन के भंडारी, खाद्य निरीक्षक अमित द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक अशोक कौशिक, पटवारी विजय टोंडर शामिल रहे।

बोड़ला अनुविभाग के अंतर्गत धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई जारी है। धान खरीदी की शुरुआत से लेकर अभी तक करीब 1900 क्विंटल से अधिक धान भंडारण और परिवहन करते पकड़ा गया है। बोड़ला तहसील में आज एक दिन में दो कार्रवाइयों में लगभग 452 क्विंटल अवैध धान पकड़ा गया है।

न्यूज गैलरी

शीतलहर के मद्देनज़र नागरिकों से बेघरों को सूचित करने अपील

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत नगर पालिक निगम अम्बिकापुर द्वारा शहर के प्रतीक्षा बस स्टैण्ड (नवीन कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल) में आश्रय स्थल संचालित किया जा रहा है। इस आश्रय स्थल में शहरी गरीब, बेघर तथा अन्य जरूरतमंद लोगों के लिए सुरक्षित और सर्वसुविधायुक्त ठहरने की व्यवस्था उपलब्ध है। शहरी गरीब एवं बेघर व्यक्तियों के लिए यह सुविधा पूर्णतः निःशुल्क है, जबकि अन्य सामान्य नागरिकों के लिए मात्र 70 रुपये प्रति दिवस शुल्क निर्धारित किया गया है। आश्रय स्थल में पुरुष एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग आवासीय व्यवस्था उपलब्ध है, जिसमें पलंग, गद्दे, कंबल, स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराई गई हैं। प्रदेश में विशेष रूप से सरगुजा क्षेत्र में बढ़ती शीतलहर को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने शहर में आने वाले या बेघर व्यक्तियों के लिए यह व्यवस्था विशेष राहत के रूप में उपलब्ध कराई है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी शहरी गरीब या बेघर व्यक्ति की जानकारी मिले, तो उन्हें इस आश्रय सुविधा के बारे में अवश्य सूचित करें, ताकि ठंड के मौसम में उन्हें सुरक्षित एवं गर्म आवास उपलब्ध कराया जा सके।

कलेक्टर ने बच्चों के साथ बैठकर किया मध्यान्ह भोजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर भोसकर ने आज शासकीय हाई स्कूल सेदम का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था और चल रहे परीक्षा का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, पेयजल, शौचालयों सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया तथा अधिकारियों को बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन में शामिल हुए। उन्होंने छात्रों के साथ बैठकर भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता, पोषण स्तर तथा परोसने की व्यवस्था का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि मध्यान्ह भोजन बच्चों के स्वास्थ्य और नियमित उपस्थिति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न हो संबंधित शिक्षकों को निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम रामसिंह ठाकुर, प्राचार्य रविशंकर पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे।

जिला स्तरीय सलाहकार एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक

प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचे योजनाओं का लाभ: कलेक्टर

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार एवं परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न हितग्राही मूलक, विकास एवं रोजगार मूलक योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रकरणों में शत-प्रतिशत स्वीकृति और सहायता ऋण राशि के समयबद्ध वितरण के निर्देश दिए।

बैठक में लीड बैंक अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में विगत तिमाही के दौरान 3 नए बैंक शाखाओं ग्रामीण बैंक डिंडो, बैंक ऑफ इंडिया बलरामपुर और इंडियन बैंक बलरामपुर की शुरुआत की गई है। इस दौरान कलेक्टर ने शंकरगढ़, बलरामपुर एवं कुसमी विकासखंड में 4 नई बैंक शाखाएं खोलने के लिए निर्धारित स्थलों पर की गई कार्यवाही की भी विस्तृत समीक्षा करते हुए बैंकों को सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर जल्द से जल्द शाखाएं प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ जिले के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुँचे। वित्तीय समावेशन से जुड़ी योजनाओं पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, वीमेन लेड इंटरप्राइज फाइनेंस, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जैसे कार्यक्रम

स्वरोजगार को बढ़ावा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि इन योजनाओं के तहत जमा सभी प्रकरणों का 15 दिनों के भीतर निराकरण करते हुए हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराएं।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक जोड़ने के निर्देश भी दिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने तथा कृषि, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग के हितग्राहियों को अधिकतम लाभ दिलाने हेतु समन्वित प्रयास करने की बात कही। कलेक्टर ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, पीएमइजीपी, सीएमइजीपी, पीएम-स्वनिधि एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा भेजे गए प्रकरणों की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आगामी समय में सभी बैंक शाखा प्रबंधकों एवं योजना प्रमुखों को योजनाओं के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर पात्र लोगों को लाभन्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर, सहायक महाप्रबंधक रिज़र्व बैंक सतेन्द्र कुमार राठौर, लीड बैंक अधिकारी अंकित शर्मा, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अनुपम तिवारी तथा संबंधित विभागों के जिला अधिकारी एवं विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित थे।

फीकल स्लज एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर संभाग स्तरीय प्रशिक्षण

पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने किए गए प्रयासों की समीक्षा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्थिरता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन एवं फीकल स्लज मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में संभाग के सभी जिलों से से जुड़ी ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव, स्वच्छाग्राही समूह के अध्यक्ष/सचिव, साथ ही मिशन के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रूपेश राठौर एवं पुरुषोत्तम पण्डा (राज्य सलाहकार) द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से फीकल स्लज प्रबंधन की संपूर्ण प्रक्रिया-संग्रह, परिवहन, उपचार एवं सुरक्षित निस्तारण, डिस्लजिंग की चरणबद्ध प्रक्रिया, (ड्राइंग बेड) का वैज्ञानिक

संचालन, सुरक्षा उपाय, रिकॉर्ड प्रबंधन एवं निगरानी तंत्र पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि व्यवस्थित प्रणाली से पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों के प्रदूषण की रोकथाम, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा स्थिति की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित होती है। साथ ही ग्राम पंचायतों की प्रमुख भूमिका-यूजर शुल्क संग्रह, डिस्लजिंग वाहन की नियमित निगरानी, सुरक्षित निस्तारण का सत्यापन एवं समुदाय में जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर एवं स्व्रस्रू के योजनाबद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्ता आधारित क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता, सामुदायिक सहभागिता और सतत निगरानी के माध्यम से ही स्वच्छता को स्थायी बनाया जा सकता है।प्रशिक्षण में यह भी जोड़ा गया कि ग्राम पंचायतों में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन एवं फीकल स्लज प्रबंधन को विशेष प्राथमिकता देते हुए कार्य किए जाएं। राज्य सलाहकारों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा इन गतिविधियों को बिजनेस मॉडल के रूप में विकसित करने, राजस्व सृजन, लागत वसूली, तथा संधारणीय संचालन पर केंद्रित प्रशिक्षण दिया गया, ताकि पंचायतें आत्मनिर्भर बन सकें और सेवाओं की निरंतरता बनी रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सहभागियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन एवं फीकल स्लज मैनेजमेंट को प्रभावी रूप से लागू करने के संकल्प के साथ हुआ।

शीतलहर से बचाव के लिए प्रदेश सरकार अलर्ट

■ **जिले के सभी विभागों को कड़े निर्देश, ग्राम पंचायत से जिला स्तर तक बढ़ेगी सतर्कता**

एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बढ़ती ठंड के साथ शीतलहर के खतरे को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश जारी किए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य, जिला, तहसील एवं ग्राम स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। पंचायत भवनों में शीतलहर से बचाव के उपायों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा प्राथमिक उपचार बॉक्स की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित होगी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों के आधार पर प्रत्येक जिले में शीतलहर प्रबंधन कार्ययोजना तैयार की जाएगी और नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी चेतावनियां नियमित रूप से सभी विभागों तक पहुंचाई जाएंगी। नगरीय क्षेत्रों में रैन बसेरों और आश्रय स्थलों में भोजन, बिजली, पानी व चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। स्कूलों के समय में आवश्यकतानुसार बदलाव, अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता, बुजुर्गों, बच्चों व बेघर लोगों की विशेष देखभाल की व्यवस्था की जाएगी। कृषि, पशुपालन, श्रम, परिवहन एवं पुलिस विभाग को भी अपने-अपने स्तर पर सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। जनसंपर्क विभाग द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

कुनकुरी नेत्रहीन आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर बतौली ब्लॉक के कुनकुरी स्थित नेत्रहीन आवासीय विद्यालय पहुंचे। उन्होंने विद्यालय में शिक्षा, आवास, भोजन एवं बच्चों की देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संचालित सुविधाओं की जानकारी ली।

जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सरगुजा के संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित शासकीय राजीव गांधी पी.जी. कॉलेज के खेल मैदान में हुआ। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, खो-खो, व्हालीबाल, हॉकी, फुटबाल, बैडमिंटन, कुश्ती, बास्केटबाल और रस्साकसी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 18 वर्ष तक के आयु समूह में एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान रोशनी लकड़ा (कन्या कीड़ा परिसर, अम्बिकापुर), 400 मीटर दौड़ में प्रथम संजीवनी सिंह (कन्या कीड़ा परिसर, अम्बिकापुर)

तथा तवा फेंक में प्रथम होलिका नागवंशी (अम्बिकापुर) रही। दलीय खेलों में व्हालीबाल में प्रथम स्थान कन्या कीड़ा परिसर, उपविजेता सेंट जॉन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर, हॉकी में प्रथम कन्या कीड़ा परिसर, उपविजेता होलीकास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर, फुटबाल में विजेता खेलो इंडिया सेंटर अम्बिकापुर, उपविजेता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खलिबा, खो-खो में विजेता माउंट लिट्राजी स्कूल अम्बिकापुर, उपविजेता सेजस गांधी नगर अम्बिकापुर और बास्केटबाल में विजेता आर.पी.एस. क्लब अम्बिकापुर, उपविजेता सेंट जोन्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर रही। 18-35 वर्ष के आयु समूह में एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़ में प्रथम रश्मि सिंह, द्वितीय मीना कुमारी, तृतीय कुन्ती पैकरा, 400 मीटर दौड़ में प्रथम कुन्ती पैकरा, द्वितीय लक्ष्मी राजवाड़े, तृतीय प्रिया राजवाड़े, तवा फेंक में प्रथम मधु भगत, द्वितीय पूजा सिंह एवं तृतीय अजना भगत रही। कुश्ती प्रतियोगिता में 50 किग्रा. वर्ग में विजेता सोनिया सिंह और 53 किग्रा. वर्ग में दीपमाला रही।

अम्बिकापुर एयरपोर्ट में संविदा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। विमानतल संचालनालय, केपिटल कॉम्प्लेक्स, महानदी भवन, नवा रायपुर द्वारा अम्बिकापुर एयरपोर्ट के लिए स्वीकृत संविदा पदों पर भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन केवल रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से 26 दिसम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे। भर्ती के अंतर्गत निम्नलिखित पदों पर आवेदन लिए जा रहे हैं:-चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर -01 पद, संभावित वेतन 60,000, सहायक कार्यकारी-01 पद, संभावित वेतन 50,800, अकाउंटेंट -01 पद, संभावित वेतन 23,350, सहायक ग्रेड-3 -01 पद, संभावित वेतन 18,000 उपरोक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता, अनुभव विस्तृत जानकारी अम्बिकापुर एयरपोर्ट के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

बंदियों को उपलब्ध विधिक सेवाओं, भोजन की गुणवत्ता का लिया जायजा

एमसीबी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा सर्वोच्च न्यायालय के पारित अनुपालन में उप जेल मनेन्द्रगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शैलेश कुमार तिवारी, कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लोकेश कुमार बंजारा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमृता दिनेश मिश्रा सहित जिला विजिटर बोर्ड के सदस्य शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही विधिक सेवाओं, मूलभूत सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, बैरकों की स्थिति तथा स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा की गई।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना

क्रम सं (1): ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी-बीएसपी-टी-162-25-26, दिनांक 08.12.2025
कार्य: दो वर्षों के लिए सहायक मंडल अभियंता / पेंड्रा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत शीतकालीन गश्त के लिए सहायक गश्ती दल (गश्ती दल साथी) की तैनाती।
निविदा मूल्य: 1,33,63,142.40/- अमानत राशि: (रु) 2,16,800.00/- कार्य पूर्णता की अवधि: 24 माह निविदा जमा की आरंभ तिथि: दिनांक 15-12-2025 के 11.00 बजे से। निविदा जमा की अंतिम तिथि: दिनांक 29-12-2025 के 11.00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेल प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/AM/535 द.पू.म.रेलवे बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

न्यायालय तहसीलदार तहसील दोरनापाल जिला सुकमा, छ.ग.
राजस्व प्रकरण क्रमांक 202511190100008
विषयः अ-20(3), सन-2025-26

ईश्तहार

एतद द्वारा ग्राम पंचायत मनीकोण्टा के आम जनता को सूचित किया जाता है कार्यालय कमाण्डेन्ट-218 बटालियन के.रि.पु. बल पेदाकुर्ती दोरनापाल, जिला सुकमा (छ.ग.) को स्थायी कैंप स्थापना हेतु भूमि आबंटन की मांग किये जाने पर ग्राम पेदाकुर्ती प.ह.न.08/ मनीकोटा स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 374 रकबा 6.8000हे. खसरा नं. 369/1 रकबा 8.0970 हे. भूमि खसरा नं. 377 रकबा 8.8750 हे. भूमि को लीज पर आबंटन हेतु दिया जाना प्रस्तावित है। प्रकरण में चयनित भूमि कार्यालय कमाण्डेन्ट-218 बटालियन के.रि.पु. बल पेदाकुर्ती दोरनापाल जिला सुकमा (छ.ग.) को आबंटन हेतु राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड चार -1 की कंडिका 25 में दिये गये बिंदुओं तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देश का पालन कर विस्तृत जांच कर जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण इस न्यायालय को प्राप्त किया हुआ है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

तत् संबंध में जिस किसी व्यक्ति को लिखित या मौखिक दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पत्र में उल्लेखित नियत दिनांक 05.12.2025 से 20.12.2025 तक अवकाश के दिन छोड़कर किसी भी दिन न्यायलयीन समय में प्रातः 10:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
स्थान- दोरनापाल
दिनांक- 01/12/2025 तहसीलदार
मुहर दोरनापाल जिला-सुकमा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना

निविदा संख्या - 755-ST-CON-R-DCTC-PKG2
दिनांक: 05.12.2025
कार्य: रायपुर डिवीजन के भिलाई-भिलाई नगर और राजनांदगांव से डोंगरगढ़ तक चौथी लाइन के कमीशनिंग के संबंध में सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्य : (ए) स्टेशन यार्ड में एमएसडीएसी के समानांतर डीसी ट्रैक सर्किट का प्रावधान (बी) (i) एनआई कार्यों के लिए नए भवनों में मौजूदा 3 लाइनों के लिए एमएसडीएसी की आपूर्ति / स्थानांतरण, स्थापना और कमीशनिंग के लिए विविध सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्य। (ii) अर्थिंग और बॉन्डिंग व्यवस्था, डिजिटल एक्सल काउंटर के लिए टीएसएल, ऑटो हट्स में फायर अलार्म और डिटेक्शन सिस्टम और अन्य कार्य।
निविदा मूल्य : रु. 27,08,77,074.00 (सत्ताईस करोड़ आठ लाख सतहत्तर हजार चौहत्तर मात्र)। ईएमडी- रु. 15,04,400.00 (पन्द्रह लाख चार हजार चार सौ मात्र)। निविदा बंद होने की तिथि: 27.12.2025 को 10.45 बजे तक।
अधिक जानकारी/पात्रता, मानदंड और उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण के लिए, कृपया उप-मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण, एस.ई.सी. रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें/डाउनलोड करें।
उप-मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण
सीपीआर/10/AM/531 द.पू.म.रेलवे/रायपुर
South East Central Railway @secrail

श्री सिद्ध हनुमान परिवार ने भागवत कथा में शामिल होकर की महाआरती

सक्ती/नवप्रदेश। श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार ने सोन केसरिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में शामिल होकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा भागवत भगवान श्री कृष्ण को इक्यावन दीपों की महाआरती समर्पित किया। इन पलों में श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार ने व्यास पीठ से आर्शीवाद प्राप्त किया तथा आयोजक परिवार को हनुमान लला के चित्र के रूप में स्मृति चिन्ह भेंटकर कर कथा आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। आज की कथा में भगवान श्री कृष्ण के द्वारा इंद्र को सबक सिखाने के लिए किए गए गोवर्धन पूजा का वृतांत सुनते हुए कथा वाचक कृष्णा महाराज ने कहा कि प्रभु देवताद्धराक्षस, मानव आदि हर किसी के अहंकार का नाश करते हैं तथा जो भक्ति भाव से प्रभु के शरण में जाते हैं उनका उद्धार करते हैं। सोन केसरिया परिवार द्वारा पंडित भोलाशंकर के सान्निध्य में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में आज श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार के साथ उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय सिंह, मांगेराम अग्रवाल, रंजन सिंहा, मनोज सिसोदिया, समारू देवांगन, गोविन्द देवांगन आदि के साथ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे।

न्यायालय कलेक्टर, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
- सूचना पत्र -

क्रमांक /02/ रीडर/2025 सारंगढ़, दिनांक 05-12-2025

प्रति,
श्री अश्विनी साहू पिता संतोष साहू
पता साहू पारा, घनश्याम चौक, भाटागांव
जिला रायपुर (छ.ग.)

विषयः- प्रकरण की सुनवाई हेतु उपस्थित होने बाबत। पेशी दिनांक 30-12-2025

आपको पेपर प्रकाशन के जरिये सूचित किया जाता है कि आपके नाम पर दर्ज वाहन पैशन प्रो मोटर सायकल क्रमांक CG 04 DK 8187 को अवैध रूप से शराब परिवहन के मामले में वाहन को जप्त किया गया है। उक्त वाहन को राजसात किये जाने हेतु प्रतिवेदन प्राप्त होने पर इस न्यायालय द्वारा छ.ग. आबकारी अधिनियम 1915 के तहत प्रकरण क्रमांक 202509321300004/अ-47क (2)/2024-25 पक्षकार छ.ग. शासन बनाम दुष्यंत साहू वगै., साकिन-भटगांव, तहसील भटगांव प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जिसकी आगामी पेशी दिनांक 30-12-2025 को नियत है। उक्त सुनवाई तिथि में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जावेगी।

(कले. महो. द्वारा आदेशित)

मुहर **डिप्टी कलेक्टर,**
जी-252605436/3 **वास्ते कलेक्टर, सारंगढ़-बिलाईगढ़**

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eprocurement portal:https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 181372/निविदा सूचना क्र.06/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 10.12.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 29.12.2025 17.30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है-

कार्य का नाम- धमतरी जिले के विकासखंड नगरी की नगरी वितरक शाखा नहर से दुगली सिंगपुर तक नहर विस्तार कार्य आर.डी. 10000 मी. से 17000 मी. (ग्रुप-3)।

अनुमानित लागत - रु. 977.69 लाख
(एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित
(यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 17.12.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. बांध संभाग क्र. 2
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जी-252605434/5 **जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा
संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-24
(प्रथम बार)

क्रमांक/4689/टेण्डर/ग्रायांसेवा/2025 कोरबा, दिनांक 11.12.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में द वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रायपुर द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑनलाईन (online) प्रतिशत दर पर निविदा दिनांक 26.12.2025 समय 17.30 बजे तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

सिस्टम टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम व स्थल	ठेके की अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रुपये में)
181614	हायर सेकेण्डरी स्कूल सिल्ली हेतु 04 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, वि.खं. पाली	33.28	24960.00

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 11.12.2025 समय 15.30 बजे से डाउनलोड की जा सकती है।

(ए.के. जोगी)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
जी- 252605418/2 **कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

लगातार लुढ़क रहा पारा, कड़कड़ाती ठंड से जनजीवन बेहाल

बिलासपुर, सरगुजा, मुंगेली और पेण्ड्रा जिलों के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों तक शीतलहर चलने की चेतावनी जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में ठंड लगातार अपना असर दिखा रही है। मौसम विभाग ने बिलासपुर, सरगुजा, मुंगेली और पेण्ड्रा जिलों के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों तक शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है। प्रदेश में फिलहाल मौसम शुष्क है, लेकिन न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी है। प्रदेश में शनिवार को मौसम पूरी तरह शुष्क रहा। उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ पॉकेट में शीत लहर चली। प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.4डिग्री से. बिलासपुर में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.0डिग्री से. अंबिकापुर में दर्ज किया गया।

प्रदेश में कहीं भी वर्षा दर्ज नहीं की गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस समय कोई सक्रिय साइनो मौसम तंत्र मौजूद नहीं है, जिसकी वजह से आसमान साफ और रात के तापमान में गिरावट बनी हुई है। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले 24 घंटों में भी प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि कई जिलों में एक-दो पॉकेट में शीत लहर चलने की संभावना है। सुबह और देर रात तापमान में और गिरावट देखने को मिल सकती है। अगले दो दिनों के बाद भी प्रदेश में शुष्क मौसम बना रहेगा, लेकिन रात और सुबह ठंड बढ़ने की पूरी उम्मीद है। वर्तमान समय में बिलासपुर में मौसम ठंड और धुंध के बीच संतुलन बनाये हुए है। मौसम विभाग के डेटा के अनुसार आज यहाँ दिन का तापमान लगभग 27डिग्री से.के आसपास रहने की संभावना है और रात में न्यूनतम तापमान लगभग 11डिग्री से.तक गिर सकता है। आसमान अधिकांशतः साफ़ रहेगा लेकिन कुछ हिस्सों में धुंध की संभावना भी है। ठंड के मौसम का असर पूरे छत्तीसगढ़ में बढ़ता जा रहा है। हाल ही में मौसम विभाग ने बिलासपुर समेत रायपुर, दुर्ग और सरगुजा संभागों में शीतलहर अलर्ट जारी किया है, जिससे सुबह-शाम के तापमान में गिरावट के कारण ठंड और तेज़ महसूस हो रही है। हालांकि मौसम विभाग से मुताबिक मध्य और उत्तरी हिस्से के कुछ इलाकों में अगले तीन दिनों में 2-3 डिग्री तक तापमान बढ़ सकता है। यानी ठंड से कुछ राहत लोगों को मिल सकती है। इसके अलावा मौसम में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। ठंड बढ़ने से स्किन रिलेटेड समस्या दिसंबर में कुछ बढ़ी हैं।

इन जिलों में चलेगी शीतलहर

प्रदेश के बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मारवाही, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, रायगढ़, कबीरधाम, और कोरबा में एक दो पॉकेट में शीतलहर चलने की संभावना है। हाल ही में प्रकाशित एयर क्वालिटी इंडेक्स के अनुसार बिलासपुर में वायु गुणवत्ता मध्यम स्तर पर है, जहां क्यूआई लगभग 63 दर्ज किया गया है। इस स्थिति में सामान्य लोगों के लिए मौसम अपेक्षाकृत सुरक्षित है, लेकिन सांस से जुड़ी समस्याओं वाले लोग थोड़ी सावधानी बरत सकते हैं। ठंड के कारण स्कूलों के समय में भी बदलाव किया गया है। शिक्षा विभाग ने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर में स्कूलों के समय में 30 मिनट की देरी से शुरूआत और 1 घंटे पहले बंद करने का निर्णय लिया है ताकि सुबह की कड़ाके की ठंड में बच्चे कम समय बाहर रहें।

न्यूज गैलरी

हाईकोर्ट ने कहा: पूर्व महापौर और पार्षदों के मानदेय का 3 माह में करें भुगतान

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम अम्बिकापुर के पूर्व महापौर और पार्षदों के लंबित मानदेय प्रकरण में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने दिशा-निर्देश जारी करते हुए मामले के निपटारे का आदेश दिया है। नगर निगम में 2019 से 2025 के लिए चयनित महापौर और पार्षदों का मानदेय जून 2023 से लंबित है। इस बीच जनवरी 2025 में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। मानदेय का भुगतान न होने पर महापौर एवं कांग्रेस से जुड़े 21 पार्षदों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।याचिका की सुनवाई में नगर निगम के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पूर्व महापौर और पार्षदों ने उन महीनों का विवरण उपलब्ध नहीं कराया है, जिनका मानदेय लंबित है। सभी पक्षों को सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि सभी याचिकाकर्ता पूर्व महापौर और पार्षद आदेश जारी होने के दो सप्ताह के भीतर नगर निगम अम्बिकापुर के समक्ष लंबित अवधि का विवरण प्रस्तुत करें। अदालत ने कहा कि नगर निगम, विवरण प्राप्त होने के तीन माह के भीतर राज्य सरकार के नोटिफिकेशन 12 मई 2022 के अनुसार निपटारा करेगा। नगर निगम अम्बिकापुर के अनुसार जून 2023 से जनवरी 2025 की अवधि का महापौर तथा 47 पार्षदों का कुल 1.43 करोड़ रुपये मानदेय बकाया है।

प्रदेश के नर्सरी स्कूलों पर हाईकोर्ट सख्त: कहा- यह पर्याप्त नहीं, कठोर नियम बनाएं

चीफ जस्टिस सिन्हा बोले- केवल कागजी औपचारिकता बनकर रह गई गाइडलाइन

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कहा कि नर्सरी व प्ले स्कूलों पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 19 नवंबर 2025 को जारी गाइडलाइन बिना सजा के प्रावधान के केवल कागजी औपचारिकता बनकर रह गई हैं। इनका कोई वास्तविक प्रभाव या कानूनी वैधता नहीं है।

डिवीजन बेंच ने प्री-नर्सरी और नर्सरी स्कूलों को लेकर राज्य सरकार की तैयारियों पर सख्त नाराजगी जताई। हाईकोर्ट ने कहा कि गाइडलाइन से पहले नियम बनाएं, जो संस्थान निशुल्क शिक्षा देने के लिए बाध्य हैं, उनके लिए कठोर और पारदर्शी नियम आवश्यक हैं, ताकि किसी भी तरह की अनियमितता या उल्लंघन पर जवाबदेही तय की जा सके। दरअसल भिलाई निवासी सी भगवंत राव ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है, जिसमें आरटीई, नर्सरी स्कूल खोलने के लिए नियम नहीं होने समेत अन्य मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही इस मुद्दों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता विकास तिवारी सहित अन्य की याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की जा रही है। हाईकोर्ट के पिछले आदेश के परिपालन में शिक्षा सचिव ने शपथ पत्र प्रस्तुत किया। बताया गया कि सत्र 2025-26 के दौरान अभिभावकों से कुल 976 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से केवल 167 शिकायतों का निपटारा किया गया है। 809 मामले अब भी लंबित पड़े हैं। वहीं याचिकाकर्ता की ओर से आंकड़ों के साथ बताया गया कि दुर्ग जिले में 183 शिकायतों में से 1 और बिलासपुर में 99 में से 1 शिकायत का निपटारा हुआ है, जबकि रायपुर में 199 में से 42 शिकायतें ही निपटी हैं। हाईकोर्ट ने इस धीमी प्रक्रिया पर असंतोष जताते हुए कहा कि शिकायतों के निपटारे की वर्तमान स्थिति चिंताजनक है और इसे तेजी से सुधारने की आवश्यकता है। महाधिवक्ता विवेक शर्मा ने हाईकोर्ट को भरोसा दिलाया कि शिक्षा विभाग गाइडलाइन का पुनरीक्षण करेगा और उचित संशोधन करते हुए इन्हें कानूनी रूप देने पर विचार करेगा।

अभिभावकों की शिकायतों का तत्काल समाधान हो

हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि अभिभावकों की शिकायतों का तत्काल समाधान होना चाहिए, क्योंकि नर्सरी और प्री-नर्सरी स्तर के बच्चों से जुड़ी किसी भी समस्या को लंबे समय तक लंबित रखना उचित नहीं है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों पर जल्द कार्रवाई हो। अगली सुनवाई के दिन विस्तृत शपथ पत्र देने के आदेश दिए गए हैं।

हाईकोर्ट को एक और स्थायी जज मिला, अरविन्द वर्मा ने ली शपथ

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में शुक्रवार को न्यायमूर्ति अरविन्द कुमार वर्मा ने स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया। 12 दिसंबर को शाम 4 बजे हाईकोर्ट परिसर में आयोजित सादे समारोह में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने अपने न्यायालय कक्ष में न्यायमूर्ति अरविन्द कुमार वर्मा को शपथ दिलाई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि विधि एवं विधायी कार्य विभाग, नई दिल्ली ने 11 दिसंबर को अधिसूचना जारी कर न्यायमूर्ति अरविन्द कुमार वर्मा को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय का स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया था। इसके बाद औपचारिक रूप से शपथ ग्रहण संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में महाधिवक्ता विवेक शर्मा, अधिवक्ता, रजिस्ट्रार जनरल, हाईकोर्ट रजिस्ट्री, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़े न्यायिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

बेघरों को स्वयं के खर्च से कंबल वितरित कराएंगे एसएसपी अग्रवाल

■ सरगुजा एसएसपी अग्रवाल की मानवीय पहल

सीपत/नवप्रदेश। सीपत मटियारी का नाम रोशन करते हुए सरगुजा जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल इन दिनों अपनी मानवीय सोच और करुणा से लोगों के दिल जीत रहे हैं। भीषण कड़ाके की ठंड में जहां लोग अपने घरों में दुबके बैठे हैं, वहीं खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर जरूरतमंदों के लिए अग्रवाल की यह विशेष पहल जीवन-रक्षक साबित हो रही है। सर्द रातों में सड़क किनारे , बसस्टैंड या बाज़ारों के छज्जों के नीचे सहमे हुए लोगों की तकलीफ़ को महसूस करते हुए एसएसपी अग्रवाल ने ऐसा कदम उठाया है, जिसकी चर्चा न केवल सरगुजा बल्कि आसपास के जिलों में भी प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में हो रही है। अपने व्यक्तिगत खर्च से एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जिले के प्रत्येक थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि रात्रि गश्त के दौरान वे अपने वाहन में कम से कम 10 कंबल अवश्य रखें। जैसे ही कहीं कोई बेघर, वृद्ध, मजदूर या मजबूर व्यक्ति खुले में ठंड से जूझता दिखाई दे– उसे तुरंत कंबल ओढ़ाकर राहत दी जाए। इस नेक पहल का असर भी दिखने लगा है। पिछले कुछ दिनों में रात के समय कई लोगों को पुलिसकर्मियों द्वारा कंबल पहनाते देखा गया, जिसके वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। जनमानस एसएसपी अग्रवाल की इस पहल को कर्तव्य से आगे बढ़कर मानवीयता की मिसाल कह रहा है। कड़कड़ाती ठंड में किसी अजनबी को कंबल ओढ़ाना सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि दिल से निकला दायित्व है।एसएसपी अग्रवाल ने यह साबित कर दिया कि पुलिस वर्दी सिर्फ कानून व्यवस्था संभालने का प्रतीक नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और करुणा का भी प्रतीक हो सकती है। यह पहल सिर्फ कंबल नहीं–गर्माहट, सुरक्षा और अपनत्व बाँटने का अद्भुत उदाहरण है।

मटियारी का बेटा है एसएसपी

सरगुजा के एसएसपी मूलत: सीपत क्षेत्र के ग्राम मटियारी के निवासी हैं। छत्तीसगढ़ की इस पुण्य धरती की सादगी, संस्कार और मानवीय मूल्य उनके व्यक्तित्व में साफ झलकते हैं। आज सरगुजा में जो कार्य वे कर रहे हैं, उससे न सिर्फ जिला, बल्कि पूरा छत्तीसगढ़ गर्व महसूस कर रहा है।

सरगुजा मॉडल के रूप में प्रशंसा

प्रदेश के कई वरिष्ठ अधिकारी और सामाजिक संगठन इस कदम को बेहद प्रेरणादायक बताते हुए अन्य जिलों में भी इसी तरह की व्यवस्था अपनाने की सलाह दे रहे हैं। अग्रवाल की इस सोच ने प्रशासनिक तंत्र में एक नई ऊर्जा भरी है कि मानवता हमेशा प्रथम स्थान पर होनी चाहिए।

दो संस्थानों से तीन लाख का अवैध धान जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर निर्देश पर जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई अभियान जारी है। आज नायब तहसीलदार बेलगहना समर्थ थवाईत, कोटा मंडी के उप निरीक्षक सीजी गोस्वामी एवं नीतिश नायक की टीम द्वारा ग्राम कोंचरा के यंग प्रोविजन स्टोर से 117 कट्टा (46 क्विंटल 80 किलो) एवं ग्राम मचगंवा के अरिहतं राईस मिल से 122 कट्टा (48 क्विंटल 80 किलो) अवैध धान मंडी अधिनियम के तहत जब्त किया गया।

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कबीरधाम–कवर्धा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल की माता के निधन पर आज तेरहवीं कार्यक्रम में कनक पैलेस, पंडरिया पहुँचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदना प्रकट की। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करें।

एसआईआर में गड़बड़ी, कांग्रेसजनों ने कलेक्टर से की जांच की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसआईआर में गड़बड़ी की जांच की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जिला व कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्षों व वर्तमान अध्यक्ष की अगुवाई में कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल से मुलाकात की इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार एडीएम बनर्जी व कांग्रेस के प्रतिनिधि मण्डल में पार्षदों के अलावा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी शामिल थे। कलेक्टर ने गड़बड़ी की जांच के लिए सीईओ (चीफ़ इलेक्शन ऑफिसर) रायपुर को जाँच कराने का आश्वान दिया।

कलेक्टर ने दिया जांच का आश्वसन

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कलेक्टर को बताया कि कांग्रेस नेता विजय केशरवानी बचपन से बिलासपुर में निवासरत है। उनकी शिक्षा, बिलासपुर में हुई है और एक मतदाता के रूप में बिलासपुर विधानसभा के वोटर लिस्ट में उनका और उनके परिवार का नाम रहा है। बीते विधानसभा, लोकसभा और नगर निगम चुनाव में बिलासपुर वोटिंग में किया है, और बेलतरा विधान सभा में कांग्रेस से विधायक के प्रत्याशी रहे है , जबकि एसआईआर फार्म भरने के लिए बिलासपुर के वोटर लिस्ट 2003 का अवलोकन किया तो उनका नाम मिला लेकिन भिलाई नगर निगम के वार्ड क्रमांक 54 के मतदाता सूची में किस आधार पे नाम पाया गया, और मतदाता सूची में मैपिंग की गई जबकि विजय केशरवानी कभी भी बिलासपुर के अतिरिक्त अन्य जगह पर वोट नहीं किया है। इसके बाद भी उसका नाम भिलाई नगर विधानसभा के वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। विजय सहित समूचे कांग्रेसजनों ने इस गड़बड़ी की जांच की मांग की। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने गड़बड़ी की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

आयोजन एसईसीएल मुख्यालय में 'नारी शक्ति खेल महोत्सव 2025' का शुभारंभ, श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष शशि दुहन ने किया उद्घाटन, गृहणियों और वर्किंग दोनों महिलाएं एक मंच पर ले रही हैं हिस्सा

खेल प्रतियोगिता एसईसीएल की नारी शक्ति के उत्साह, ऊर्जा और नेतृत्व का उत्सव: शशि दुहन

बिलासपुर/नवप्रदेश। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) मुख्यालय, बिलासपुर में आज 'एसईसीएल नारी शक्ति खेल महोत्सव 2025' का भव्य शुभारंभ श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष शशि दुहन द्वारा किया गया। यह दो दिवसीय आयोजन 13 एवं 14 दिसंबर को वसंत विहार खेल मैदान, एसईसीएल बिलासपुर में आयोजित किया जा रहा है।

उद्घाटन अवसर पर शशि दुहन ने ध्वजारोहण कर खेल महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया एवं खेलों को आरंभ करने की घोषणा की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड की किसी भी सहायक कंपनी में संभवतः पहली बार इस प्रकार का 'नारी शक्ति खेल महोत्सव' आयोजित किया जा रहा है, जो कोल इंडिया लिमिटेड की महिलाओं द्वारा स्थापित एक नई और प्रेरणादायी मिसाल है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ नहीं है, बल्कि एसईसीएल की नारी शक्ति के उत्साह, ऊर्जा और नेतृत्व का उत्सव है। कार्यरत एवं गैर-कार्यरत महिलाओं को एक साझा मंच पर खेलों के माध्यम से जोड़ने का यह प्रयास पूरे एसईसीएल परिवार को और अधिक निकट लाने, टीमवर्क एवं आत्मविश्वास को सशक्त करने वाला सिद्ध होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्ष अनीता फ्रैंकलिन, हसीना कुमार तथा विनिता जैन उपस्थित रहीं। अतिथियों का पारंपरिक रूप से शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सुजाता रानी, विभागाध्यक्ष (अधिकारी स्थापना), स्थ्वष्टरु मुख्यालय द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। खेल महोत्सव के शुरुआत में चार समूह – पर्पल, ब्लू, ग्रीन एवं रेड के प्रतिभागियों का अतिथियों से परिचय कराया गया। श्रीमती शशि दुहन ने स्वयं 'पिट्ठू' खेल में भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस महोत्सव में 50 मीटर, 100 मीटर दौड़, 4म50 मीटर रिले, बैडमिंटन, खो-खो, शतरंज एवं टेबल टेनिस जैसे औपचारिक खेलों के साथ-साथ मटका रेस, जलेबी रेस, तीन टांग दौड़ एवं नींबू दौड़ जैसे मनोरंजक खेल भी शामिल किए गए हैं।

एसईसीएल हसदेव में होगा फाइनल

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल में महिला सशक्तिकरण के कई प्रयास किए जा रहे हैं, इसी वर्ष, एसईसीएल में कोल इंडिया की पहली महिला डिस्पेंसरी की शुरुआत की गई थी। श्रद्धा महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित यह पहल सकारात्मकता, आपसी सहयोग एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करने वाली है। इसी तरह के नारी शक्ति खेल महोत्सव एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में भी आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि इन प्रतियोगिताओं का भव्य फाइनल आगामी दिनों में एसईसीएल हसदेव क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा, जहाँ सभी क्षेत्रों की विजेता टीमें एक साथ भाग लेंगी। मुख्यालय के दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन समारोह कल 14 दिसंबर को अपराह्न में आयोजित है जहाँ सीएमडी हरीश दुहन व निदेशक मंडल अपने हाथों से विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे।

प्राइवेट प्लेयर्स भी बना सकेंगे परमाणु ऊर्जा से बिजली

भारत की ऊर्जा दुनिया में ऐतिहासिक बदलाव आने वाला है। नरेंद्र मोदी सरकार संसद के चल रहे विंटर सेशन में परमाणु ऊर्जा विधेयक 2025 पेश करने जा रही है, जिसे SHANTI नाम दिया गया है. यह 1962 के परमाणु ऊर्जा कानून के बाद सबसे बड़ा सुधार होगा। 63 साल पुराने राज्य एकाधिकार को तोड़ते हुए प्राइवेट कंपनियों को परमाणु ऊर्जा उत्पादन में हिस्सेदारी मिलेगी। सरकारी एजेंसियां सुरक्षा और संचालन संभालेंगी, लेकिन प्राइवेट प्लेयर्स पूंजी, जमीन और तकनीक लाएंगे. यह कदम जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने और 2047 तक 100 गीगावाट क्षमता हासिल करने के लिए जरूरी है।



पुरानी व्यवस्थाः प्राइवेट को सख्त मनाही आजादी के बाद से भारत का परमाणु क्षेत्र एक किले की तरह बंद था. परमाणु ऊर्जा विभाग और सरकारी परमाणु ऊर्जा निगम (NPCIL) ही सब संभालते थे. 1962 के परमाणु ऊर्जा कानून में साफलिखा था कि प्राइवेट कंपनियां या राज्य सरकारें परमाणु संयंत्र नहीं चला सकतीं. वजह बताई गई राष्ट्रीय सुरक्षा और सुरक्षा चिंताएं. आजादी के बाद से सिर्फसरकारी प्लांट बने, कुल 8 गीगावाट क्षमता, जो देश की कुल बिजली का सिर्फ3% है।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी 2025 के बजट में ही संकेत दिया था। पीएम मोदी ने 27 नवंबर को हैदराबाद में स्पेस स्टार्टअप स्काइरूट के उद्घाटन पर कहा, "हम परमाणु क्षेत्र को प्राइवेट प्लेयर्स के लिए खोल रहे हैं। यह छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और नई इनोवेशन के लिए ताकत देगा।" यह घोषणा संसद विंटर सेशन से ठीक पहले आई, जहां विधेयक लिस्टेड है। यह विधेयक पुराने कानूनों को एकीकृत करेगा - Atomic Energy Act, 1962 और Civil Liability for Nuclear Damage Act, 2010 में संशोधन कर प्राइवेट एंट्री की राह खुलेगी. कंपनी की परिभाषा बदलकर Companies Act, 2013 के तहत रजिस्टर्ड किसी भी फर्म को लाइसेंस मिल सकेगा। भारत ने 2047 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का वादा किया है। परमाणु ऊर्जा साफ और विश्वसनीय है - कोयले या सोलर से ज्यादा स्थिर है।

थरूर के गढ़ में भाजपा ने दिखाया दम, 50 सीटों पर बढ़त

तिरुवनंतपुरम। केरल में आज दो चरणों में हुए स्थानीय निकाय चुनावों की मतगणना हुई। हालांकि मतगणना के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर के संसदीय क्षेत्र तिरुवनंतपुरम काफी चर्चा में रहा। इसका कारण है कि इस सीट पर भाजपा ने जबरदस्त जीत हासिल की है। तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों में भाजपा ने 50 सीटों पर अपनी जीत हासिल की। वहीं दूसरी ओर बात अगर लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) 29 सीटों पर तो कांग्रेस नेतृत्व वाली (यूडीएफ) 19 सीटों पर अजेय हुए। चुनाव के इस परिणाम को देखते हुए ये कहना गलत नहीं होगा कि इस बार के निकाय चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के गढ़ में सेंध मार दी है। बता दें कि केरल के 14 जिलों में दो चरणों में निकाय चुनाव के लिए मतदान हुआ था। पहले चरण में तिरुवनंतपुरम समेत छह जिलों में मतदान हुआ था। अन्य जिलों में कोल्लम, पथानमथिट्टा, अलप्पुझा, कोट्टयम, इडुक्की और एर्नाकुलम शामिल थे। इसमें कुल मतदान प्रतिशत 70.90 रहा। सबसे अधिक मतदान एर्नाकुलम जिले में 73.96 फीसदी हुआ। वहीं सबस कम मतदान पथानमथिट्टा जिले में 66.35 फीसदी हुआ।

'तेरे टुकड़े होंगे' जैसी भाषा नहीं चलेगी यह भारत के लिए जीने का समय

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत शुक्रवार को अंडमान में दामोदर सावरकर के गीत 'सागर प्राण तलमाला' की 115वीं सालगिरह के मौके पर आयोजित समारोह में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए जीने का समय है, मरने का नहीं। देश को हर चीज से ऊपर रखना चाहिए।

दामोदर सावरकर के गीत 'सागर प्राण तलमाला' की 115वीं सालगिरह के मौके पर संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि हम सावरकर को उनकी देशभक्ति के लिए याद करते हैं। हमारे देश में हमारे अपने देश की ही भक्ति होनी चाहिए। यहां 'तेरे टुकड़े होंगे'' जैसी भाषा का उपयोग नहीं होना चाहिए। यह भारत के लिए जीने का समय है, मरने का नहीं।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि आज समाज में छोटी-छोटी बातों पर टकराव दिखता है कि हम कैसा सोचते हैं। एक महान देश बनाने के लिए, हमें सावरकर के संदेश को याद करना होगा।

राष्ट्र निर्माण में साधु बनना जरूरी नहीं

वहीं, जाति और धर्म के आधार पर विभाजन पर संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि सावरकर ने कभी नहीं कहा कि वह महाराष्ट्र से हैं या किसी विशेष जाति से संबंधित हैं। उन्होंने हमेशा एक राष्ट्र के सिद्धांत की शिक्षा दी। हमें अपने राष्ट्र को सभी टकरावों से ऊपर रखना होगा। हम जो कुछ भी करें, उसमें हमेशा राष्ट्र को पहले रखना चाहिए। पेशेवर बनें, पैसे कमाएं पर राष्ट्र को नहीं भूलें। राष्ट्र निर्माण में साधु बनना जरूरी नहीं।

बता दें कि कार्यक्रम के दौरान अंडमान के बेओदनाबाद में विनायक दामोदर सावरकर की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस दौरान संघ प्रमुख मोहन भागवत के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री आशीष शेलार, पद्मश्री हृदयनाथ मंगेशकर, एक्टर रणदीप हुड्डा और शरद पोंक्षे, डॉ. विक्रम संपत भी मौजूद थे।

हमें अपने मतलब को दूर रखना होगा

अपने बयान के दौरान मोहन भागवत ने कहा कि हमें अपने मतलब को दूर रखना होगा और तभी हम सावरकर जी का सपना पूरा कर पाएंगे। सावरकर जी ने बिना किसी स्वार्थ के भारत के लिए काम किया। हम जो भी करें, अपने देश के लिए करें और तभी हम इसे विश्व गुरु बना सकते हैं। हम सभी को वह दर्द महसूस करना चाहिए जो सावरकर ने देश के लिए महसूस किया था।

'बयानबाजी से नहीं, एक्शन से जीती जाती है जंग' : जनरल

नई दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को तेलंगाना के एयर फोर्स अकादमी, डुंडीगल में ऑटम टर्म 2025 की कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड की समीक्षा की।

इस दौरान छ्ष्ठस् जनरल अनिल चौहान नए फ्लाइट कैडेट्स को कहा कि युद्धों में कोई रनर-अप नहीं होता। वहीं, पाकिस्तान का बिना नाम लिए तंज कसते हुए कहा कि युद्ध खाली बयानबाजी या सोशल मीडिया प्रचार से नहीं, बल्कि स्पष्ट लक्ष्य, ठोस योजना और निर्णायक कार्रवाई से जीते जाते हैं। साथ ही यह भी बताया कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। ऑपरेशन्स की तीव्रता भले ही कम हो गई हो, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर जारी है। हमारी ताकत हर घंटे, हर दिन अलर्ट, फुर्तीले और तैयार रहने की क्षमता में होगी। जीत को आदत बनाना इस नए नॉर्मल का हिस्सा होना चाहिए। युद्ध भाषणों से नहीं, बल्कि मकसद वाले कामों से जीते जाते हैं।

लापरवाही की गुंजाइश जीरो

नए फ्लाइट कैडेट्स से छ्ष्ठस् जनरल अनिल चौहान ने कहा कि गलती की गुंजाइश जीरो है और लापरवाही की कीमत बहुत भारी होती है। आप भी एयर फोर्स में ऐसे समय में शामिल हो रहे हैं जब एक नया नॉर्मल पूरी तरह से बन चुका है, एक ऐसा दौर जो हाई लेवल की ऑपरेशनल तैयारी से पहचाना जाता है।

कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड

बता दें कि भारतीय वायु सेना की अलग-अलग ब्रांचों के फ्लाइट कैडेट्स की प्री-कमीशनिंग ट्रेनिंग के सफल पूरा होने पर एयर फोर्स एकेडमी, डुंडीगल, हैदराबाद में एक कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड आयोजित की गई।

पंकज चौधरी बने यूपी भाजपा अध्यक्ष, योगी सहित कई दिग्गज बने प्रस्तावक

■ योगी के गढ़ से विपक्ष के पीडीए दांव की काट

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी में उत्तर प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया के तहत केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज चौधरी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हो गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को नामांकन की अंतिम समय-सीमा दोपहर 3 बजे तक थी, लेकिन तय समय तक पंकज चौधरी के अलावा किसी अन्य नेता ने नामांकन दाखिल नहीं किया। इसके चलते उनका निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है, हालांकि औपचारिक घोषणा अभी बाकी है।

पंकज चौधरी के नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके प्रस्तावक बने। उनके अलावा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद स्मृति ईरानी, प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, सुरेश खन्ना और बेबी रानी मौर्य ने भी प्रस्तावक के रूप में समर्थन दिया।

पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश की महाराजगंज लोकसभा सीट से सात बार सांसद चुने जा चुके हैं। वर्तमान में वे केंद्र सरकार में वित्त राज्य मंत्री के पद पर कार्यरत हैं। उनका जन्म 20 नवंबर 1964 को गोरखपुर में हुआ था। कुर्मी समुदाय से आने वाले पंकज चौधरी का परिवार भी राजनीतिक पृष्ठभूमि से जुड़ा रहा है। उनकी माता उज्ज्वल चौधरी महाराजगंज जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, संगठनात्मक अनुभव और लंबे राजनीतिक सफर को देखते हुए पंकज चौधरी का निर्विरोध चयन भाजपा की रणनीतिक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। औपचारिक घोषणा के बाद उनके कार्यभार संभालने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

कौन हैं पंकज चौधरी?

कुर्मी बिरादरी से आने वाले पंकज सात बार के सांसद हैं और गोरखपुर के रहने वाले हैं। गौरतलब है कि इसी क्षेत्र से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हैं। पंकज चौधरी अमित शाह के करीबी माने जाते हैं। ये वही पंकज चौधरी हैं, जिनके घर एक बार 200 मीटर पैदल चलकर पीएम मोदी गए थे। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा का भी नाम चर्चा में है था। वह राज्यसभा सदस्य हैं और लोध बिरादरी से आते हैं। इसके अलावा राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य व साध्वी निरंजन ज्योति का भी नाम चल रहा था। दलित चेहरों में विनोद सोनकर, विद्या सागर सोनकर व जुगल किशोर का नाम भी रेस में था। पंकज चौधरी के प्रस्तावकों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री कैशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, स्मृति ईरानी,स्वतंत्र देव सिंह,सूर्य प्रताप शाही, ए के शर्मा, कमलेश पासवान असीम अरुण, सुरेश कुमार खन्ना व बेबी रानी मौर्य हैं।

इंडिगो का बड़ा फैसला, एयरपोर्ट पर फंसे यात्रियों को मिलेगा 500 करोड़ से अधिक का रिफंड

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो अपने यात्रियों को मुआवजा देने की घोषणा की है। इंडिगो उन सभी यात्रियों को मुआवजा राशि देगी, जो 3, 4 और 5 दिसंबर को उड़ान रद होने या अधिक देरी होने से एयरपोर्ट पर फंसे रहे। इंडियो द्वारा यात्रियों को 500 करोड़ से अधिक का मुआवजा दिया जाएगा।

इंडिगो एयरलाइन ने स्पष्ट किया कि वह 3, 4 और 5 दिसंबर की उन सभी प्रभावित उड़ानों की पहचान कर रही है। इसके बाद जनवरी 2026 से यात्रियों से सीधे संपर्क करके रिफंड व मुआवजा प्रक्रिया शुरू करेगी। इंडिगो ने इसे पारदर्शी, आसान और परेशानी-मुक्त बनाने का वादा किया है।

शुक्रवार को - पर एयरलाइन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि हमारा लक्ष्य इस प्रक्रिया (रिफंड की) को आपके लिए यथासंभव पारदर्शी, आसान और परेशानी मुक्त बनाना है। हम उन ग्राहकों को 500 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा प्रदान करेंगे, जिनकी उड़ानें प्रस्थान समय से 24 घंटे के भीतर रद कर दी गईं या कछ ऐसे ग्राहक जो एयरपोर्ट पर लंबे समय तक फंसे हुए थे।

एयरलाइन ने कहा कि वह उन उड़ानों की पहचान करने की प्रक्रिया में है जिनमें 3, 4 और 5 दिसंबर को यात्रियों को भारी परेशानी हुई और वे हवाई अड्डों पर फंसे रह गए। एयरलाइन जनवरी में ऐसे सभी यात्रियों से संपर्क करेगी ताकि उन्हें आसानी से मुआवजा दिया जा सके। एयरलाइन ने शीघ्र रिफंड जारी करने की बात कही है।

इंडिगो ने - पर कहा कि दिसंबर 2025 तक हमारा प्राथमिक ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि प्रभावित ग्राहकों के सभी रिफंड कुशलतापूर्वक, शीघ्रता से और अत्यंत तत्परता के साथ भेजे जाएंगे। इनमें से अधिकांश पहले ही पूरे हो चुके हैं और शेष जल्द ही दिखाई देंगे।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत : सीईए नागेश्वरन

नई दिल्ली(आईएएनएस)। पूरी दुनिया में आर्थिक अनिश्चितता के माहौल के बावजूद भारत एक मजबूत और भरोसेमंद अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने शनिवार को बीएसई के एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि भारत करीब 6.5 प्रतिशत की मजबूत ग्रोथ रेट, बेहतर वित्तीय स्थिति, मजबूत घरेलू मांग और लगातार हो रहे संरचनात्मक सुधारों के दम पर आगे बढ़ रहा है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंजके एक कार्यक्रम में बोलते हुए नागेश्वरन ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था लंबी अवधि में टिकाऊ विकास के लिए अच्छी स्थिति में है। तकनीक का बढ़ता इस्तेमाल, बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास और भारत की युवा आबादी देश की आर्थिक गति को बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस मौके पर बीएसई इंडिया के एमडी और सीईओ सुंदररामन राममूर्ति ने भी भारत की आर्थिक मजबूती और कैपिटल मार्केट यानी पूंजी बाजार की ताकत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सरकार के सकारात्मक और दूरदर्शी फैसलों से देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत हुई है और निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

एसबीआई ने लोन से लेकर एफडी पर घटाई ब्याज दरें

नई दिल्ली(आईएएनएस)। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफइंडिया (एसबीआई) ने लोन से लेकर फिक्स्ड डिपॉजिट्स (एफडी) पर ब्याज दरों को घटा दिया है। नई दरें सोमवार से लागू होंगी। एसबीआई की ओर से यह फैसला ऐसे समय पर लिया गया है जब इस महीने की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रेपो रेट को 25 आधार अंक 5.50 प्रतिशत से घटाकर 5.25 प्रतिशत कर दिया है। एसबीआई की ओर से मर्जिन कास्ट ऑफफंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट्स (एमसीएलआर) को 5 आधार अंक या 0.05 प्रतिशत कम किया गया है। यह वह दर होती है, जिस आधार पर बैंक लोन की ब्याज दर तय करते हैं। इसके कम होने का असर सभी प्रकार के लोन की ब्याज दरों पर पड़ता है।

श्रीलंका के सामने नहीं टिकी नेपाल, 8 विकेट से हारी

दुबई (आईएएनएस)। अंडर-19 एशिया कप में नेपाल क्रिकेट टीम को श्रीलंका के खिलाफकरारी हार का सामना करना पड़ा है। श्रीलंका ने लो स्कोरिंग रहे इस मैच में एकतरफा जीत दर्ज की। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। सेठमिका सेनेविरत्ने की घातक गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने नेपाल को महज 28.5 ओवर में 82 रन पर समेट दिया। किब्रिन श्रेष्ठ 18 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। 9 बल्लेबाज दो अंकों में नहीं पहुंच सके। नेपाल का स्कोर और भी कम होता, अगर श्रीलंका की तरफसे अतिरिक्त के रूप में 19 रन खर्च नहीं किए गए होते। सेठमिका सेनेविरत्ने नेपाल के लिए बेहद घातक साबित हुए। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 9.5 ओवर में 25 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्हें विकेट मिलता देख श्रीलंकाई कप्तान ने उनके ओवर नहीं रोके। नेपाल की पारी के कुल 28.5 ओवर में 9.5 ओवर सेनेविरत्ने ने फेंके। रसिथ निमारा, विग्नेश्वरन आकाश, दुलनिथ सिगेरा और चमिका हिनाटिगाला ने 1-1 विकेट लिए। 83 रन का लक्ष्य श्रीलंका के लिए किसी भी तरह से मुश्किल नहीं था और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से इसे साबित भी किया। श्रीलंका ने मात्र 14.5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाकर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज दिमंथा महाविथान ने 49 गेंद पर नाबाद 39 रन की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 1 छक्का और 3 चौके निकले। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे कविजा गामेज 29 गेंद पर 24 रन बनाकर नाबाद रहे।

दूसरे शुक्रवार 'धुरंधर' ने तोड़ा 'पुष्पा 2' और 'छावा' का रिकॉर्ड, बॉक्स ऑफिस पर सेट किया बेंचमार्क

मुंबई। भारतीय बॉक्स ऑफिस इन दिनों जिस फिल्म की सबसे ज्यादा चर्चा है, वो है 'धुरंधर'। रिलीज के दूसरे हफ्ते में पहुंचते-पहुंचते इस फिल्म ने ऐसे आंकड़े छू लिए हैं, जिनकी कल्पना ट्रेड पंडितों ने भी नहीं की थी। दूसरे शुक्रवार को 'धुरंधर' ने न सिर्फ अपनी पकड़ मजबूत की, बल्कि हिंदी सिनेमा की कुछ सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के रिकॉर्ड भी ध्वस्त कर दिए। आमतौर पर फिल्मों की रफ्तार दूसरे हफ्ते में धीमी पड़ जाती है, लेकिन 'धुरंधर' इस चलन को पूरी तरह नकारती नजर आ रही है। दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने करीब 34.70 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर डाला। यह आंकड़ा अपने आप में इसलिए ऐतिहासिक है, क्योंकि इसी दिन के कलेक्शन में इसने 'पुष्पा 2', 'छावा', 'एनिमल', 'गदर 2' और 'बाहुबली 2' जैसी दिग्गज फिल्मों को पीछे छोड़ दिया।

'पुष्पा 2'-'छावा' जैसी फिल्मों का तोड़ा रिकॉर्ड

अगर तुलना करें तो दूसरे शुक्रवार को जहां 'पुष्पा 2' का हिंदी कलेक्शन लगभग 27 करोड़ के आसपास रहा, वहीं 'छावा' और 'एनिमल' भी 25 करोड़ के आंकड़े को पार नहीं कर सकीं।

मलयालम फिल्म को केरल हाईकोर्ट से मिली हरी झंडी

मलयालम सिनेमा की चर्चित फिल्म 'हाल' को आखिरकार केरल हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। लंबे समय से कानूनी विवादों में घिरी इस फिल्म के खिलाफदाखिल अपीलों को खारिज करते हुए अदालत ने इसकी रिलीज का रास्ता साफकर दिया है। डिवीजन बेंच ने इससे पहले आए सिंगल जज के फैसले को बरकरार रखते हुए साफकिया कि फिल्म को लेकर लगाए गए कई आपत्तियां जरूरी नहीं थीं। दरअसल, 'हाल' की रिलीज से पहले कुछ संगठनों और केंद्र सरकार की ओर से सर्टिफिकेशन को लेकर आपत्ति जताई गई थी। फिल्म के कंटेंट पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और अंतरधार्मिक संबंधों को गलत तरीके से पेश करने के आरोप लगाए गए। खास तौर पर यह कहा गया कि फिल्म में जबरन धर्म परिवर्तन जैसे संकेत दिए गए हैं और एक बिशप के किरदार को ऐसे दिखाया गया है, जो उनके सार्वजनिक बयानों से मेल नहीं खाता।

स्वास्थ्य मंत्री ने नेशनल होम्योपैथिक सेमिनार का किया शुभारंभ

देश भर से आए विशेषज्ञ कैंसर तथा अन्य बीमारियों के उपचार पर करेंगे दो दिनों तक मंथन

रायपुर/नवप्रदेश। होम्योपैथिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन रायपुर द्वारा आयोजित द्वितीय नेशनल होम्योपैथिक सेमिनार का आयोजन 13 से 14 दिसंबर तक रायपुर में किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शनिवार को इस सेमिनार का शुभारंभ किया।

सेमिनार में होम्योपैथी के माध्यम से कैंसर उपचार की संभावनाओं सहित विभिन्न विषयों पर दो दिनों तक गहन चर्चा होगी। कार्यक्रम में डायरेक्टर आयुष सुश्री संतन देवी जांगड़े, आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.के. पात्रे, एम.ए.आर.बी.एच. के प्रेसिडेंट डॉ. आनंद चतुर्वेदी, रजिस्ट्रार आयुष डॉ. संजय शुक्ला, डॉ. विजय शंकर मिश्र, डॉ. जे. पी. शर्मा सहित प्रदेश और देश के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक एवं विशेषज्ञ शामिल हुए।

नेचुरोपैथी कॉलेज खोलने की तैयारी: रायपुर में योग एवं नेचुरोपैथी कॉलेज खोला जा रहा है। साथ ही नव रायपुर में 5 हजार बेड की मेडिसिटी स्थापित करने की योजना पर भी कार्य चल रहा है। सरकार का उद्देश्य लोगों का विश्वास जीतना है और सभी चिकित्सा पद्धतियों को समान महत्व दिया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी का भविष्य उज्ज्वल है। सरकार आपके सुझावों को सुनेगी और उन्हें लागू करने का हरसंभव प्रयास करेगी।

क्या कहा स्वास्थ्य मंत्री ने?

सेमिनार को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में होम्योपैथी का भविष्य में बड़ा योगदान होने वाला है। अनुभव और ज्ञान से ही मनुष्य ताकतवर बनता है, इसलिए होम्योपैथी के युवा चिकित्सकों को अपने वरिष्ठ और अनुभवी चिकित्सकों से सीख लेकर इस विद्या को आगे बढ़ाना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़े केंद्र के रूप में उभर रहा है। पहले लोग इलाज के लिए राज्य से बाहर जाते थे, लेकिन अब प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर लोगों का भरोसा बढ़ा है। आसपास के राज्यों से भी मरीज इलाज के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। यहां मेडिकल टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं और रायपुर विश्व की टॉप 10 संभावनाशील शहरों में शामिल हो रहा है।

न्यूज गैलरी

बिजली विभाग के वाहन ने 4 साल के मासूम को कुचला

खैरागढ़/नवप्रदेश। छुईखदान ब्लॉक के ग्राम कुटेलीखुर्द में शुक्रवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक और आक्रोश से भर दिया। बिजली विभाग की तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने सड़क किनारे खेल रहे 4 वर्षीय मासूम दीपांशु पिता भगवती को बेरहमी से कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को परिजन अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस हादसे के बाद गांव में तनाव फैल गया और घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए तथा आरोपी चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे।

गंडई में पकड़ाया अवैध धान 491 कट्टा ट्रक सहित जब्त

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला प्रशासन ने अवैध धान भंडारण और खरीदी में खपाने की कोशिशों पर रोक लगाने के लिए गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे के नेतृत्व में गंडई क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए कुल 491 कट्टा धान जब्त किया गया। यह धान बिना वैध दस्तावेजों के गंडई में उतारा जा रहा था। सूचना के आधार पर टीम ने पिनेश देवांगन के गोदाम में दबिश दी। मौके पर एक ट्रक से धान उतारा जा रहा था जिसे प्रशासन ने तुरंत रोक कर ट्रक सहित पूरा माल जब्त कर लिया। कृषि उपज मंडी गंडई के अधिकारियों ने जांच में पाया कि धान राजनांदगांव से लाकर गंडई में डंप किया जा रहा था और इसे खरीदी केंद्रों में खपाने की तैयारी थी। कुल 491 कट्टा धान बरामद किया गया। गोदाम संचालक और ट्रक चालक किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए, जिसके बाद मंडी अधिनियम के तहत धान जप्त कर लिया गया। प्रशासन के अनुसार पकड़े गए धान की कुल मात्रा 196.4 क्विंटल है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4 लाख 70 हजार रुपये आंकी गई है। जब्त ट्रक को आगे की कार्रवाई हेतु थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने कहा है कि फर्जी और अवैध धान खपाने के प्रयासों पर सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

50 लाख की धोखाधड़ी के आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। लोगों से पैसा जमा करा कर लगभग 50 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को नेवई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि एमसीएक्स कंपनी द्वारा प्रतिमाह 3 से 7 प्रतिशत लाभांश देने का झांसा देकर राशि इन्वेस्ट कराकर फर्जी बॉन्ड पेपर देकर अपने खाते में छलपूर्वक 49,50,000 रुपए जमा करा कर धोखाधड़ी किए थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रकाश चंद्र पाढी 25 सितंबर को संबलपुर से गिरफ्तार कर जेएमएफसी न्यायालय दुर्ग में पेश किया गया है जो वर्तमान में केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध है। इस प्रकरण में अन्य आरोपी संतोष कुमार आचार्य निवासी ग्राम भानु पाली जिला संबलपुर उड़ीसा को गिरफ्तार किया गया है। संतोष कुमार आचार्य सर्किल जेल संबलपुर में निरुद्ध था जिसे न्यायालय के आदेश अनुसार सर्किल जेल संबलपुर से आरोपी को दुर्ग लाया जाकर विधिवत गिरफ्तार किया गया और उसे न्यायालय दुर्ग में पेश किया गया है।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। ट्रक पर चढ़ते समय चालक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र की है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि गिरहोला नंदिनी निवासी सुरेश कुमार ट्रक चालक है। गुरुवार को गायत्री पैलेस के सामने गोयल इंफ्रा कंपनी के गेट के पास खड़े फ्लाई एश से भरे ट्रक पर चढ़ते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में सुरेश आ गया। करंट लगते ही सुरेश जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर जेवरा सिरसा पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में सुरेश को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां आईसीयू में बेड नहीं होने से उसे शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रक हाईटेंशन लाइन के ठीक नीचे खड़ा था। सुरेश किसी काम से उस पर चढ़ा ही था कि अचानक उसका हाथ तार से संपर्क में आ गया। यह ट्रक राजीव कुमार श्रीवास्तव की है। चालक के शव को पीएम के लिए मरचूरी में भेजा गया है। ट्रक चालक की मौत को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

भुवनेश्वर-एलटीटी व एलटीटी-संबलपुर के बीच स्पेशल ट्रेन

रायपुर/नवप्रदेश। रेल यात्रियों को भुवनेश्वर-एलटीटी और एलटीटी-संबलपुर के बीच स्पेशल ट्रेन की सुविधा मिलेगी। 14 दिसंबर को गाड़ी संख्या 08401 भुवनेश्वर से एलटीटी के लिए 23:00 बजे छूटेगी और यह ट्रेन संबलपुर, टिटलागढ़, कांटाबाजी व महासमुंद होते हुए अगले दिन रायपुर स्टेशन पर 12:55 बजे, दुर्ग 14.00 बजे, नागपुर 18:20 बजे तथा अगले दिन 8:00 बजे एलटीटी (लोकमान्य तिलक टर्मिनस) पहुंचेगी। रेलवे के मुताबिक वापसी में यह गाड़ी संख्या 08402 एलटीटी (लोकमान्य तिलक टर्मिनस) से संबलपुर के लिए 16 दिसंबर को 11:00 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन भुसावल, नागपुर व गोंदिया होते हुए दुर्ग स्टेशन पर 06:00 बजे, रायपुर स्टेशन पर 07:00 बजे तथा महासमुंद, कांटाबाजी के रास्ते होते हुए संबलपुर अगले दिन 15:30 बजे पहुंचेगी।

अब जमीन डायवर्सन के लिए नहीं लगाने होंगे दफ्तरों के चक्कर, प्रक्रिया आनलाइन

भूमि स्वामी को सरकारी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जमीनों के डायवर्सन की प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन होने जा रही है। इसके लागू होने के बाद गांव से लेकर शहर तक किसानों और भूमि स्वामियों को एसडीएम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। राज्य सरकार ने इसके लिए नई व्यवस्था का प्रस्ताव तैयार कर दिया है, जिस पर दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी होते ही इसे लागू किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत जमीन का डायवर्सन कराने के लिए भूमि स्वामी को सरकारी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ क्षेत्र के अनुसार तय भू-राजस्व और प्रीमियम दर का ऑनलाइन भुगतान भी करना होगा। आवेदन संबंधित जिले के एसडीएम के पास ऑनलाइन ही पहुंचेगा। नियम के मुताबिक एसडीएम को 15 दिनों के भीतर डायवर्सन आदेश जारी करना अनिवार्य होगा। यदि तय समय में आदेश जारी नहीं किया गया, तो 16वें दिन ऑटोमेटिक सिस्टम से आदेश जारी होकर डायवर्सन स्वतः मान्य हो जाएगा।

15 दिन का समय दावा-आपत्ति के लिए

राज्य सरकार ने डायवर्सन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निधारण) नियम 2025 तैयार किया है। इस पर 15 दिनों तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद नियमों को लागू कर दिया जाएगा।

एसडीएम दफ्तर के चक्कर से मिलेगी राहत

अब तक डायवर्सन की प्रक्रिया लंबी और जटिल मानी जाती थी। आवेदन के बाद एसडीएम को आदेश जारी करने के लिए 60 दिन तक का समय मिलता था, फिर भी लोगों को बार-बार कार्यालय जाना पड़ता था। इसी कारण राज्य में डायवर्सन के हजारों प्रकरण लंबित हैं। नई ऑनलाइन व्यवस्था से न सिर्फ लंबित मामलों में कमी आएगी, बल्कि अघोषित लेन-देन पर भी रोक लगने की उम्मीद है।

प्रीमियम दरें होंगी लागू

नए सिस्टम में डायवर्सन के लिए प्रीमियम दरें तय की गई हैं, जो लगभग 3 रुपए प्रति वर्गमीटर से लेकर 25 रुपए प्रति वर्गमीटर तक होंगी। ये दरें नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग-अलग होंगी। साथ ही आवासीय, कॉलोनी परियोजना, वाणिज्यिक, औद्योगिक, मिश्रित उपयोग, सार्वजनिक, संस्थागत, चिकित्सा सुविधाएं और विशेष आर्थिक क्षेत्र के अनुसार भी अलग-अलग प्रीमियम दरें लागू होंगी। सरकार का दावा है कि इस नई ऑनलाइन व्यवस्था से डायवर्सन प्रक्रिया पारदर्शी, समयबद्ध और आसान हो जाएगी।

श्रमिक की मौत, बीएसपी के 2 अधिकारी और ठेकेदार गिरफ्तार

भिलाईनगर/नवप्रदेश। ढाई साल पूर्व बीएससी में हादसे में एक ठेका श्रमिक की मौत हो गई थी। इस मामले में भिलाई भट्ठी पुलिस ने मुख्य महाप्रबंधक, शिफ्ट इंचार्ज यांत्रिकी एवं मारूति कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। भट्ठी थाना प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि 25 अप्रैल 2023 को थाना भिलाई भट्ठी में सूचना मिली कि भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस 02 कंटिन्यूअस कास्टिंग शॉप कास्टर नंबर 06 में इक्यूपमेंट कूलिंग पाइप लाइन को बदलने के लिए पाइप को शिफ्टिंग के दौरान ज्वनशील पदार्थ में आग लगने से वहां पर कार्य कर रहे ठेका श्रमिक राजू तांडी, रमेश मौर्य, अमित सिंह एवं रंजीत सिंह आग से जल जाने से उपचार के लिए सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसमें रंजीत सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। जांच दौरान उक्त प्राणांतक दुर्घटना में भिलाई इस्पात संयंत्र कारखाना प्रबंधन एवं मारूति कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार की घोर लापरवाही और उपेक्षापूर्ण कार्य कराये जाने से घटना होना पाये जाने पर थाना भिलाई भट्ठी में धारा 304 ए, 285 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना किया गया।

10 लाख रुपए के इनामी दो हार्डकोर माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

■ **गरियाबंद में नक्सलवाद को बड़ा लगा झटका**

गरियाबंद/नवप्रदेश। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के डीजीएन डिवीजन में सक्रिय दो हार्डकोर माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ते हुए आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले दोनों माओवादी 5-5 लाख रुपये के इनामी थे, जिन पर कुल 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

आत्मसमर्पण करने वालों में एसडीके एरिया कमेटी सदस्य संतोष उर्फ लालपवन तथा सीनापाली एरिया कमेटी सदस्य मंजू उर्फ नंदे शामिल हैं। दोनों माओवादी लंबे समय से गरियाबंद एवं ओडिशा सीमा क्षेत्र में सक्रिय थे और कई नक्सली घटनाओं में उनकी संलिप्तता रही है।

संतोष उर्फ लालपवन बीजापुर जिले के आवापल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बण्डरपाली का निवासी है। वह वर्ष 2005 में माओवादी संगठन से जुड़ा और प्लाटून कमांडर से लेकर एरिया कमेटी सदस्य तक विभिन्न जिम्मेदारियां निभाता रहा। गरियाबंद क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए वह आईईडी ब्लास्ट, पुलिस मुठभेड़ों और विकास कार्यों में आगजनी जैसी गंभीर घटनाओं में शामिल रहा। वर्ष 2018 से 2025 के बीच हुई कई बड़ी नक्सली घटनाओं में उसकी भूमिका रही है। मंजू उर्फ नंदे सुकमा जिले की रहने वाली है, जो वर्ष 2002 से नक्सली संगठन से जुड़ी थी। उसने बाल संगठन से लेकर एलओएस, सीएनएम और सिविल ड्रेस संगठन में कार्य किया।

मैट्रिमोनी साइट के जरिये संपर्क कर महिला आरक्षक से रेप-ब्लैकमेल!

■ **दिल्ली के युवक के खिलाफ एफआईआर, आरोपी की गिरफ्तारी नहीं**

रायपुर/नवप्रदेश। पुरानीबस्ती पुलिस ने एक महिला आरक्षक से मैट्रिमोनी साइट शादी डॉट कॉम के जरिये संपर्क करके जान-पहचान बढ़ाने और इसके बाद अंतरंग तस्वीरें लेकर ब्लैकमेल तथा रेप करने के आरोप में दिल्ली निवासी एक आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

अभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि मोबाइल से बातचीत होने के बाद आरोपी ने रायपुर आकर घनिष्ठता बढ़ाई। तीन-चार महीने में आरोपी करीब चार लाख रुपए महिला आरक्षक से वसूल कर चुका है। बार-बार हो रही रुपए की मांग से तंग आकर पीड़िता पुलिस के पास पहुंची। सीएसपी पुरानीबस्ती राजेश देवांगन के मुताबिक पीड़िता विडो है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर संपर्क बढ़ाया था।

नाबालिग की रचाई शादी, दूल्हे व रिश्तेदारों पर एफआईआर: टिकरापारा पुलिस ने एक नाबालिग से शादी करने और करवाने वाले दूल्हे और परिजनों पर जुर्म दर्ज किया है। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपियों के फरार होने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने अभी आरोपियों व प्रकरण की पूरी जानकारी नहीं दी है।

युवती को दी अश्लील तस्वीरें वायरल करने की धमकी, मांगे रुपए, जुर्म दर्ज

पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर मोबाइल फोन नंबर के आधार पर एक आरोपी के खिलाफ अश्लील तस्वीरें वायरल करने की धमकी देने और गालीगलौज करते हुए रुपए की मांग करने के मामले में जुर्म दर्ज किया है। आरोपी का नाम-पता अभी सामने नहीं आया है। टिकरापारा पुलिस ने धारा 308, 79 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मामले की शिकायत धमतरी इलाके के मगरलोड थाने में की गई थी। पुलिस ने वहां से शून्य में केस रजिस्टर करके प्रकरण को रायपुर भेजा। अब यहां से कार्रवाई जारी है।

पीड़िता के परिवार को 4 लाख रुपए देने का आदेश

बालिका से दुष्कर्म की कोशिश, 20 साल की कठोर कैद

रायपुर/नवप्रदेश। पांच वर्ष की बालिका से बलात्कार की कोशिश के जुर्म में गिरफ्तार आरोपी को आरोप सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश ने 20 साल कठोर आजीवन कारावास और 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड भुगतान न करने पर अतिरिक्त 3 माह का कठोर कारावास का प्रावधान है।

वहीं पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2018 के तहत पीड़िता के परिवार को 4 लाख रुपए देने का आदेश दिया है। इस मामले में अंतिम सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो विनय कुमार प्रधान की कोर्ट में पूर्ण हुई। विशेष लोक अभियोजक विमला ताण्डी ने कोर्ट को बताया कि पीड़िता पड़ोस में ही नानी के घर गई थी। रिश्तेदार के अन्य बच्चों के साथ घर लौट रही थी, तभी रायपुर निवासी आरोपी गोकुल तांडी 6 सितंबर 2022 को मिठाई खिलाने के बहाने अपने घर लेकर चला गया। अकेले होने का फायदा उठाते हुए उसने पीड़िता के साथ बलात्कार की कोशिश की। इस घटना की पूरी जानकारी उसने रिश्तेदार की एक लड़की को दी, तो मामले का खुलासा हुआ।

पुलिस ने घटनास्थल पर मिले साक्ष्य और आरोपी के बयान कोर्ट में पेश किये। अभियोजक द्वारा कोर्ट से निवेदन किया गया कि अभियुक्त ने गंभीर अपराध किया है। अधिकतम दंड से दंडित किया जाए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद साक्ष्य और सबूतों के आधार पर अभियुक्त को 20 साल कठोर आजीवन कारावास और 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

छेड़छाड़ के आरोपी को तीन वर्ष सश्रम कारावास

नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के जुर्म में गिरफ्तार आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो विनय कुमार प्रधान ने तीन वर्ष कठोर कारावास और 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्रतिकर राशि के तहत पीड़िता के परिवार को एक लाख रुपए देने का आदेश दिया है। विशेष लोक अभियोजक

विमला ताण्डी ने कोर्ट को बताया कि अभियुक्त भुजबले ध्रुवे ने 13 जून 2023 को नाबालिग लड़की को पकड़कर गलत हरकत की। किसी को बताने पर धमकी देते हुए चला गया। बड़ी बहन को शिकायत पर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 3 साल कठोर कारावास और 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

मवेशियों की तस्करी 3 आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पिकअप वाहन में ठूंस-ठूंस कर भरकर तीन मवेशियों की तस्करी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि छुरिया की ओर से पिकअप वाहन में मवेशियों को बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक भरकर परिवहन करते कत्लखाना नागपुर की ओर ले जा रहा है। इस सूचना पर छुरिया मोड के पास नाकाबंदी किया। नाकाबंदी के दौरान छुरिया की ओर से एक पिकअप वाहन आते दिखी, जिसे रोककर चेक किया। उक्त पिकअप के अंदर देखे तो भैंस ठूंस-ठूंस कर भरा हुआ था। चारा-पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com